3 राजधानी
विकासपुरी में बनेगा विश्व स्तरीय कल्चरल सेंटर

6 अभिमत
वन्यजीव प्रबंधन का नया दृष्टिकोण

10 विदेश
बम विस्फोट में रूसी सैन्य ब्लॉगर की मौत

11 राष्ट्रीय
भारत में 3641 नए मामले, 11 की मौत



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 148
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अक्षर ऊपरी क्रम पर उतर सकता है : गांगुली

स्पोर्ट्स-12

# मानहानि मामले में राहुल को जमानत



सूरत में सोमवार को अदालत परिसर में लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी

## ● दोषसिद्धि पर रोक के लिए 13 को होगी सुनवाई

**एजेंसी।** सूरत

**गुजरात** में सूरत की सत्र अदालत ने मानहानि के मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सोमवार को जमानत दे दी। बचाव पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। गांधी को मोदी उपनाम के संदर्भ में उनकी 2019 की टिप्पणी के लिए निचली अदालत ने दो साल की जेल की सजा सुनाई थी। पिछले महीने सजा सुनाए जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए गए गांधी (52) अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर पी मोगेरा की अदालत में उपस्थित हुए, जिसने 15,000 रुपए के मुचलके पर उनकी अपील के निपटारे तक जमानत दे दी। अदालत ने मामले में शिकायतकर्ता–भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी को दोषसिद्धि के निलंबन के लिए गांधी की अर्जी पर एक नोटिस जारी किया। अदालत दोषसिद्धि और सजा के निलंबन के लिए गांधी की अर्जी पर 13 अप्रैल को सुनवाई करेगी। (शेष पेज 9)

### कोर्ट के समक्ष राहुल का शक्ति प्रदर्शन गलत: भाजपा

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को आपराधिक मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर करने के दौरान सूरत में कांग्रेस नेताओं के जमावड़े को अदालत के समक्ष उसका शक्ति प्रदर्शन करार दिया और आरोप लगाया कि यह उसके अहंकार को दर्शाता है। भाजपा ने कांग्रेस के इस रवैए को नैतिक और संवैधानिक रूप से भी गलत बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश के लिए लड़ रहे हैं और ऐसे में पार्टी के नेता उनके समर्थन के लिए सूरत पहुंच रहे हैं तथा यह कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं है। सत्र अदालत में अपील दायर करने के दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के मौजूद रहने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सवाल किया कि क्या यह उनके अहंकार का प्रदर्शन है। (शेष पेज 9)

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में न हिचकें अफसर

## ● सीबीआई के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री, भ्रष्टाचार लोकतंत्र और न्याय की राह में सबसे बड़ा रोड़ा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए आज राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। इसलिए अधिकारी बगैर हिचकिचाहट के भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें, चाहें वे कितने भी ताकतवर क्यों न हों। उन्होंने भ्रष्टाचार को लोकतंत्र और न्याय की राह में सबसे बड़ा रोड़ा करार दिया और कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्रमुख जिम्मेदारी भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त कराना है। सीबीआई के हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले छह दशकों में यह एजेंसी सत्य और न्याय के मानक के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश और इसके नागरिकों की इच्छा है कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को दशकों तक भ्रष्टाचार से लाभ हुआ, उन्होंने एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है, जो जांच एजेंसियों पर हमला करता है, लेकिन एजेंसियों को भ्रष्टों की शक्ति और उन्हें कलंकित करने के लिए उनके बारे में फैलाई गई कहानियों से विचलित नहीं होना चाहिए। अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये (भ्रष्ट) लोग आपका ध्यान भटकाते रहेंगे, लेकिन आपको अपने काम पर ध्यान देना होगा। किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हमारे प्रयासों में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। यह देश की इच्छा है, यह देश के लोगों की इच्छा है। देश, कानून और संविधान आपके साथ है। मोदी ने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। सीबीआई को कहीं भी हिचकने, कहीं रुकने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, अड़चनें पैदा करने वाले भी बढ़ रहे हैं। देश के सामाजिक ताने-बाने, एकता और भाईचारे के साथ ही उसके आर्थिक हितों व संस्थानों पर भी नित्य प्रहार बढ़ते चले जा रहे हैं। इसमें जाहिर तौर पर भ्रष्टाचार का पैसा लगता है। इसलिए हमें अपराध और भ्रष्टाचार की प्रकृति को समझना होगा और इसके कारणों का पता लगाने के लिए जड़ तक पहुंचना होगा।

मोदी ने कहा कि भारत को आजादी के समय भ्रष्टाचार की विरासत मिली। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि इसे दूर करने के बजाय कुछ लोग इस बीमारी को पोषित करते रहे। उन्होंने कहा कि ट्रिलियन डॉलर पर चर्चा इन दिनों मजबूत अर्थव्यवस्था को संदर्भित करती है, लेकिन एक दशक पहले जब सीबीआई ने अपनी स्वर्ण जयंती मनाई थी, तो ऐसे आंकड़ों का उपयोग देश में घोटालों का वर्णन करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि एक प्रतियोगिता चल रही थी कि कौन भ्रष्टाचार का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि घोटालों और दंडमुक्ति की मौजूदा भावना के कारण व्यवस्था ध्वस्त हो गई और नीतिगत पंगुता के माहौल ने विकास को एक ठहराव में ला दिया था। उन्होंने कहा कि इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई, पहले की फोन बैंकिंग की समस्या के बिल्कुल विपरीत है, जहां प्रभावशाली लोगों के फोन कॉल के आधार पर हजारों करोड़ रुपए के ऋण मंजूर किए जाते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लाभार्थी जनता का पैसा लेकर भाग गए। उन्होंने कहा कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम की वजह से अब तक भगोड़े अपराधियों की 20,000 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। उन्होंने सीबीआई से कहा कि वह भ्रष्टाचारियों के खिलाफ अपनी जांच में तेजी लाने के तरीके अपनाए, क्योंकि लंबित जांच भ्रष्टाचारियों को सुरक्षा प्रदान करती है, जबकि निर्दोष पीड़ित रहते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। सीबीआई ने अपने काम, कौशल से सामान्यजन को एक भरोसा दिया है। आज भी जब किसी को लगता है कि किसी मामले की गुत्थी सुलझ नहीं रही है, तो आवाज उठती है कि मामला सीबीआई को दे देना चाहिए। भ्रष्टाचार को प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए मोदी ने कहा कि यह भाई-भतीजावाद और परिवारवाद को प्रोत्साहित करता है।

सीबीआई के हीरक जयंती समारोह वर्ष पर प्रधानमंत्री ने एक डाक टिकट और विशेष सिक्का भी जारी किया तथा सीबीआई के ट्विटर हैंडल की भी शुरुआत की।

# विपक्षी नेताओं ने जातीय जनगणना की उठाई मांग

## ● द्रमुक नेता स्टालिन के मंच से अखिलेश यादव, गहलोत व तेजस्वी जैसे नेताओं ने की भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की पैरवी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में विपक्ष के प्रमुख नेताओं ने पूरे देश में जातीय जनगणना की मांग उठाई है। द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा स्थापित संगठन ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस (एआईएफएसजे) द्वारा आयोजित सम्मेलन में सोमवार को विपक्षी नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एकजुटता की पैरवी करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और पिछड़े एवं कमजोर वर्गों के विकास के लिए सबको साथ आना होगा। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल हुए। अधिकतर नेताओं ने डिजिटल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज शोषणकारी व्यवस्था की समाप्ति के लिए परस्पर विचार-विमर्श और संघर्ष की आवश्यकता है। समता, सम्पन्नता और सामाजिक न्याय की प्राप्ति के लिए सभी सशक्त शक्तियां संगठित हों।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि तमाम मुख्यमंत्रियों से आग्रह करूंगा कि जातीय जनगणना के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। कांग्रेस के महाधिवेशन में पारित प्रस्ताव में भी जातीय जनगणना का आह्वान किया गया था। उन्होंने कहा कि संसद के भीतर सामाजिक सुरक्षा बननी चाहिए और सभी दलों को इसका प्रयास करना चाहिए। (शेष पेज 9)

# चीन ने अरुणाचल के 11 और स्थानों के चीनी नाम जारी किए

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

**चीन** ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे पर फिर से जोर देने के मकसद से इस भारतीय राज्य के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षरों में नामों की तीसरी सूची जारी की है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए, जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट द्वारा जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार तिब्बत का दक्षिणी भाग जंगनान बताता है। चीनी सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल टाइम्स ने सोमवार को अपनी एक खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के आधिकारिक नाम जारी किए हैं, जिनमें दो भूमि क्षेत्रों, दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों और दो नदियों सहित सटीक निर्देशांक भी दिए गए हैं। इसके अलावा, स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की गई है।

# हुगली में निषेधाज्ञा जारी ममता की शांति की अपील

## ● तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप

**पीएनएस/एजेंसी।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को शांति की अपील की और हिंदू भाइयों से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा। हुगली जिले के घनी आबादी वाले दो शहरों रिसड़ा और श्रीरामपुर में रामनवमी के बाद हुई हिंसा के बाद से निषेधाज्ञा लागू है। बनर्जी ने पूर्वी मेदिनीपुर के खेजुरी में एक रैली को संबोधित करते हुए सवाल किया कि भगवान राम को समर्पित रामनवमी के त्योहार के कई दिन बाद भी शोभायात्रा क्यों निकाली जा रही है। उन्होंने दावा किया कि हिंसा भड़काने और तनाव पैदा करने का जानबूझकर प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा, रामनवमी के पांच दिन बाद तक शोभायात्रा क्यों निकाली जाएगी? यह त्योहार वाले दिन निकालें। हमें कोई आपत्ति नहीं.... लेकिन वे बंदूक और बमों के साथ या पुलिस से जरूरी अनुमति के बिना शोभायात्रा नहीं निकाल सकते। मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा, वे हिंसा भड़काने और तनाव उत्पन्न करने के लिए जानबूझकर अल्पसंख्यक इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में निषेधाज्ञा और इंटरनेट सेवाओं पर रोक सोमवार को भी जारी रही और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को रिसड़ा के औद्योगिक उपनगर में प्रवेश करने से रोक दिया गया।

पुलिस ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को रिसड़ा में निषेधाज्ञा लगे होने का हवाला देते हुए वहां जाने से रोक दिया, इस पर भाजपा की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया जताई गई। भाजपा नेता मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा, मुझे अपने घायल पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने नहीं दिया जा रहा है। पुलिस निषेधाज्ञा का हवाला दे रही है। पुलिस कम से कम महतो और मुझे प्रवेश करने की अनुमति दे सकती है। (शेष पेज 9)

# चलती ट्रेन में सहयात्रियों को लगाई आग, तीन मरे

## ● नौ यात्री झुलसे, दो वर्षीय बच्ची व महिला समेत तीन के शव रेल पटरियों पर मिले

## ● केरल पुलिस को संदिग्ध आरोपी नोएडा निवासी युवक की तलाश



रेल पटरियों पर आरोपी के थैले से मिले सामान की जांच करती टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**केरल** के कोझिकोड में रविवार को एक्सप्रेस ट्रेन में एक व्यक्ति ने यात्रियों पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इसमें कम से कम नौ यात्री झुलस गए। बाद में दो वर्षीय बच्ची समेत तीन लोगों के शव रेल पटरियों पर मिले। समझा जाता है कि आग से बचने के लिए चलती ट्रेन से कूदने के कारण इनकी मौत हुई। मामले में केरल पुलिस नोएडा के रहने वाले संदिग्ध आरोपी की तलाश कर रही है। केंद्रीय गृह एवं रेल मंत्रालय ने केरल सरकार से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन का ऐलान किया है।

सूत्रों के मुताबिक, रविवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर जब अलप्पुझा-कन्नूर एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस ट्रेन कोझिकोड शहर को पार करने के बाद कोरापुझा रेलवे पुल पर पहुंची, तो एक यात्री ने अचानक थैले से पेट्रोल की बोतल निकाल उसे यात्रियों पर छिड़क दिया और आग लगा दी। हंगामे के बीच चेन खींच कर ट्रेन को रोका गया तो आरोपी कूद कर फरार हो गया। शुरुआत में यह माना गया कि घटना आरोपी और एक अन्य यात्री के बीच झगड़े का परिणाम थी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों ने इससे इनकार किया है। केरल पुलिस और डिब्बे में मौजूद यात्रियों ने कहा कि आरोपी का किसी से कोई झगड़ा नहीं हुआ था। रेलवे पुलिस अधिकारी ने भी कहा कि यात्रियों में से किसी ने भी नहीं कहा कि उनका आरोपी के साथ कोई झगड़ा हुआ या बहस हुई थी। मामूली रूप से झुलसे घायल यात्रियों में से एक ने एक टीवी चैनल को बताया कि व्यक्ति बिना कुछ बोले या आवाज किए अचानक आया और उसने कई लोगों पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। हमलावर की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। लोगों ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी और घटना की सूचना पुलिस को दी। (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,106 ↑ 115 | |
| निफ्टी | 17,398 ↑ 38 | |
| सोना | 59,480 ↓ 270 | /10g |
| चांदी | 71,780 ↓ 320 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अब ईदगाह का सर्वे करेगी टीम, अमीन रिट जारी

**मथुरा।** मथुरा की स्थानीय अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद में मौके पर पहुंच कर मुआयने के लिए अमीन रिट जारी कर दी। मथुरा जनपद के सिविल जज सीनियर डिवीजन की फास्ट ट्रैक अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद मे अमीन रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद इस संबंध मे अपेक्षित कार्यवाही के लिए अमीन को आदेश पत्र जारी कर दिया। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि अमीन अब जल्द ही ईदगाह का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट अदालत को देंगे। इसके लिए उन्हें 17 अप्रैल तक का समय दिया गया है। इस मामले में वादी, हिन्दू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के पैरोकार शैलेश दुबे ने बताया कि इस प्रकरण मे सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) नीरज गौड़ ने 8 दिसंबर को दिए गए आदेश के अनुपालन के आदेश दिए थे।

# आईएम के भटकल व साथियों पर आरोप तय करने के आदेश

## ● अदालत ने कहा- वर्ष 2012 में सूरत शहर पर परमाणु बम से हमले की साजिश रच रहे थे प्रतिबंधित संगठन के आतंकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली की एक अदालत ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के सह संस्थापक यासीन भटकल और संगठन के कई अन्य सदस्यों पर वर्ष 2012 में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया है। अदालत ने रेखांकित किया कि भटकल सूरत शहर में परमाणु बम से हमले की योजना बना रहा था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भटकल के पास से जब्त उपकरण से कई वीडियो क्लिप मिले, जिनमें जिहाद के नाम पर गैर मुस्लिमों की हत्या को न्यायोचित ठहराने सहित अन्य आपत्तिजनक बातें थीं। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने बीते 31 मार्च को दिए गए आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य आरोपियों ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रची।

न्यायाधीश ने कहा कि भटकल के चैट से खुलासा हुआ कि वह सूरत से मुसलमानों को निकालने के बाद वहां परमाणु हमले की योजना बना रहा था। इस संबंध में चली लंबी बातचीत की सामग्री का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि भटकल और अन्य आरोपी न केवल पूर्व की आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल थे, बल्कि भविष्य की आतंकवादी घटनाओं की साजिश में भी संलिप्त थे। (शेष पेज 9)

# सरकार ने कैशलेस हज पर दिया जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने इस साल से कैशलेस हज पर जोर देने का फैसला किया है और इसी प्रयास के तहत हज यात्रियों को विदेशी मुद्रा के उपयोग के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक कार्ड मुहैया कराया जाएगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पहले की व्यवस्था के तहत हजयात्रियों को 2100 सऊदी रियाल (करीब 45 हजार रुपए) भारतीय हज समिति के पास जमा कराने होते थे जो उन्हें सऊदी अरब के मक्का और मदीना में खर्च करने के लिए उपलब्ध कराए जाते थे। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, अब हजयात्रियों को यह राशि हज समिति के पास जमा कराने की कोई जरूरत नहीं होगी। एसबीआई के माध्यम वे सीधे इस पैसे का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें एक फॉरेक्स कार्ड भी दिया जाएगा। ऐसे में उन्हें नकदी ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# अंत्येष्टि में गाय के गोबर से बने उपले प्रयोग हों: योगी

## ● कुल जलावन में 50 फीसदी उपलों का इस्तेमाल किया जाए, इनसे होने वाली आय गोशालाओं के प्रबंधन पर खर्च की जाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि शवदाह गृहों में इस्तेमाल होने वाली 50 फीसदी जलावन लकड़ी के स्थान पर गाय के गोबर से बने उपलों का इस्तेमाल किया जाए। इससे होने वाली आय का गोशालाओं के प्रबंधन में इस्तेमाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश और पशुओं के आश्रय स्थलों के प्रबंधन तथा राज्य में दुग्ध उत्पादन की मौजूदा स्थिति की समीक्षा के दौरान यह बात कही। आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि शवदाह स्थलों में इस्तेमाल होने वाली 50 फीसदी जलावन लकड़ी के स्थान पर गाय के गोबर से बने उपलों का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि गोबर के उपले गोशाला की निराश्रित गायों से मिलेंगे तथा उससे होने वाली आय का उपयोग के उनके प्रबंधन में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार निराश्रित गायों के संरक्षण और उनके चारे के प्रबंध के लिए जरूरी उपाय करें। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के चारे-भूसे के लिए भी जरूरी इंतजाम किए हैं। इस वक्त प्रदेश में संचालित 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थलों में 11 लाख 33 हजार से अधिक गोवंशीय जानवर रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इसी साल 20 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के तहत 1.23 लाख ऐसे पशु संरक्षित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश निराश्रित न हो।'

आदित्यनाथ ने कहा कि संभल, मथुरा, मिर्जापुर, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और फुर्खाबाद में सबसे ज्यादा संख्या में इन पशुओं को संरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी तरह निराश्रित गोवंशीय जानवरों का बेहतर प्रबंधन किया जाए। आदित्यनाथ ने कहा कि 1.77 लाख से ज्यादा गायों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तह आम लोगों को सौंपा जा चुका है। कुपोषित बच्चों के लिए दूध की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 3.598 गायों को न्यूट्रिशियन मिशन को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्ता पूर्ण दुध और उससे बने उत्पादों को आम जनता उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही राज्य की कोआपरेटिव दुग्ध सोसाइटियों से जुड़े डेयरी किसानों को बेहतर मूल्य दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# नोएडा में ओमिक्रॉन का एक्सबीबी.1 सब वैरिएंट सबसे ज्यादा सक्रिय

## जीनोम सिक्वेंसिंग की रिपोर्ट में कोरोना की नई लहर का मिला संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा में तेजी से बढ़ रहे कोविड केस के ओमिक्रॉन का सब वैरिएंट एक्सबीबी.1 जिम्मेदार है। हालिया मामलों के जीनोम एनालिसिस से यह बात सामने आई है।

नोएडा में अधिकांश मरीजों में ये सब वैरिएंट ही है। इसके अलावा एक्सबीबी.1.5, एक्सबीबी.2.3 सब वैरिएंट के मरीज भी हैं। एक्सबीबी.1 तेजी से संक्रमण को फैलाया है। इसकी रफ्तार पहले से 104 गुना तेज है। यदि सावधानी नहीं बरती तो ये कोरोना की नई लहर का रूप ले सकता है।

फेलिक्स अस्पताल के डॉक्टर डीके गुप्ता ने बताया कि ये नया वैरिएंट ओमिक्रॉन फैमिली का है। ये हमारी इम्यूनिटी को तोड़ सकता है और हमे आसानी से संक्रमित कर सकता है। ये म्यूटेशन भी कर सकता है। हालांकि घातक कम है। इसलिए लापरवाही नहीं बरती जाए। प्रदेश में भी इसी वैरिएंट के केस सबसे ज्यादा आ रहे है। इसके अलावा महाराष्ट्र और दिल्ली में भी एक्सबीबी और सब वैरिएंट एक्सबीबी.1 के मामले है। नोएडा में जेपी अस्पताल में भर्ती आठ मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से भेजे गए थे। इनमें पहले तीन सैंपल 27 मार्च और बाद के सभी सैंपल 30 मार्च को भेजे गए थे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक ये इन सभी मरीजों पर नजर बनी हुई है। नोएडा में कोरोना के मामले तेजी जो बढ़ रहे है। विगत 24 घंटे में यहां कोरोना के 9 नए केस सामने आए है। सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 133 हो गई है। इनमें से अधिकांश मरीजों असिंटोमैटिक है। जिनमें लक्षण कम या दिखाई ही नहीं दे रहे है। 8 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है।

ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग टेस्टिंग ट्रेसिंग ट्रीटमेंट और ट्रैकिंग पर काम कर रहा है। मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसारए नए सब वैरिएंट के लक्षण काफी हद तक ओमिक्रॉन के पिछले वैरिएंट्स जैसे ही हैं। तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द, सिर में दर्द, सर्दी जैसे लक्षण आम हैं। सूंघने और टेस्ट करने की क्षमता नहीं जाती और जा भी सकती है। राहत की बात यह है कि ज्यादातर मरीज घर पर ठीक हो जा रहे हैं।

## सिहानी गेट थाना पुलिस ने दबोचा हाईटेक लुटेरों का गैंग

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाने के एसएचओ नरेश कुमार शर्मा की टीम को उस समय भारी सफलता हाथ लगी जब उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद लुटेरों के ऐसे गैंग को दबोच लिया जो हाईटेक तरीके से लूटपाट करता था। इतना ही नहीं लूटे गये मोबाइल का पूरा डेटा भी पलक झपकते ही बदल दिया जाता था।

एक अधिकारी के मुताबिक पकड़ में आये लुटेरों के पास से लूट के 12 मोबाइल, बाइक व मोबाइल का डेटा बदल देने वाला सिस्टम व औजार बरामद हुए। यह गैंग दिल्ली एनसीआर में लूट की दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस की गिरफ्त में आये चारों बदमाश लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पकड़े गये लुटेरों के नाम निशांत, गौरव, कृष्णा व समीर हैं। निशांत व गौरव बाइक से मोबाइल लूटते थे और कृष्णा लूट के मोबाइल को बिकवाने का काम करता था।

# इंदिरापुरम को निगम में लाने के लिए सर्वे

**● जीडीए के 21 अफसरों की टीम सर्वेक्षण के लिए गठित**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विरोध के बाद भी इंदिरापुरम कॉलोनी को जीडीए नगर निगम को ट्रांसफर करने का मन बना चुका है। नगर निगम और जीडीए के 21 अधिकारियों की टीम बनाई गई है जो इस कॉलोनी का संयुक्त सर्वे करेगी।

सर्वे टीम में जीडीए के नगर निगम से अधिक अधिकारी शामिल किए गए हैं। नगर निगम की ओर से 10 और जीडीए के 11 अधिकारी संयुक्त सर्वे टीम में शामिल किए गए हैं। जीडीए की ओर से संयुक्त सर्वे टीम में मुख्य अभियंता राकेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, उद्यान प्रभारी एसके भारती, सहायक अभियंता पीयूष सिंह, सहायक अभियंता एसके सैनी, सहायक अभियंता विद्युत योगेन्द्र कुमार, रूद्रेश शुक्ला, अवर अभियंता प्रवीण त्यागी, अवर अभियंता राजीव कुमार, अवर अभियंता, गिरजा शंकर मल्ल, निरीक्षक आम सिंह शामिल हैं।

इनके अलावा नगर निगम की ओर से मुख्य अभियंता एनके चौधरी, महाप्रबंधक आनंद त्रिपाठी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, अधिशासी अभियंता जल योगेन्द्र सिंह यादव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार, अधिशासी अभियंता देशराज सिंह, सहायक अभियंता अनूप कुमार, आश कुमार, अवर अभियंता संजय गंगवार और एसके सरोज शामिल किए गए हैं।

इन सभी 21 इंजीनियरों और अधिकारियों की टीम जल्दी ही इंदिरापुरम में अवस्थापना सुविधाओं की मांग और मौजूदा सुविधाओं के अंतर के हिसाब से रिपोर्ट तैयार कर नगर निगम और जीडीए को देगी।

### बिजली विभाग के ठेकेदार की हत्या मामले में कार्रवाई

**गाजियाबाद।** मुरादनगर की उखालरसी कॉलोनी में शनिवार रात को गोली मारकर नवीन भारद्वाज की हत्या की गई थी। हत्या के इस मामले में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतक की पत्नी ने जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर बदमाश पर हत्या की साजिश रचने का भी आरोप लगाया है। हत्यारों की तलाश में पुलिस की पांच टीम काम कर रही है। पुलिस जल्द हत्याकांड का खुलासा करने का दावा कर रही है। बता दें कि नगर की उखालरसी कॉलोनी में शनिवार रात को साढ़े आठ बजे के आसपास घर में घुसकर तीन बदमाशों ने बिजली विभाग के ठेकेदार नवीन भारद्वाज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए फरार हो गए थे। रविवार शाम को मृतक की पत्नी ममता भारद्वाज ने मुरादनगर थाने में तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# गाजियाबाद में मतदाताओं की पूरक सूची जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिला प्रशासन ने संशोधन के उपरांत नगर निकाय की मतदाताओं की पूरक सूची जारी की है। इस सूची के आधार पर जिले में नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में एक अप्रैल 2023 को जारी सूची में मतदाताओं की संख्या 25 लाख 80 हजार 177 पहुंच गई है। पहले यह संख्या 25 लाख 26 हजार 802 थी जिसमें परिवर्तन, संशोधन के उपरांत 53 हजार 375 मतदाता और जुड़े हैं।

प्रथम अनुपूरक सूची के लिए परिवर्तन के लिए 59037 आवेदन आए थे, संशोधन के लिए 244 और 6072 मतदाताओं के नाम हटाए गए थे। अंतिम प्रकाशन के उपरांत मतदाताओं की संख्या 22 लाख 26 हजार 802 थी जिसके बाद इस सूची में और नाम जोड़े गए। जो लोग अन्य शहरों में शिफ्ट हो गए थे उनके नाम हटाए गए। इसके बाद पूरक सूची का प्रकाशन एक अप्रैल को जिला प्रशासन द्वारा किया गया जिसमें मतदाताओं की संख्या 25 लाख 80 हजार 177 तक पहुंच गई है। नगर निगम के बाद सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या नगर पालिका मोदीनगर के मतदाताओं की है।

### जन चौपालों से नए युवा मतदाताओं को जोड़ेंगे : सुखविंद्र सोम

**नोएडा।** आजादी के अमृत महोत्सव से लेकर अमृत काल तक की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया जायेगा। तिलपता स्थित जिला कार्यलय पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजयुमो पश्चिम क्षेत्र सुखविंद्र सोम, जिला अध्यक्ष भाजपा विजय भाटी सहित अन्य उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजयुमो सुखविंदर सोम ने कहा कि जन चौपाल का आयोजन किया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष राज नागर, चेतन वशिष्ठ, अजमेन्द्र नागर, रोबिन त्यागी, अनुराग शर्मा, संजीव शर्मा, अखिलेश नागर, अतुल गुर्जर, गौरव पटेल, विकास भाटी, तरुण सिसोदिया, बालेश्वर नागर, महेंद्र कर्दम, जॉनी चौहान, कपिल भाटी मौजूद थे।

## ओबीसी आरक्षण के साथ उतरेगी भाजपा : कश्यप

**गाजियाबाद।** कश्यप निषाद संगठन द्वारा पांच अप्रैल को रामलीला घंटाघर मैदान में महर्षि कश्यप जयंती एवं महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में मंत्री रहते हुए यह उनका पहला आयोजन होगा।

राज्यमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ के माध्यम से ओबीसी वर्ग को एकजुट कर आगामी चुनाव में भाजपा की जीत को निश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक आरक्षण नहीं दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिया।

# मेयर सीट महिला आरक्षित होने से कई नेता नाखुश

**● आरक्षण को लेकर भाजपा का नाखुश गुट लगवा रहा थोक में आपत्तियां**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मेयर सीट महिला के आरक्षित होने से बीजेपी के ही कई नेता नाखुश है। कई नेता अब इस मामले में दूसरे लोगों के नाम से आपत्तियां दर्ज करा रहे है। मेयर सीट के लिए हुए नए आरक्षण से बीजेपी में पिछड़ा व अनुसूचित जाति के लोगों के लिए यह एक बड़ा राजनैतिक झटका माना जा रहा है।

दरअसल मेयर सीट को लेकर हमेशा से ही बीजेपी में घमासान रहा है। इसी घमासान को एक कारण मानते हुए कई नेता दबी जुबान से कहते हैं कि यह सीट केवल एक बार ही ओबीसी के लिए आरक्षित हुई है। पहले इस सीट को अनारक्षित किया गया थाए मगर अब यह सीट महिला के लिए आरक्षित कर दी गई है। सीट महिला के लिए आरक्षित होने से जहां निवर्तमान मेयर आशा शर्मा के लिए एक बार फिर से मेयर बनने का मौका है। दरअसल कई बीजेपी पुरुष नेता पिछले मेयर पद पर चुनाव लडने् के इंतजार में थे। जनवरी में सीट अनारक्षित होने पर कई नेताओं को लगा था कि चुनाव लडने् का मौका मिलेगा, मगर ऐसा नहीं हो सका।

### निकाय चुनाव को लेकर एक्शन मोड में पुलिस

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने आगामी निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर कमर कस ली है। पुलिस अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनको मुचलकों में पाबंद करने सहित अन्य कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा जोन के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने सोमवार को थाना दनकौर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों को असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### विमला मावी ने किया लोनी चेयरमैन के लिए आवेदन

**गाजियाबाद।** नगरपालिका की सीट महिला के लिए आरक्षित होने पर भाजपा नेता ईश्वर मावी की धर्मपत्नी और लोनी नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी विमला मावी ने आज भाजपा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल से उनके कैंप कार्यालय पर मुलाकात की और उन्हें लोनी नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद के लिए अपना आवेदन सौंपा। बता दें की विमला मावी ने वर्ष 2017 में लोनी नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव निर्दलीय होते हुए भी दमदारी से लड़ा था जिसमें उन्हें 19993 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं।

# ट्रांसजेंडर समाज विश्व का महत्पूर्ण हिस्सा : गिरिराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर–126 एमिटी विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के सहयोग से ट्रांसजेंडर्स व्यक्तियों अधिकारों का संरक्षण अधिनियम 2019 और नियम 2020 का प्रावधान पर जानकारी प्रदान करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के निदेशक डा आर गिरिराज, लॉयर्स कलैक्टीव की उप निदेशक और अधिवक्ता तृप्ती टंडन, इंडिया एचआईवी एड्स एलांयस में ट्रांसजेडर वेलबिंग और एडवोकेसी की सलाहकार अमृता सरकार ने किया। डॉ आर गिरिराज ने कहा कि वर्तमान समय में यह कार्यशाला हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रांसजेंडर्स, हमारे समाज और विश्व का एक हिस्सा है और उनके भी अधिकार है। इसे नकारा नहीं जा सकता।

# कपड़ा फैक्ट्री में आग से लाखों का सामान खाक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के थाना फेस–वन क्षेत्र के सेक्टर.10 के बी.ब्लॉक में स्थित एक एक्सपोर्ट गारमेंट की फैक्ट्री के बेसमेंट में बीती रात को भयंकर आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस.वन क्षेत्र के बी.144 सेक्टर.10 स्थित एएमपीएम फैशन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के बेसमेंट में बीती रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की 3 गाड़ियां पहुंची। दमकल विभाग ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों और आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### एटीएम बूथ में भीषण आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एटीएम बूथ में अचानक आग लग गई। जैसे ही सिक्योरिटी गार्ड ने एटीएम बूथ से धुआं निकलता हुआ देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जैसे.तैसे आग पर काबू पाया गया। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंडसइंड बैंक का एटीएम में सोमवार तड़के पुलिस को सिक्योरिटी इंचार्ज ने एटीएम बूथ से धुआं निकलने और आग लगने की सूचना दी।

# खंभे में करंट आने से 2 गायों की मौत, नंदी को बचाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। सूरजपुर में ट्रांसफार्मर के खंभे में करंट उतरने से दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई। निवासियों द्वारा एक नंदी को मौका पाकर बचा लिया गया। यह घटना एनपीसीएल कंपनी की लापरवाही से घटित हुई है।

ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में एनपीसीएल कंपनी द्वारा बिजली की सप्लाई दी जाती है। सूरजपुर में ट्रांसफार्मर के खंभे में करंट उतर रहा था। आज सुबह करंट की चपेट में आने से दो गायों की तड़प तड़प कर मौत हो गई। जिससे बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। निवासियों ने बताया कि यहां पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। बिजली विभाग और प्राधिकरण में शिकायत करने पर भी समस्याओं का कोई निस्तारण नहीं मिलता है। वहीं नंदी भी करंट की चपेट में आ गया, लेकिन गांव वालों ने लाइन बंद करवाकर बचा लिया।

# तनाव : 2 महिलाओं समेत 3 ने मौत को लगाया गले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिंदगी में तनाव लोगों के ऊपर इस कदर हावी हो रहा है कि वह मामूली बात पर अपनी जान दे रहे हैं। जनपद के अलग.अलग स्थानों पर दो महिलाओं सहित 3 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं।

थाना सेक्टर–49 के सलारपुर गांव में रहने वाली पिंकी उर्फ कीर्ति पांडे पत्नी मुकेश पांडे ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिंकी की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व मुकेश के साथ हुई थी। पिंकी पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। थाना सेक्टर.49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाले 22 वर्षीय शिवम कुमार ने कमरे में फांसी लगा ली। शिवम को फंदे पर लटका देख कर मां ने पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतारा और चिकित्सक के पास लेकर गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शिवम सुल्तानपुर का रहने वाला था। थाना फेस–2 के याकूबपुर गांव में किराए पर रहने वाली 22 वर्षीय सीमा भारती ने फांसी लगाकर जान दे दी। सीमा जौनपुर की रहने वाली थी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवती समेत तीन गायब, कई थानों की पुलिस तलाश में जुटी

नोएडा शहर के विभिन्न थानों में एक लड़की और 2 लड़के गायब हो गए है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पहला मामला नोएडा के सेक्टर–49 थाना क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाली एक 20 साल की लड़की अचानक गायब हो गई। लड़की के पिता ने प्रिंस नाम युवक पर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। दूसरा मामला सेक्टर.113 थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरखा गांव का है। सोरखा गांव में 14 साल का लड़का लापता हो गया है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि लड़के की तलाश के लिए 2 टीमों का गठन किया गया है। तीसरा मामला नोएडा के सेक्टर–20 थाना क्षेत्र का है। यहां पर निठारी गांव में रहने वाला 15 साल का लड़का गायब हो गया है।

## गंगनहर में डूबे दो युवकों के शव बरामद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में चार दिन पहले गंगनहर में दुर्गा मूर्ति विजर्सन करते समय दो युवक नहर में डूब गये थे। सोमवार की सुबह दोनों युवकों के शव नहर से बरामद कर लिया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

डीसीपी ग्रामीण जोन रवि कुमार ने बताया कि शुक्रवार को साहिबाबाद के लोग मुरादनगर गंगनहर में दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने आए थे। मूर्ति विसर्जन करते समय विपिन कुमार व रंग बहादुर गहरे पानी में बह गये थे। स्थानीय मंदिर के गोतखोरों से युवकों की तलाश कराई गई थी।

# नोएडा के सेक्टर-67 व 70 के बीच होंगे चार यूटर्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने शनिवार को एक ट्वीट किया। जिसमें सेक्टर.67 और 70 के बीच बने यू टर्न की लागत करीब 1 करोड़ बताई गई। ट्वीट करते ही नोएडा के लोगों ने आड़े हाथों लेते हुए जमकर आलोचना की। इस ट्वीट को रिट्वीट किया गया।

अब प्राधिकरण ने बताया कि यहां एक यू टर्न नहीं बल्कि 4 सिंगल यू टर्न बनाए जाने है। जिसमें तीन यू टर्न का काम किया जा रहा है। यू टर्न के लिए 70 मीटर लंबाई में रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा। फुटपाथ को शिफ्ट किया जाएगा। फुटपाथ पर करीब 1200 मीटर में टायल लगाए जाएंगे। इसको बनाने में करीब 99.71 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। 16 जुलाई को ये प्रोजेक्ट पूरे होंगे। प्राधिकरण ने बताया कि एलिवेटड रोड से आने वाले वाहन के लिए ही यू टर्न बनाए जा रहे है। जोकि ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, सेक्टर–76, 77, 78 जाने वाले वाहन और ग्रेटर नोएडा से एलिवेटड रोड जाने वाले वाहनों के संचालन के लिए बेहतर होगा।

### हाईकोर्ट से स्टे के बाद बहाल हुए उप श्रमायुक्त

अंतत इलाहाबाद हाईकोर्ट के स्थगनादेश स्टे ऑर्डर के बाद शासन द्वारा नोएडा से बर्खास्त किये गये उप श्रमायुक्त धर्मेन्द्र कुमार सिंह को शासन ने फिर नोएडा में उप श्रमायुक्त पद पर बहाल कर दिया है। उन्होंने विधिवत पदभार भी ग्रहण कर लिया है। नोएडा में तैनात उपश्रमायुक्त पीके सिंह को इसी पद पर मुरादाबाद भेज दिया गया है। वहीं धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने पुन डीएलसी पद पर पदभार ग्रहण कर लिया है।


## सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उ० प्र० रेरा से दिशा –निर्देश प्राप्त होने के उपरांत वाणिजियक परियोजना **KARYAN CITYWALK** व्यवसायिक भूखंड संख्या –1ए, पाइनवुड एन्क्लेव, सेक्टर–2, वेव सिटी , एनएच–24, ग़ाज़ियाबाद जिसका निर्माण मेसर्स कार्यन इंफ्राटेक एल.एल.पी. द्वारा किया जा रहा है और यूपी रेरा पंजीकरण संख्या **UPRERAPRJ848589** का प्रस्तावित नाम **KARYAN STREET WALK** में बदला जा रहा है, ऐसा **CITYWALK** शब्द के ट्रेडमार्क उल्लंघन को देखते हुए किया जा रहा है।

उक्त प्रोजेक्ट नाम में **CITYWALK** शब्द को **STREET WALK** शब्द में परिवर्तित करने के अलावा फर्म/प्रोजेक्ट के अन्य सभी विवरण और संरचना के साथ–साथ वर्तमान अनुबंध और समझौते अपरिवर्तित रहेंगे, और पहले की तरह जारी रहेंगे।

यदि हमारे आवंटियो या व्यक्ति में से किसी को हमारे प्रोजेक्ट का नाम **KARYAN CITYWALK** से **KARYAN STREET WALK** में बदलने के सबंध में कोई आपत्ति/प्रश्न है, तो वे अपनी आपत्ति सचिव उ0प्र0 रेरा को ई–मेल आई0डी0 contactuprera@up-rera.in पर ई–मेल भेजकर 15 दिन के अंदर आपत्ति दर्ज करा सकते है।


# ट्रोनिका सिटी की 55 फैक्ट्रियों की खुल सकती है सील

## कई साल से बंद 1.8 एमएलडी के सीईटीपी को 425 फैक्ट्रियों के लिए चलाने की तैयारी

**● यूपीसीडा ने नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा एनएमसीजी को दिया एक्शन प्लान**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी के ट्रानिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र सील की गईं 55 रंगाई फैक्ट्रियों के संचालन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा दो कामन इनफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट सीईटीपी चलाएगा।

कई साल से बंद पड़े 1.8 एमएलडी के सीईटीपी को 425 फैक्ट्रियों के लिए संचालित किया जाएगा। इसके बाद ही 55 रंगाई की फैक्ट्रियों पर लगी सील हटेगी। इसका एक्शन प्लान यूपीसीडा ने नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा एनएमसीजी को दिया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल्द ही एक्शन प्लान की सतही जांच करेगा। यूपीसीडा ने 10 साल पहले ही ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में 1.8 एमएलडी का सीईटीपी बनाया था। ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में कुल 480 औद्योगिक इकाइयां हैं। इसमें 55 रंगाई फैक्ट्रियां हैं।

1.8 एमएलडी का सीईटीपी की क्षमता कम होने के कारण राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी ने इसे बंद करा दिया था। यूपीसीडा ने दोबारा छह एमएलडी का एसटीपी बनाया, जिसे 4.8 एमएलडी की क्षमता पर चलाया जाता है। 55 रंगाई फैक्ट्रियों से ही इस एसटीपी के संचालन का खर्च लिया जाता था लेकिन अन्य 425 फैक्ट्रियों के सीवर का पानी भी छह एमएलडी के एसटीपी में आता था। क्षमता से ज्यादा पानी आने के कारण सीईटीपी सही से काम नहीं कर रहा था। इससे जल प्रदूषण हो रहा था।

बीते वर्ष जुलाई में एनएमसीजी की टीम ने सीईटीपी का निरीक्षण किया तो 29 खामियां मिलीं। सीईटीपी की कई खामियों को ठीक कर 27 .27 रंगाई फैक्ट्रियों को वैकल्पिक दिन पर चलाया जा रहा था। बीती 20 फरवरी को एनएमसीजी के आदेश पर सभी 55 रंगाई फैक्ट्रियों को सील कर बिजली व पानी कनेक्शन काट दिया गया, हालांकि 45 फैक्ट्रियां ही चल रहीं थी। एनएमसीजी ने बैठक कर यूपीसीडा से सीईटीपी ठीक करने का एक्शन प्लान मांगा था। यूपीसीडा के अधिकारियों ने एनएमसीजी को दिए एक्शन प्लान में कहा है कि 1.8 एमएलडी के सीईटीपी को दोबारा चलाया जाएगा। इसमें जल प्रदूषण न फैलाने वाली 425 फैक्ट्रियों से निकलने वाले सीवर को शोधित किया जाएगा।

छह एमएलडी के सीईटीपी को जल प्रदूषण करने वाली 55 रंगाई फैक्ट्रियों के लिए चलाया जाएगा। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी उत्सव शर्मा ने बताया कि यूपीपीडा ने जो एक्शन प्लान दिया है। उसकी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उत्तर प्रदेश और केंद्र की टीम मौके पर जाकर जांच करेगी।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आत्मनिर्भरता की ओर कदम, लगेंगे 500 आरओ प्लांट

## राजधानी के विभिन्न इलाकों में 471 जल संयंत्र लगाने को जमीन चिन्हित, पानी के लिए लोगों को आरएफ आईडी कार्ड जारी किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पड़ोसी राज्यों पर निर्भरता कम करने और दिल्ली को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए अनधिकृत कालोनियों समेत पानी की कमी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए ट्यूबवेल के साथ पहले चरण में 500 आरओ प्लांट लगाए जाएंगे।

इसके मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड ने 471 आरओ प्लांट के लिए जमीन चिंहित कर ली है। योजना है कि आरओ प्लांट से पानी लेने के लिए उपभोक्ताओं के आरएफ आईडी कार्ड जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डीजेबी के अधिकारियों को ट्यूबवेल्स और आरओ प्लांट्स लगाने के लिए जमीन संबंधित लंबित मामलों का निस्तारण जल्द करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि दिल्ली वालों को भरपूर और साफ पानी उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए एक-एक बूंद पानी का इस्तेमाल करना है।

अरविंद केजरीवाल अब खुद उपलब्ध पानी और उसकी आपूर्ति पर नजर रखेंगे। इसका उद्देश्य है कि पानी की बर्बादी रोक कर एक-एक बूंद बचाया जाए, ताकि दिल्ली वालों को साफ और पर्याप्त पेयजल मुहैया कराया जा सके। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को रोजाना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से उत्पादित पानी और डब्ल्यूटीपी से टैपिंग व प्राइमरी यूजीआर तक पहुंचने वाले पानी का डेटा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड समेत सभी संबंधित विभागों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। पिछले डेढ़ महीने में सीएम की यह चौथी बैठक थी। इस दौरान रोजाना उत्पादित होने वाले पानी की निगरानी, ट्रीटेड पानी को पार्कों तक पहुंचाने, आरओ प्लांट लगाने और ट्यूबवेल्स व आरओ प्लांट्स के लिए जमीन संबंधित मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दिल्ली जल बोर्ड को यह सारा डेटा रोजाना मुख्यमंत्री को उनके वाट्सएप पर उपलब्ध कराना होगा। मुख्यमंत्री रोजाना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कितना पानी का उत्पादन और उपभोग के बाद कितना पानी बच रहा है। कहीं पर लीकेज हो रहा है या पानी की चोरी हो रही है तो मुख्यमंत्री खुद संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दे सकेंगे। इस दौरान सीएम डीजेबी द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे ट्यूबवेल्स और आरओ प्लांट्स के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर की जा रही कार्रवाई की प्रगति भी जानी।

### केंद्र बुजुर्गों पर 1600 करोड़ खर्च करने से नहीं होगी गरीब

रेलवे किराए में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट को खत्म किए काफी समय हो चुका है। ऐसे में फिर से बुजुर्गों को छूट देने की मांग जोर पकड़ रही है। खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। सीएम ने पीएम को लिखे पत्र में कहा कि बुजुर्गों की छूट खत्म करना दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि बिना बुजुर्गों के आशीर्वाद के देश तरक्की नहीं कर सकता। ऐसे में उनकी पीएम से अपील है कि इसे फिर से बहाल करें। जैसे दिली सरकार अपने बजट में से बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा पर 50 करोड़ खर्च करने से गरीब नहीं हो जाती, वैसे ही केंद्र सरकार अपने बजट में से रेल यात्रा में छूट पर 1600 करोड़ खर्च करने से गरीब नहीं हो जाएगी।

### एसटीपी की क्षमता बढ़ाने का चल रहा काम

मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि जितने भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हैं, उनकी क्षमता बढ़ाने पर तेजी से काम चल रहा है। अगले साल तक एसटीपी की क्षमता बढ़कर 950 एमजीडी तक हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने एसटीपी से ट्रीटेड पानी के इस्तेमाल का प्लान अधिकारियों से मांगा है।


राहुल गांधी के लोकसभा से सदस्यता रद्द करने के विरोध में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने जनतंत्र बचाओ रैली आयोजित की। एआईएमसी के सदस्यों कहना है कि पूरा विपक्ष अडानी मामले पर जेपीसी जांच की मांग कर रहा है लेकिन सरकार खामोश है। कांग्रेस ने लोकतंत्र की आवाज को दबाने के खिलाफ जनतंत्र बचाओ रैली का आयोजन किया है। फोटो : रंजन डिमरी

## भाजपा कार्यालय पर आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने जेल में बंद अपने नेता मनीष सिसोदिया के साथ एकजुटता दिखने के लिए सोमवार को भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। आप के प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा कार्यालय जाने वाली सड़क पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था मनीष सिसोदिया तुझे सलाम, सिसोदिया को रिहा करो और जेल के ताले टूटेंगे, मनीष सिसोदिया छूटेंगे।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा, मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में बड़ी क्रांति लाई है। जनता उनके साथ है।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सीबीआई ने अदालत को बताया, घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में जांच महत्वपूर्ण चरण में

चर्चित शराब नीति घोटाला मामले में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया को अदालत से राहत नहीं मिली है। न्यायालय ने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सोमवार को खत्म हो गई थी जिसके बाद सीबीआई ने उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था। कथित शराब घोटाले में सिसोदिया पर गंभीर आरोप लगे हैं और गिरफ्तार किये जाने के बाद से वो लगातार जेल हैं।

मनीष सिसोदिया को तिहाड़ जेल से लाकर उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। जांच एजेंसी के अनुरोध पर पूर्व उपमुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में जांच महत्वपूर्ण चरण में है। सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले मुख्यमंत्री पुष्कर धामी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा राज्य के विकास हेतु जमरानी बांध परियोजना की स्वीकृति सहित विभिन्न बाह्य साहयतित परियोजनाओं एवं पूंजीगत परियोजनाओं हेतु विशेष सहायता योजनाओं के लिए व्यापक सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। राज्य को त्र 20 की तीन महत्वपूर्ण बैठकों का दायित्व दिए जाने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि रामनगर में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के वर्किंग ग्रुप की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमन्त्री जी को चारधाम यात्रा, आदि कैलाश और लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री के साथ लगभग एक घंटे तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की

### दस हजार वर्ष पुराने चित्रों की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के आदि दृश्य प्रभाग ने अपने स्थापना दिवस पर सातवें 'विष्णु श्रीधर वाकणकर स्मृति व्याख्यान' का आयोजन किया। इस स्मृति व्याख्यान में 'आर्टिसंस एट क्वेरी एंड वर्कशॉप: अर्ली स्टोन कार्विंग ऑफ मिडल गंगा प्लेन' विषय पर आर.सी. शर्मा पीठ, ज्ञान-प्रवाह सांस्कृतिक अध्ययन और अनुसंधान केंद्र, वाराणसी की प्रोफेसर विदुला जायसवाल ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद जोशी, आदि दृश्य प्रभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकर पंत और प्रो. किशोर कुमार बासा भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि डॉ. वाकणकर को भारत में शैलकला अध्ययन का पितामह कहा जाता है। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 1975 में भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था।

### एनीमिया मुक्त भारत के लिए कर रहे जागरूक

**नई दिल्ली।** मातृ-शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले एक प्रमुख संगठन सुकार्य ने एनीमिया से निपटने की सरकारी पहल, पोषण पखवाड़ा के तहत दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में शैक्षिक कार्यशालाओं और स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन तथा पोषण किट के वितरण के जरिये हजारों युवा लड़कियों, महिलाओं एवं बच्चों के बीच पहुंच बनाई। संस्था की अध्यक्ष मीरा सतपथी ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, अधिकारों और पोषण को सुलभ बनाना अहम है, ताकि देश में एनीमिया के मामले के बढ़ते बोझ से रणनीतिक रूप से निपटा जा सके।

### स्वास्थ्य कर्मचारी 6 को करेंगे एकता का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस (एनपीएचए) के नेतृत्व में दिल्ली के स्वास्थ्य कर्मचारी 6 अप्रैल को एलजी हाऊस तक मार्च निकलने की जोरदार तैयारी में जुटे हैं। यह मार्च विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर 6 अप्रैल को मोरी गेट से शुरू होगा। मार्च दिल्ली में जन-स्वास्थ्य सेक्टर की मजबूती व स्वास्थ्य कर्मचारियों की सेवा स्थिति में सुधार हेतु 10 सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है। इसमें केंद्र व दिल्ली सरकार, एमसीडी, ईएसआई से, सभी अस्पतालों व डिस्पेंसरियों से कर्मचारी शामिल होंगे।

### प्लास्टिक थैले में मिला शव, हत्या की आशंका

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के नबी करीम इलाके में प्लास्टिक के थैले में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक, उसे चिन्योत बस्ती इलाके में एक व्यक्ति का शव पाए जाने की सूचना सुबह करीब साढ़े सात बजे मिली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, व्यक्ति की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और मुल्तानी ढांडा की गली संख्या-10 में खून के धब्बे पाए, जो मुख्य रूप से शव को घसीटे जाने के कारण बने होंगे। शुरुआती जांच में अपराध स्थल से लगभग 80 मीटर की दूरी पर स्थित एक घर में रहने वाले एक व्यक्ति पर संदेह पैदा हुआ है। संदिग्ध व्यक्ति फरार है।

# आप सरकार ने अब तक सिर्फ 440 नौकरियां दीं : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- मनोज तिवारी ने कहा- केजरीवाल आंकड़ों को लेकर बोल रहे झूठ

भाजपा नेताओं ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उनकी सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी के 12 लाख युवाओं को रोजगार देने को लेकर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सूचना के अधिकार के तहत वर्ष 2015 से अब तक दिल्ली में केवल 440 लोगों को नौकरी दी गई है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केजरीवाल ने दावा किया है कि उनकी सरकार ने 12 लाख नौकरियां दी हैं, जबकि 2015 में सत्ता में आने के बाद से केवल 440 लोगों को ही नौकरी दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया, केजरीवाल देश के सबसे बड़े झूठे,भ्रष्ट और बेईमान मुख्यमंत्री हैं। यह सुनने में अच्छा लगता है कि 12 लाख नौकरियां दी गई हैं लेकिन यह झूठा दावा है।

# कोरोना से निपटने को सभी अस्पतालों में तैयारी : सौरभ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- अतिरिक्त बेड, ऑक्सीजन, वैंटिलेटर सुविधाएं उपलब्ध

कोरोना की तैयारियों को परखने के लिए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज सोमवार लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल का निरीक्षण कर कोविड संबंधी तैयारियों को निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड वार्ड, ओपीडी, पीडियाट्रिक वार्ड को देख और वहां इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल पूछे। अस्पताल में बेड की उपलब्धता, चिकित्साकर्मी, जांच क्षमता, उपकरण, ऑक्सीजन उपलब्धता समेत अन्य पहलुओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने



अस्पताल के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इलाज के लिए आने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले, यह अस्पताल प्रशासन सुनिश्चित करे। साथ ही मरीजों की बीमारी की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकता के अधार पर इलाज दिया जाए।

कोरोना की तैयारियों को लेकर निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एलएनजेपी दिल्ली के बड़े अस्पतालों में से एक है, यहां बड़ी संख्या में मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि अस्पताल में कितने कोविड बेड उपलब्ध हैं, कितने अधिकृत हैं। अस्पताल में ऑक्सीजन की उपलब्धता के क्या इंतजाम है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दी कि कोरोना के पिछली लहर में ऑक्सीजन की उपलब्धता 5 टन थी, अब उसे 10 गुना बढ़ाकर 50 टन कर दिया गया है।

# स्कूलों में 96 फीसदी छात्र फेल : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सचदेवा ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल पर उठाए सवाल, शिक्षा मंत्री ने दी चुनौती एक स्कूल बताएं जहां 90 फीसदी हुए फेल

प्रदेश भाजपा ने केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल पर सवाल उठाए हैं। भाजपा के दावे के मुताबिक सरकारी स्कूलों में 96 फीसदी छात्र फेल हो गए हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया है इस साल 9वीं और 11वीं कक्षा का परिणाम इतना खराब रहा है कि शिक्षा निदेशालय को परिपत्र जारी कर शिक्षकों से अपनी पुस्तिकाओं की समीक्षा करने को कहा है। सफल छात्रों की संख्या को बढ़ाने के लिए 6 अप्रैल एक समय दिया गया है। इस बीच शिक्षा मंत्री आतिशी ने भाजपा को खुली चुनौती दी है कि वह एक स्कूल बताए जहां 90 फीसद बच्चे फेल हुए हों। एक से लेकर 12वीं तक किसी भी क्लास में ऐसा हुआ है तो दिखा दे। भाजपा नेताओं को स्कूलों में बच्चों को मिल रही शानदार शिक्षा से नफरत है इसलिए झूठे और मनगढ़ंत बातें करते हैं। आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में सरकारी स्कूल टीन शेड में चलते हैं और पढ़ाई भी नहीं होती है, जबकि दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों से नाम कटवाकर बच्चे सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक साधारण रिचेकिंग की प्रक्रिया है जो हर साल होती है। आतिशी के अनुसार, परीक्षा की प्रक्रिया में छात्रों के मार्क्स दर्ज किया जाता हैं, रजिस्टर ऑनलाइन अपलोड किए जाते हैं। स्कूलिंग, यूनिवर्सिटी सिस्टम में प्रक्रिया होती है कि परीक्षा और कंपार्टमेंट एग्जाम के मार्क्स एक प्रक्रिया के तहत चेक किया जाता है कि कहीं कोई कमी या गड़बड़ी तो नहीं रह गया है।

## 55 और ई-कॉमर्स व रिटेल आउटलेट 24 घंटे होंगे संचालित

**नई दिल्ली।** राजधानी में नाइट लाइफ को बढ़ावा देने के मकसद से दिल्ली सरकार अब 55 और ई-कॉमर्स व रिटेल आउटलेट को चौबीस घंटे होंगे संचालित करने की अनुमति दे दी है।

एलजी विनय कमुार सक्सेना ने एक बार फिर दिल्ली दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम, 1954 की धारा 14, 15 और 16 के तहत 55 अन्य प्रतिष्ठानों को छूट देने के लिए श्रम विभाग के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी मुहर लगा दी है। इन 55 प्रतिष्ठानों में विभिन्न स्थानों पर स्थित ई-कॉमर्स आउटलेट और रिटेल दुकानें हैं।

# उत्पीड़न मामले में डीयू ने बनाई पांच सदस्यीय समिति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने पिछले सप्ताह एक सांस्कृतिक उत्सव के दौरान इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में छात्राओं के कथित उत्पीड़न की जांच के लिए सोमवार को पांच सदस्यीय समिति का गठन किया। डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि समिति की अध्यक्षता दिल्ली वश्वविद्यालय के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रकाश सिंह करेंगे। उन्हें एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज की छात्राओं ने आरोप लगाया है कि पिछले सप्ताह एक उत्सव के दौरान कुछ लोगों ने कॉलेज की दीवार फांद कर कई छात्राओं का उत्पीड़न किया। रजिस्ट्रार ने कहा, सक्षम प्राधिकारी ने 29 मार्च, 2023 को इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में कॉलेज सांस्कृतिक उत्सव के दौरान हुई घटना की जांच के लिए समिति का गठन किया है। समिति को भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के उपाय सुझाने को भी कहा गया है। समिति के सदस्य प्रॉक्टर रजनी अब्बी, छात्र कल्याण डीन पंकज अरोड़ा, संयुक्त प्रॉक्टर गीता सहारे और हिंदी विभाग की प्रोफेसर मंजू मुकुल कुंबले हैं। रजिस्ट्रार ने कहा, समिति के अध्यक्ष को जरूरत पड़ने पर किसी भी अतिरिक्त सदस्य को शामिल करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### महिला आयोग ने कॉलेजों में शुरू की जांच

इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में यौन उत्पीड़न के दावों के बाद दिल्ली महिला आयोग ने जांच शुरू कर दी है। महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकारियों को समन जारी कर आयोग के समक्ष छह अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। साथ ही आयोग ने भविष्य में इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति पर रोक सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा उठाए गए कदमों का ब्योरा भी मांगा है। महिला आयोग ने कहा यह जांच सभी मुद्दों पर है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था बनाई जा सके। डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस और आईपी कॉलेज को नोटिस जारी कर उत्पीड़न मामले में जांच करने को कहा था।

### आम सभा बैठक बुलाई जाए

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में छात्राओं को परेशान करने की कथित घटना के विरोध में सोमवार को महाविद्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और मुद्दे पर आम सभा की बैठक बुलाने की मांग की। संगठन ने दावा किया कि प्रदर्शन कर रहे करीब 15 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।

# विकासपुरी में बनेगा विश्व स्तरीय अत्याधुनिक सांस्कृतिक केंद्र

## ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, लाइब्रेरी, कांफ्रेंस रूम समेत अन्य तमाम सुविधाओं से होगा लैस : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार विकासपुरी में एक विश्व स्तरीय कल्चरल-सेण्टर बनवायेगी। कल्चरल सेंटर शानदार ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, लाइब्रेरी, कांफ्रेंस रूम, ट्रेनिंग हॉल, गेस्ट रूम सहित तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और करीब 1.09 एकड़ में फैला होगा।

इस बाबत कला, संस्कृति और भाषा मंत्री आतिशी ने साहित्य कला परिषद के अधिकारियों के साथ इस भविष्य के कल्चरल सेंटर को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की। राज्य सरकार की इस परियोजना का उद्देश्य उभरते, मजे कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है।


कल्चरल सेंटर को लेकर समीक्षा बैठक करतीं मंत्री आतिशी मार्लेना।

आतिशी ने कहा विकासपुरी में बनने वालय नया कल्चरल सेंटर राजधानी में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में सरकार कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में यह अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। नए कल्चरल सेंटर को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे संगीत समारोह, नृत्य प्रदर्शन, थिएटर नाटकों, कला प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के लिए एक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह सुविधा उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और देश भर के स्थापित कलाकारों को साथ लाने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। बैठक के दौरान, साहित्य कला परिषद के अधिकारियों ने कला एवं संस्कृति मंत्री को बताया कि नए कल्चरल सेंटर में संगीत, नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला और अन्य कला रूपों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी।

### सेंटर की विशेषताएं

260 लोगों के बैठने की क्षमता वाला ऑडिटोरियम होगा, मल्टीपर्पस हॉल, कॉफ्रेंस रूम, गेस्ट रूम, एकेडमिक ऑफिस, रिहर्सल और ट्रेनिंग हॉल, आर्ट गैलरी, लाइब्रेरी, ग्रीन रूफ टेरेस सुविधाओं से लैस होगा।



# तेज संगीत का विरोध करने पर महिला को मार दी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- घायल महिला का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, आरोपी हरीश व दोस्त अमित गिरफ्तार

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सिरसपुर में तेज आवाज में संगीत बजाने का विरोध करने वाली एक महिला को उसके पड़ोसी ने गोली मार दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हरीश और दोस्त अमित को गिरफ्तार कर लिया। घटना में इस्तेमाल अमित की बंदूक को जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:15 बजे सिरसपुर में गोलीबारी की घटना को लेकर एक पीसीआर कॉल आई। बाहरी-उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा कि सिरसपुर निवासी रंजू नामक महिला शालीमार बाग स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती है। रंजू के गले में गोली लगी है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। बाद में इस घटना के सिलसिले में एक प्रत्यक्षदर्शी, पीड़िता की भाभी का बयान दर्ज किया गया। चश्मदीद के बयान के मुताबिक हरीश के घर रविवार को कुआं पूजन के दौरान तेज संगीत बज रहा था। पड़ोस की रंजू ने हरीश को संगीत बंद करने को कहा। इसके बाद हरीश ने दोस्त अमित से बंदूक ली और गोली चला दी।

# पूर्व पार्षद की पत्नी हारी बिजली चोरी का मुकदमा

## वर्ष 2017 में दाखिल किया गया था केस

**गुरुग्राम।** पूर्व पार्षद भीम सिंह की पत्नी मीना देवी बिजली विभाग के खिलाफ वर्ष 2017 में दाखिल किया गया केस हार गई हैं। मीना देवी ने अदालत में केस दायर करते हुए कहा था कि एक बिजली कनेक्शन उनके निवास पर लगा हुआ था। 21 जुलाई 2016 को बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने उनके घर पर बिजली चोरी संबंधी छापा उनके निवास पर मारा था।

छापे के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों को सीधे लाइन से सप्लाई मिली। बिजली मीटर में भी खामी मिली एवं जब बिजली के लोड की जांच की गई तो वह भी कथित सेंक्शन लोड से अधिक मिला। जिस पर विभाग ने तुरंत अपनी कार्यवाही करते हुए मीना देवी के निवास की बिजली काट दी। बिजली विभाग ने उन्हें 3,72,251 रुपये का भुगतान करने को कहा। जिस पर वादी पक्ष द्वारा अंडर प्रोटेस्ट राशि जमा करा कर बिजली सप्लाई चालू कराई गई।

# अहाते में एंट्री के लिए बना पीएमओ के अधिकारी का रिश्तेदार

## पुलिस ने पीएम कार्यालय के अधिकारी का रिश्तेदार बताने वाला धरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अपने** आपको प्रधानमंत्री कार्यालय में नियुक्त अधिकारी का रिश्तेदार बताकर शराब के अहाता में एंट्री कराने का थाना प्रबंधक पर दबाव बनाना युवक को महंगा पड़ गया। थाना प्रबंधक पर दबाव बनाने के साथ उसने अभद्र टिप्पणी व धमकी भी दी थी। अब उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार एक-दो अप्रैल 2023 की रात को करीब 2 बजे सेक्टर-65 थाना निरीक्षक सुधीर कुमार को उनके सरकारी नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें बताया कि वह प्रधानमंत्री कार्यालय के एक उच्च अधिकारी का रिश्तेदार बोल रहा है। उसकी शराब के अहाते में एंट्री कराई जाए। जब निरीक्षक सुधीर कुमार ने अपनी ड्यूटी व कार्यक्षेत्र के बारे में उसे जानकारी दी और अहाते में एंट्री कराने से मना कर दिया। इस पर कॉल करने वाले



पुलिस गिरफ्त में खुद को पीएमओ के अधिकारी का रिश्तेदार बताने वाला आरोपी।

व्यक्ति ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने की धमकी देकर निरीक्षक पर दबाव बनाया गया। आरोप है कि वह अभद्रता से भी पेश आया। उसने एसएचओ को अंजाम भुगतने की भी धमकी दी। इस विषय में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सेक्टर-65 पुलिस थाना में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। सोमवार को निरीक्षक सुधीर कुमार व उनकी टीम ने फर्जी तरीके से पीएमओ के अधिकारी का रिश्तेदार बताने वाले व्यक्ति को सेक्टर-58 से काबू कर लिया। उसकी पहचान सत्यप्रकाश आर्य उर्फ सिद्धार्थ (30) के रूप में हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह सेक्टर-18 में एक प्राइवेट कंपनी में टेलीकॉलर की नौकरी करता है। वह अपने साथियों के साथ सेक्टर-65 क्षेत्र में शराब के अहाते में गया था। बिना एंट्री फीस दिए प्रवेश करना चाहता था। इसके लिए उसने गैर कानूनी तरीका अपनाया।

# बाल विवाह रोकने को सरपंच व निगम पार्षदों का सहयोग लेगा महिला आयोग

## क्राइम, बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति स्कूली छात्राओं को किया जाएगा जागरुक

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**सोमवार** को गुरुग्राम में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स की राज्य स्तरीय बैठक में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए आयोग सरपंचों, निगम पार्षदों का सहयोग लेगा। आयोग जल्द ही प्रदेश के सभी सरपंचों के साथ बैठक करने जा रहा है। बैठक में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स को फील्ड में आने वाली चुनौतियों व कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधारों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिलावार बीते एक वर्ष के दौरान आयोग के कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स ने अपने विचारों, मुद्दों और चुनौतियों



गुरुग्राम में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स की राज्य स्तरीय बैठक लेती हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया।

को सांझा किया। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने आगे कहा कि प्रदेश में पढ़ी-लिखी पंचायतों व उनमें 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होने के चलते हमारी सामाजिक जिम्मेदारी बनती है कि हम बाल विवाह जैसी कुरीतियों से मिलकर लड़ें।

हरियाणा राज्य महिला आयोग प्रदेश के स्कूलों में छठी कक्षा से छात्राओं के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। जिसमें उन्हें साइबर क्राइम व बाल विवाह सहित उनके अन्य अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में आयोग की कार्यप्रणाली व उसमे किए जाने वाले आवश्यक सुधारों का मॉड्यूल तैयार कर राष्ट्रीय महिला आयोग को भेजा जाएगा। रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा में नारी शक्ति को उनके अधिकारों, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ व बाल विवाह जैसे विषयों के प्रति जागरूक करने के लिए निरन्तर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा में कुल 75 जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जोकि देश में सर्वाधिक थे। जागरुकता कार्यक्रम के इंडेक्स में महाराष्ट्र प्रदेश 27 कार्यक्रम के साथ दूसरे स्थान पर था। उन्होंने बताया कि आयोग ने वर्ष 2023-24 में 100 जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें से 20 कार्यक्रम कॉलेज अथवा यूनिवर्सिटीज के आयोजित किए जाएंगे। रेनू भाटिया ने बताया आयोग को वर्ष 2022-23 में दहेज, विवाहेतर संबंधों, बाल विवाह व महिलाओं की साइबर क्राइम से जुड़ी कुल 2246 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसमें से 1775 का निवारण किया जा जा चुका है।

बैठक में सभी जिला प्रोटेक्शन अधिकारियों ने आयोग की अध्यक्ष को अपनी फील्ड विजिट के दौरान होने वाली चुनौतियों से से अवगत कराया। अध्यक्ष रेनू भाटिया ने सभी को आश्वस्त किया की फील्ड विजिट के दौरान उनको जो भी चुनौतियां पेश आ रही हैं। उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के प्रमुखों से बात कर उनका निवारण किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीपीओ नेहा दहिया, महिला आयोग की ईमपैनल अधिवक्ता रितु कपूर, गुरुग्राम पुलिस से इंस्पेक्टर पूनम, महिला आयोग की टीम से प्रीति वर्मा सहित प्रदेश के सभी जिलों से आई डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स मौजूद रही।

# सीएम उड़नदस्ता टीम ने निमौठ सरपंच के सरकारी राशन की दुकानों पर मारे छापे



सोहना के ग्राम पंचायत निमौठ सरपंच के डिपो पर सीएम उड़नदस्ता टीम ने मारा छापा। छापे के दौरान क्षमता से कम मिला सरकारी राशन।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता टीम ने ग्राम पंचायत निमौठ सरपंच/डीपोधारक की टीम ने तीन अलग-अलग सरकारी राशन की दुकानों की गई छापामारी के दौरान भारी मात्रा में गेहूं और चीनी कम मिली। आरोपी सरपंच ने सदर थाना सोहना के दो गांव तथा एक भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव में सरकारी राशन की दुकान ली हुई है। आरोपी सरपंच/डिपोधारक के खिलाफ खाद्य आपूर्ति विभाग के उपनिरीक्षक की शिकायत पर सदर थाना सोहना में मामला दर्ज किया गया है।

सोमवार को सीएम उड़नदस्ता टीम ने ग्राम पंचायत निमौठ सरपंच धीरज के तीन अलग-अलग स्थानों पर लिए हुई सरकारी राशन की दुकानों पर छापे मारे। टीम ने के साथ सोहना में स्थित खाद्य आपूर्ति विभाग कार्यालय से उपनिरीक्षक विनय कुमार और सीएम उड़नदस्ता टीम प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद ने सयुक्त रुप से छापे मारे।

उड़नदस्ता टीम के प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद ने बताया कि धीरज के पास निमौठ, नूनेरा और भोंडसी थाना का गांव बहलपा में डिपो लिया हुआ है। उसके तीनों ही डिपो पर छापे मारे तथा भारी मात्रा में गेहूं और चीनी कम पाई गई। निमौठ के डिपो पर सबसे कम 10 हजार 174 किलो गेहूं तथा 400 किलो ग्राम चीनी कम मिली। उसके बाद सदर थाना सोहना के ही गांव नूनेरा में स्थित धीरज के डिपो पर 5885 किलोग्राम गेहूं और 77 किलोग्राम चीनी तथा बहलपा में 1612 किलोग्राम गेहूं व 71 किलोग्राम चीनी कम मिली।

# अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कूल ऑफर्स के साथ गर्मी को दें मात

## पसंदीदा चीजों का स्टॉक तैयार करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**गर्मियों** का मौसम शुरू होने के साथ, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के साथ अपने आप को हाइड्रेट और पोषित रखना जरूरी है। 1 से 7 अप्रैल तक चलने वाले सुपर वैल्यू डेज के दौरान पूरे महीने के लिए शानदार ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा आवश्यक चीजों का स्टॉक तैयार करें।

सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ सीजन के ताजा फल जैसे आम, तरबूज, अंगूर आदि से लेकर सब्जियों के साथ फॉर्च्यून, पैम्पर्स, दावत, टाटा आदि लोकप्रिय ब्रांड्स के घरेलू सामान पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। प्राइम ग्राहकों को उनके पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 250 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त होगा और सामान्य अमेजन ग्राहक अपने पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 200 रुपये तक का कैशबैक हासिल कर सकेंगे। अमेजन ने मैंगो फीस्ट फेस्टिवल की भी घोषणा की है जहां सफेदा, बादामी, बंगनपल्ली, तोतापरी और अल्फांसो सहित सभी लोकप्रिय वैरायटी के स्वादिष्ट कार्बाइड मुक्त आमों की विस्तृत वैरायटी को एक साथ पेश किया जाएगा। ग्राहक 1 से 4 अप्रैल 2023 तक आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड से न्यूनतम 2500 रुपए की खरीदारी पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक की छूट हासिल कर सकते हैं।

# अमेजन डॉट इन पर 6 से 9 अप्रैल तक होम शॉपिंग स्प्री के साथ हो जाइए गर्मी के मौसम के लिए तैयार

## होम एवं किचन प्रोडक्ट की विशाल रेंज जैसे पानी की बोतलें, लंच बॉक्स, डीप फ्रीजर और कूलर, पंखे, इनवर्टर, बेडशीट, कर्टेन लाइन, वाटर डिस्पेंसर आदि की कीजिए खरीदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इस** बार गर्मी के मौसम में अपने घर को एकदम नया लुक दीजिए और अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री पावर्ड बाय प्रेस्टीज, के साथ घर पर इस सीजन को सुकून के साथ बिताइये। ग्राहक गर्मी के इस मौसम में होम एंड किचन अप्लायंसेस जैसे पानी की बोतलों और लंच बॉक्स, डीप फ्रीजर और कूलर, पंखे और कूलर, इनवर्टर, बेडशीट, कर्टेन लाइंस, वाटर डिस्पेंसर सहित विभिन्न प्रोडक्ट 6 से 9 अप्रैल 2023 तक रोमांचक डील्स और ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान, ग्राहक HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड पर 10 के इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम मेंबरशिप वाले ग्राहकों को 1000 रुपये के न्यूनतम लेनदेन पर 250 तक की छूट के साथ कूपन, कॉम्बो ऑफर, बाय मोर एंड सेव मोर ऑफर, रोमांचक डील और एक्सचेंज ऑफर जैसे कई अतिरिक्त लाभ मिलते हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों को प्रेस्टीज, हैवेल्स, बजाज, एक्कालियन, ल्यूमिनस, ब्लू स्टार, रॉकवेल, अर्बन टेरेन जैसे कुछ टॉप ब्रांड पर बचत करने का मौका मिलता है। अमेजन डॉट इन के इस खास स्टोर्स के साथ गर्मी के मौसम के लिए तैयार हो जाइए। यहां होम और किचन क्लीयरेंस स्टोर पर ग्राहक 80 फीसद तक की आकर्षक छूट का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, होम और किचन अप्लायंसेज पर अतिरिक्त 10 फीसद की छूट और बाय मोर एंड सेव मोर के लाभ के साथ अपने घर को नया रूप दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक ओरिएंट, ऑरावे, टोसा, अर्बन टेरेन, कल्ट स्पोर्ट, योनेक्स, फिलिप्स और बहुत कुछ जैसे टॉप ब्रांडों के होम और किचन प्रोडक्ट के लॉन्च पर रोमांचक डील्स प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए, यदि आपने अपना मन बना लिया है और गर्मियों के लिए तैयार रहना चाहते हैं, तो यहां इस सेल में भाग लेने वाले कुछ विक्रेताओं के कुछ ऑफर दिए गए हैं।

# नप के सफाई कर्मियों की भूख हड़ताल 8वें दिन भी जारी

**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों की मांगों को लेकर 8 वें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़ें सफाई कर्मी मंगलवार को भी अपनी भूख हड़ताल को जारी रखेंगे। नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़ें परिषद के सफाई कर्मियों की सोमवार को भी भूख हड़ताल जारी रही।

धरना पर रोजाना की तरफ से आधा दर्जन कर्मी भूख हड़ताल पर सुबह 6 बजे ही बैठ गए थे। संघ की यूनिट प्रधान विक्रम सिह ने बताया कि उनकी भूख हड़ताल मंगलवार को भी इसी तरह से जारी रहेगी। मंगलवार को प्रदेश स्तर पर दोपहर बाद होने वाली बैठक में आगामी रणनीति के विषय में फैसला लिया जाएगा। प्रदेश स्तरीय कमेटी के आदेशों की पालना अमल में लाई जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम में धूमधाम से मनाया गया उपमुख्यमंत्री का जन्मदिन



**गुरुग्राम।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। गुरुग्राम जिले में विभिन्न स्थानों पर जजपा कार्यकर्ताओं ने सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। उनकी लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामना की। जेजेपी के सूर्या विहार स्थित राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ के कार्यालय पर जिला कार्यकारिणी एवं सामाजिक हस्तियों ने केक काटकर व मिठाई बांट कर जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दलबीर धनखड़ व साथियों ने दुष्यंत चौटाला के चिरायु होने व स्वस्थ रहने की कामना की। नगर निगम वार्ड-6 में जिला अध्यक्ष रिशी राज राणा के छोटे भाई व वार्ड-6 से भावी प्रत्याशी रामअवतार राणा ने न्यू पालम विहार के विभिन्न पार्कों में पौधा रोपण व मिठाई बांट कर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन मनाया। जिला अध्यक्ष रिशी राज राणा ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को जन्मदिन की बधाई दी व उनके स्वस्थ जीवन तथा लंबी उम्र की कामना की। इस शुभ अवसर पर महिला प्रदेश प्रवक्ता विभा पांडेय द्वारा लिखी गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर स्टूडेंट बुक का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सतबीर लाकड़ा, नरेश यादव, रतन शर्मा, दीपक यादव, कुलदीप शर्मा, इंद्रपाल सल्ले, तुषार यादव, जगत सिंह, महेंद्र कादयान, डॉ. सुमित गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, गजराज सिंह, अशोक जांगड़ा, डॉ. प्रियंका मित्तल सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दूसरे दिन भी गेहूं व सरसों की नहीं हुई सरकारी खरीद

**सोहना।** सोमवार को भी गेहूं की सरकारी खरीद शुरु नहीं हो सकी। एक भी किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचा। हेफेड के कर्मचारी गेहूं की सरकारी खरीद करने के लिए पूरा दिन अपनी आंखे मंडी के टोकन गेट पर लगाकर बैठें रहे। गेहूं की सरकारी खरीद शनिवार से प्रदेश में राज्य सरकार के आदेशानुसार शुरु हो गई है। इस बार राज्य सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल 2125 रुपये की घोषणा की है। रविवार को बाद सोमवार गेहूं की सरकारी खरीद का दूसरा दिन था। पहले दिन शनिवार को भी गेहूं की खरीद का खाता नहीं खुला। वैसे ही सोमवार को भी अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो सकी। एक मात्र अपना गेहूं लेकर पहुंचा था। लेकिन उक्त किसान को मेरी फसल मेरा ब्योरा के तहत फसल का पहले से पंजीकरण ही नहीं था। जिसके कारण किसान ने निजी स्तर पर अपने गेहूं को बेच दिया। हेफेड के कर्मचारी मुकेश कुमार ने बताया कि वैसे भी उक्त गेहूं में 20 से भी अधिक नमी थी। जबकि सरकार के आदेशानुसार 14 या इससे कम नमी वाला गेहूं की सरकार के खाते में किसान से खरीदा जाएगा। हेफेड के कर्मचारी मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी तरफसे गेहूं को सरकार के खाते में खरीदने के लिए पूरी तैयारियां कर ली है। खाली बारदाना मंगवा लिया है। इसके साथ खरीदा गया गेहूं को बारदाने में भरने से लेकर गाड़ी में लोड कराने वाले मजदूरों की व्यवस्था कर ली गई है। किसान के गेहूं को शर्तों के आधार तुरन्त प्रभाव से खरीदने के बाद वेयरहाउस में वाहन में लोड़ कर भेजा जाएगा। सोमवार को 3 से 4 किसान अपनी सरसो को बिक्री के लिए लेकर आए थे। लेकिन शर्त के अनुसार सरसो में नमी अधिक होने के कारण सरकारी खरीद नहीं की गई। आज आई सरसों में साढ़े 12 से 18 फीसदी नमी थी। इसलिए उक्त किसानों ने निजी भाव पर अपनी सरसो को आढ़तियों को बेच दिया। किसानों को निजी स्तर पर सरसो की कीमत कम से कम 4800 और अधिक से अधिक 5200 रुपये क्विंटल पर खरीदा जा रहा है।

## 30 वर्षीय महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव धूनेला में सैंट्रल पार्क के बीचों बीच बनी बीपीएल कॉलोनी में 30 वर्षीय महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक महिला को गंभीर हालत में पडोस में रहने वाली महिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को सैंट्रर पार्क के बीच बनी बीपीएल कॉलोनी में 30 वर्षीय पिंकी अपने पति समेत तीन बेटियों के साथ रहती थी। सोमवार को रोजाना की तरफसे पति विनोद सैंट्रल पार्क में ही घर से सुबह काम पर चला गया। पिंकी को दोपहर करीब 12 बजे उसके पडोस में रहने वाली महिला ने गंभीर हालत में देखा। पिंकी की हालत खराब होता देख महिला उसे निजी वाहन से नागरिक अस्पताल सोहना उपचार के लिए लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने पिंकी को मृत घोषित कर दिया। उस समय तक नागरिक अस्पताल में पिंकी का पति या परिवार के अन्य कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। जानकारी के अनुसार पिंकी का मायका राजस्थान में है। महिला ने बताया कि पिंकी की बड़ी बेटी 10 वर्षीय है। नागरिक अस्पताल से भोंडसी थाना पुलिस को सूचना दे दी गई। समाचार लिखे जाने तक पिंकी की जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का खुलाशा नहीं हो सका है।

# सकरनी ने लॉन्च किया जिप्सकार्टन जिप्सम बोर्ड, अर्जुन राम मेघवाल ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** के एक होटल में सकरनी जिप्सकार्टन जिप्सम बोर्ड और इज़ी बिल्ड का मेगा लॉन्च मेड फ़ॉर ड्रीमर्स में हुआ। मास्टर ऑफ़ प्लास्टर्स के नाम से प्रसिद्ध सकरनी ने अपनी हाउसिंग सलूशन रेंज में एक और प्रोडक्ट शामिल किया। सकरनी ने भारत में जिप्सम बोर्ड और इसकी एक्सेसरीज के निर्माण के लिए टेक्नोलॉजी पार्टनर जिप्सकार्टन से हाथ मिलाया। उत्तीर्ण टेक्नोलॉजी से समां बांधने वाले इस कार्यक्रम में कंस्ट्रक्शन सेक्टर के कई दिग्गज, उद्योग विशेषज्ञ, सकरनी बिज़नेस एसोसिएट वइज़ी बिल्ड बिज़नेस एसोसिएट्स उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम को ख़ास बनाने के लिए सम्मानित मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल (मिनिस्टर ऑफ स्टेट फ़ॉर पार्लियामेंट्री अफेयर्स एंड कल्चर) द्वारा जिप्सम बोर्ड का लॉन्च किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते (भारत के ग्रामीण विकास और इस्पात राज्य मंत्री), विशिष्ट अतिथि पद्मश्री योगेश्वर दत्त (ओलंपिक पदक



विजेता), स्पेशल अतिथि संजीव शर्मा (उपाध्यक्ष, दिल्ली ओलंपिक संघ) के साथ सकरनी के अध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता एवं कनोडिया ग्रुप के अध्यक्ष विशाल कनोडिया ने शिरकत की।

अर्जुन राम मेघवाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मुझे बहुत ही गर्व है कि बीकानेर से शुरू हुई सकरनी ने उत्तर भारत का सबसे बड़ा जिप्सम बोर्ड प्लांट राजस्थान में बनाया है। यह अत्याधुनिक विनिर्माण,यूरोपियन तकनीक से युक्त है और बड़े पैमाने पर जिप्सम बोर्ड का निर्माण करता है। जिप्सम बोर्ड से घर निर्माण आसन है, कॉस्ट-इफेक्टिव, टिकाऊ है और यह बोर्ड जल्द ही कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति लेकर आएगा।

सकरनी चेयरमैन डॉ. अशोक गुप्ता ने एक प्रेरणादायक स्पीच दी और सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है किस करनी जिप्सकार्टन जिप्सम बोर्ड अपने बिज़नेस पार्टनर्स के सहयोग से कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में एक बेंचमार्क स्थापित करेंगे। यहां पर एक टेक्निकल सेशन भी आयोजित किया गया जिसमें सकरनी एवं जिप्सकार्टन के डायरेक्टर ने पेंट सेगमेंट और जिप्सम बोर्ड के तकनीकी सफर के बारे में चर्चा की। मेड फॉर ड्रीमर्स के कार्यक्रम में इज़ी बिल्ड तकनीक का भी लॉन्च किया गया। इजी बिल्ड, भारत का पहला एक्सपीरियंस सेंटर और डिजिटल कॉमर्स मार्केट प्लेस है। इज़ी बिल्ड का मुख्य उद्देश्य-सभीस्टेकहोल्डर, रिटेलर्स और प्रभावशाली लोगों को टेक्नोलॉजी और मेटावर्स के ज़रिए एक स्तर पर समाधान देगी। इससे उपभोक्ता बजट में ही अपने सपनों के घर की कल्पना के बेहतर दृश्य को देख सकते हैं। यहाँ पर इज़ी बिल्ड की तकनीकी टीम द्वारा मेटावर्स के माध्यम से ऐप का डेमो दिया और दर्शकों द्वारा इसकी सराहना भी की गई।

# बूथ सत्यापन कार्य को जल्द पूरा करें : सत्यपाल सैनी



पूर्व सांसद एमएलसी विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता मनजीत सिंह, साथ में जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज एवं जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर।

**नोएडा।** बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बूथ सत्यापन के लिए जेवर विधानसभा के रबूपुरा मंडल व जेवर मंडल में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद संभल विधान परिषद, जिला प्रभारी भाजपा गौतम बुद्ध नगर, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश सत्यपाल सैनी का प्रवास रहा। सत्यपाल सैनी ने रबूपुरा व जेवर मंडल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की नीतियां बतायीं।

उन्होंने बूथ सशक्तिकरण अभियान को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को आश्वस्त किया कि वे समय से पहले ही संगठन द्वारा दिए गए कार्य को पूर्ण कर देंगे। उनके साथ बूथ सशक्तिकरण अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष गौतम बुध नगर सत्येंद्र नागर, जिला एवं लोकसभा आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज मौजूद रहे।

जेवर प्रवास के दौरान वह जेवर खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह के पैतृक आवास दयानतपुर गए। जहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह के पौत्र मनजीत सिंह के साथ उनकी स्मृतियों को साझा किया।

# स्टार्टअप शुरू करने से पहले कई पहलुओं का ज्ञान लेना जरूरी : डा. ताराशंकर

## एसजीटी यूनिवर्सिटी ने कानूनी अड़चनों से अवगत करवाने के लिए किया एक्सपर्ट टॉक

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**फैकल्टी** ऑफ कॉमर्स के एसोसिएट डीन व युक्ति के कॉर्डिनेटर डॉ. के. ताराशंकर ने कहा कि नए स्टार्टअप से पहले फाउंडर एग्रीमेंट, इनलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन और लेबर कानून के बारे में जान लेना चाहिए।

उन्होंने छात्रों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह बात उन्होंने यूनिवर्सिटी द्वारा नए स्टार्ट अप शुरू करने से पहले आने वाली कानूनी अड़चनों से अवगत करवाने के लिए प्लानिंग स्टार्टअप विद फोकस ऑन लीगल एसपैक्ट्स शीर्षक पर एक एक्सपर्ट टॉक में कही। यह कार्यक्रम फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन एण्ड मीडिया टेक्नॉलजी व सेंटर ऑफ लेंगवेज एण्ड कम्यूनिकेशन के द्वारा द इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत किया गया। डा. ताराशंकर ने कहा कि एक योजना को विकसित करने, धन



एसजीटी यूनिवर्सिटी में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम में बोलते फैकल्टी ऑफ कॉमर्स के एसोसिएट डीन व युक्ति के कॉर्डिनेटर डॉ. के. ताराशंकर।

जुटाने, संसाधनों का निर्धारण करने सहित पांच चरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए इसका महत्व भी बताया। उन्होंने यह भी कहा कि एसजीटी विश्वविद्यालय भी स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर के तहत आर्थिक व तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने से पहले डॉक्यूमेंट पूरे होने चाहिए, ताकि कानूनी तौर पर आने वाली दिक्कतों से बचा जा सकता है। इसके साथ ही डॉ. ताराशंकर ने सरकार की योजना युक्ति के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी और कहा कि यह एक ऐसी योजना है कि जब कोई व्यक्ति अपने स्टार्टअप के बारे में सरकार को कोई सुझाव देता है तो इस योजना के तहत सरकार आर्थिक तौर पर लोगों की मदद करती है।विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन एण्ड मीडिया टेक्नॉलजी के डीन प्रोफेसर सुशील मानव ने कहा कि हमेशा रोजगार लेने की बजाय रोजगार देने वाले बनें। इसके साथ ही प्रोफेसर मानव ने गुरुग्राम से शुरू हुए नए स्टार्टअप ब्लिंकिट की सफलता के बारे में भी बताया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 अप्रैल, 2023



# कोरोना : 19 पॉजिटिव, दो की मौत, 11 मरीज हुए स्वस्थ्य

कविता। फरीदाबाद

**जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा पहुंचा 115 पर**

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ अन्य जिलों से भी मरीज यहां के निजी अस्पतालों में इलाज कराने को भर्ती हो रहे हैं। बाहरी जिलों से यहां आकर निजी अस्पताल में भर्ती दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों की हाल ही में मौत हुई है। जिनका अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार किया गया है।

फिलहाल जिले में सोमवार को 19 नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि की गई है, लेकिन राहत की बात यह रही कि 11 मरीजों को स्वास्थ्य घोषित किया गया है। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 115 पर पहुंच गया है।

**दो मरीजों की मौत :** कोरोना पॉजिटिव हुए विभिन्न जिलों से यहां आकर एक निजी अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की मौत हो गई। जिसमें चंडीगढ़ निवासी 60 वर्षीय श्याम प्रसाद गौतम की मौत हुई है। वह गत 31 मार्च को एक निजी अस्पताल में भर्ती हुए थे। जहां इलाज के दौरान कोविड पॉजिटिव श्याम प्रसाद गौतम की गत एक अप्रैल को मौत हो गई। उनका अंतिम संस्कार कोरोना गाइडलाइन के अनुसार किया गया था। वहीं गाजियाबाद जिले की निवासी भूती नामक 71 वर्षीय महिला को गत 22 फरवरी को फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। कोरोना पॉजिटिव भूती की इलाज के दौरान गत 31 मार्च को मौत हो गई। जिस पर उनके परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार फरीदाबाद में ही कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार करवाया। वहीं दूसरी तरफ दोनों मरीजों को कोविड-19 के आंकड़ों में जिला स्वास्थ्य विभाग ने शामिल नहीं किया है और न ही उनकी पुष्टि की है, क्योंकि दोनों ही मामले जिले में बाहर से आए मरीजों के हैं। ऐसे में जिन जिलों के दोनों मरीज थे, वहां उनका डाटा भेज दिया गया है।

**19 कोरोना पॉजिटिव मरीज :** जिला स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के 19 नए मामलों की पुष्टि सोमवार को की है। जिसमें राहत की बात यह रही कि होम आईसोलेशन में रह रहे 11 मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिससे जिले में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 115 पर है। इसमें तीन मरीज अस्पतालों में और शेष 112 मरीज होम आईसोलेशन में हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में कोरोना के 387 सैम्पल जांच किए गए हैं। निजी और सरकारी प्रयोगशालाओं में लिए गए 167 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।


कोरोना पॉजिटिव का अंतिम संस्कार करते हुए कर्मी।

## संक्षिप्त समाचार

### रावल क्रिकेट अकादमी ने जीता 288 रन से मैच




**फरीदाबाद।** सेक्टर-11 स्थित स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी के क्रिकेट ग्राउंड पर 26वां मैंटोर कप अंडर-12 का लीग मैच खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और स्पोर्ट्सलैंड डीपीएस के बीच हुआ। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 371 रन बनाए। जिसमें विशेष बहल ने 115 रन बनाए। देव भड़ाना ने 113 रन बनाए। विराट त्यागी ने 41 रन बनाए। वहीं स्पोर्ट्सलैंड डीपीएस के गेंदबाज आरव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्सलैंड डीपीएस के बल्लेबाज 31 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 83 रन ही बना सके। जिसमें आरव ने 19 रन और खूशबू ने 12 रन बनाए। रावल के गेंदबाज वैष्णव और भानू बघेल ने 3-3 विकेट लिए। वहीं वरदान बघेल ने 2 विकेट लिए। अंत में रावल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 288 रनों से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब विशेष बहल को दिया गया।

### नेहा ने तीसरी बार पास की न्यायिक सेवा परीक्षा



**फरीदाबाद।** जिले की रहने वाली नेहा सिंह ने दिल्ली की न्यायिक सेवा में सफलता हासिल की है। नेहा मूल रूप से पलवल के गांव सिहौल की रहने वाली हैं। साल 2022 में हुई दिल्ली न्यायिक सेवा में नेहा ने उन्नीसवां स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा का परिणाम 24 मार्च को घोषित किया गया था। खास बात यह है कि नेहा इससे पूर्व मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा में चयनित हुईं और हरियाणा न्यायिक सेवा में 9वे स्थान पर सफलता प्राप्त कर चुकी हैं। फिलहाल नेहा हरियाणा में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कम जुडिशल मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत हैं और उनकी ट्रेनिंग चंडीगढ़ में चल रही है। नेहा ने बताया कि उन्होंने साल 2019 में राजीव गांधी नेशनल ला यूनिवर्सिटी से बीए एलएलबी की परीक्षा पास करने के बाद दिल्ली में राहुल्स आईएएस इंस्टिट्यूट से न्यायिक सेवा की तैयारी की। 2022 में पहले उनका चयन मध्य प्रदेश में हुआ। उसके कुछ समय बाद वे हरियाणा में भी सफल रही। अब उनका चयन दिल्ली में हुआ है। नेहा ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने परिवार व कोचिंग सेंटर राहुल्स आईएएस दिल्ली को देती हैं। इनके पिता श्याम सिंह नगर निगम करनाल में एसई, के पद पर कार्यरत हैं। जबकि माँ भारती सिंह गृहिणी हैं। नेहा के दादाजी रिटायर्ड हेडमास्टर हैं। नेहा की दो बड़ी बहनें और एक छोटा भाई हैं।

### डाटा चुराकर बेचने वाले को हैदराबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** 28 मार्च को हैदराबाद के साइबराबाद थाने की पुलिस ने फरीदाबाद से आरोपी विनय को नागरिकों की निजी जानकारी चुराकर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी विनय फरीदाबाद के आदर्श नगर एरिया का रहने वाला है और बल्लभगढ़ एरिया में अपना ऑफिस चलाता है। आरोपी आमेर सोहेल तथा मदन गोपाल नाम के व्यक्ति से यह जानकारी लेकर आगे बेचता था जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि सार्वजनिक संस्थाओं जैसे सरकारी कर्मचारियों के रिकॉर्ड, पैन कार्ड धारकों की जानकारी, नवमी दसवीं ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों की जानकारी, डीमैट धारकों, नीट परीक्षार्थियों, बीमा धारकों क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा केंद्रीय व राज्य संस्थाओं से जुड़ी जानकारी भी बेची जा रही थी। आरोपी के कब्जे से दो लैपटॉप तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही है। कानून के तहत आगे की कार्रवाई अमल में लाकर मामले में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

### अमृता अस्पताल में सी-20 शिखर सम्मेलन आठ से


**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल में जी-20 के आधिकारिक कार्य समूहों में से एक, सिविल 20 (सी-20) का एकीकृत समग्र स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन 8 से 9 अप्रैल 2023 को आयोजित होने जा रहा है। 8 अप्रैल को उद्घाटन समारोह के दौरान कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इनमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख एल. मंडाविया हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, आयुष मंत्रालय सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान मंत्री अनिल विज, हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रंजीत सिंह, केंद्रीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और फरीदाबाद के तिगांव से विधायक राजेश नागर जैसे मुख्य अतिथि शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस प्रतिनिधियों को वीडियो कॉल पर संबोधित करेंगे। अर्जेंटीना, रवांडा और मलावी जैसे देशों के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भी शिखर सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी माता अमृतानंदमयी (अम्मा) सी-20 की अध्यक्ष हैं।

### बीजेपी कांग्रेस से हुआ लोगों का मोह भंग : डॉ. तंवर



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अशोक तंवर ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रदेश की जनता का दोनों से मोह भंग हो चुका है। डॉ अशोक तंवर मंगलवार को वार्ड नंबर 10 में भावी उम्मीदवार सुदेश राणा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। सुदेश राणा ने डॉक्टर अशोक तंवर का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ आप नेता धर्मबीर भड़ाना, प्रवेश मेहता, राजेंद्र शर्मा, ओ पी वर्मा, खैमी ठाकुर, राजा भैया, राम गौर, सुभाष बघेल, संतोष कुमार, हरजिंदर मेंहदीरत्ता, मंजीत सिंह, देवराज, मुल्कराज भड़ाना आदि मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अशोक तंवर ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में जो लोगों को राहत प्रदान की है, वह पूरे देश में अपने आप में एक मॉडल साबित हो रहा है, उनकी इस नीतियों से लोगों में आम आदमी पार्टी से जुडने् के लिए खासा उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है और वो जानते हैं कि लोगों का कोई पार्टी भला कर सकती है, तो वह केवल आप पार्टी है। राजेंद्र शर्मा एवं प्रवेश मेहता ने कहा कि नगर निगम चुनावों को लेकर बीजेपी घबराई हुई है। मगर, वो कितना भी चुनावों को टाल लें हार से बच नहीं सकते।

### मंत्री ने किया लघु सचिवालय का औचक निरीक्षण



**बल्लभगढ़।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को बल्लभगढ़ उप मण्डल स्तरीय सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। जहां पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपमंडल स्तरीय सचिवालय जनता को समर्पित किया था। यहां एक छत के नीचे विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठ कर जन समस्याओं का निपटान कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इसी व्यवस्था के मद्देनजर औचक निरीक्षण किया गया है। जहां सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सफाई व्यवस्था और रिकार्ड को सही रखने की हिदायतें मंत्री ने अधिकारियों को दी। मौके पर एसडीएम त्रिलोक चंद, डीसीपी कुशलपाल सिंह, एसीपी मनीष सहगल और तहसीलदार भूमिका लांबा व अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जबकि औचक निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने लघु सचिवालय परिसर में मौजूद वकीलों की समस्याओं का भी निपटारा किया।

# ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज का दौरा कर विदेशी वैज्ञानिकों ने लिया जायजा

**मेडिकल कॉलेज में कैंसर के मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा करते विदेशी वैज्ञानिक, संग में हैं डीन डॉ. असीम दास और डॉ. एके पांडे।

**एनएच** तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का सोमवार को विदेशी वैज्ञानिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने दौरा किया। विदेशी वैज्ञानिकों ने रोच फार्मा कंपनी के साथ मिलकर ईएसआइसी मेडिकल कॉले तमें कैंसर से पीड़ित मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहनता के साथ जायजा लिया।

इस बारे में उन्होंने अस्पताल के डीन डॉ. असीम दास और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एके पांडे से जानकारी हासिल की। विदेशी वैज्ञानिकों का प्रतिनिधि मंडल रोच फार्मा कंपनी के सीईओ व महाप्रबंधक सिंपसन एमानुएल के नेतृत्व में सोमवार को एनएच तीन स्थित ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा करने पहुंचा था। प्रतिनिधि मंडल में रशिया के फर्डीनेंड वेल, तुर्की से महिला अधिकारी सारले गजल, ईरान से सौम्या, जॉर्जिया से नीनो गंगवा, बेलारूस से अलीना एस्ट्रिको, सर्बिया की ड्रेगन लुकिक, नॉर्थ मेसेडोनिया के रिलिंड जेगेनी सहित अन्य कई देशों के अधिकारी शामिल थे। विदेशी मेहमानों का कॉलेज के डीन डॉ. असीम दास ने स्वागत किया। उन्होंने वैज्ञानिकों को अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। टीम के सदस्यों ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि अस्पताल में नए कैंसर के मरीजों का इलाज सात से दस दिनों के भीतर शुरू हो जाता है। अस्पताल के कैंसर विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय रॉय ने टीम को कैंसर विभाग में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि इलाज में अगर देरी हो तो जांच के दौरान कई कैंसर मरीजों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे में कैंसर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। यहां कैंसर मरीजों के लिए जांच के लेकर कीमो थैरपी और काउंसलिंग तक सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एके पांडे ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों की मरीजों की सहूलियत के लिए की जा रही नई डेवलपमेंट के विषय में बताया गौरतलब है कि कोरोना महामारी के दौरान ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज ने शहर के लोगों का इलाज करने में अहम भूमिका निभाई थी। यहां कोरोना में कई वैक्सीनों का सफल ट्रायल भी हुआ था। अस्पताल में हृदय रोगियों के साथ कैंसर के मरीजों के लिए भी उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यही कारण है कि कैंसर के मरीजों को अब निजी अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अब अन्य राज्यों के मरीज भी यहां इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही मरीजों की काउंसिलिंग की जाती है। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। इसी वजह से विदेशी वैज्ञानिकों की टीम दौरा करने यहां आई है।

# मांगें पूरी न होने पर आर-पार के संघर्ष की निर्णायक घोषणा


मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते बिजली कर्मी।

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ के आहवान पर सुनील खटाना राज्य प्रधान हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन एवं राज्य महासचिव हरियाणा कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व मे मंडल कमिश्नर फरीदाबाद के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कर्मचारियों की मांगो का पांच सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया।

इस कार्यक्रम में जिला फरीदाबाद, पलवल व मेवात जिले के कर्मचारियों ने शहर में रोष प्रदर्शन के माध्यम से जुलूस निकालते हुए मंडल कमिश्नर कार्यालय पहुंच कर कमिश्नर की अनुपस्थिति में कार्यालय के सुप्रिंटेडेंट संजय जैन को अपना ज्ञापन सौंपने पहुंचे। इस अवसर पर हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने कहा कि सत्ता में आने से पूर्व सरकार ने कर्मचारी वर्ग से जो वादे किए थे।

सरकार उनके विपरीत काम कर रही है जैसे कि सरकार ने कहा था कि जिस दिन हम सत्ता में आएंगे पहली कलम से प्रदेश के सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करेंगे आज पक्का करना तो दूर की बात कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाकर एक ठेकेदार से निकालकर सरकार स्वयं ठेकेदारी करने का काम कर रही है जिससे भविष्य में स्थाई रोजगार समाप्त हो जाएगा। पुरानी एक्स ग्रेशिया पॉलिसी के स्थान पर नई एक्स ग्रेशिया में अनुकंपा कम शर्तें ज्यादा लगा दी गई है, आज चारों तरफ निजीकरण का बोलबाला है।

# धूमधाम से मना स्कूल का वार्षिकोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नंगला** एनक्लेव पार्ट-2 स्थित होली फेथ पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनआईटी के पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने शिरकत की। वहीं विशेष रूप से क्षेत्र के प्रधान मामचंद भड़ाना, पर्वतीय कालोनी चौकी प्रभारी मनोज कुमार, एएसआई भारत भूषण तथा हैड कांस्टेबल सोनू, शिक्षाविद् डा. प्रदीप गुप्ता, डा. राजेश मदान, मानव शर्मा, अरूण सिंह राजपूत, शोभित आजाद, अभिषेक सिंह, भूपेन्द्र श्योराण, अधिवक्ता डा. तरूण अरोड़ा, गुलाब सिंह, लालू सिंह मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्कूल के फाउण्डर सूर्य प्रताप सिंह व चेयरमैन हर्षित राघव ने मुख्य अतिथियों का फूल-माला पहनाकर, पगड़ी बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर होली फेथ मॉडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की प्रिंसीपल सुचेता राघव ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में मुख्य अतिथि तथा अभिभावकों को बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य हैं। आगे बढ़ने का अवसर देकर बच्चों को हर क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों से निपटने के लिए तैयार किया जा सकता है, जिससे देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे सकें।

# जजपा ने मनाया दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन

**हरियाणा की जनता सीएम के रूप में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को चाहती है देखना: उमेश भाटी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कार्यकर्ताओं संग दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन का केक काटते उमेश भाटी।

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का 35वां जन्मदिन अशोका एन्क्लेव स्थित जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के कार्यालय पर केक काटकर बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की तस्वीर पर तिलक करके उनके लम्बी उम्र की कामना की गई। जन्मदिवस के अवसर पर तिगांव विधानसभा से सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटा और सभी ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की दीर्घायु व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और जिंदाबाद के नारे लगाए। गौरतलब है की फरीदाबाद में सुबह से ही कई जगहों पर जेजेपी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मना रही है। ऐसे में जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने भी अपने कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का 35 वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर उमेश भाटी ने कहा कि दुष्यंत चौटाला पूरे प्रदेशवासियों और खासकर युवाओं के लिए वह आशा हैं, प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हरियाणा के निजी उद्यमों में 75 फीसद तक नौकरी दिलाने का अपना वादा पूरा किया। और बुढ़ापा पेंशन योजना में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है आने वाले समय इसकी राशि 5100 रुपये होने वाली है। इतना ही नहीं पूरे प्रदेशभर में बेटियों की शिक्षा का उत्तम प्रबंध करने के उद्देश्य से रोडवेज बसों द्वारा उन्हें गांव से शैक्षणिक संस्थानों तक लाने और ले जाने की व्यवस्था करवाई है।

# गौरी और प्रिंस ने ताइक्कांडो में जीते गोल्ड

**फरीदाबाद।** सेक्टर दो में रहने वाले गौरी भाटी व प्रिंस भाटी ने 36वीं नैशनल सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। दोनों भाई बहन हैं और अलग-अलग वेट कैटेगरी में अभ्यास करते हैं। दोनों इंटरनैशनल इवेंट के लिए भी क्वालीफाई कर चुके हैं।

यह प्रतियोगिता विगत 28 से 31 मार्च तक राजस्थान स्थित कोटा यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई थी। 14 साल की गौरी भाटी ने 41 किलोग्राम भार वर्ग व 11 साल के प्रिंस ने 27 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। पिता राजेंद्र भाटी प्रॉपर्टी कंसलटेंट हैं। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चे बल्लभगढ़ स्थित रावल पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। बेटी 10वीं क्लास में व बेटा सातवीं क्लास में है। काफी पहले से इन दोनों को खेल में रुचि थी।

# शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन में संशोधन जरूरी : राज नेहरू

**श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में शिक्षा शास्त्र एवं क्षमता निर्माण विभाग के द्वारा आयोजित की गई एक दिवसीय कांफ्रेंस**

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


कांफ्रेंस में उपस्थित कुलपति श्रीराज नेहरू एवं अन्य शिक्षकगण।

**श्री**विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि शिक्षण की पद्धति और मूल्यांकन की विधियों में संशोधन की आवश्यकता है। बदलते समय और पाठ्यक्रमों की बदलती प्रवृत्ति के कारण यह बदलाव जरूरी हैं। वह शिक्षा शास्त्र एवं मूल्यांकन की नवीन रणनीति विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

कुलपति राज नेहरू ने कहा कि शिक्षण हमारे यहां आदिकाल से रहा है, किंतु समय के साथ-साथ उसकी पद्धतियों में परिवर्तन आते रहे हैं। चूंकि यह सूचना, तकनीक और विज्ञान का दौर है और कौशल इसमें बहुत अहम कड़ी है। कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाने और उन्हें कौशल हस्तांतरित करने में काफी अंतर है। इसलिए जब कौशल हस्तांतरण और शिक्षण जैसे विषय की बात आती है, तो शिक्षण विधियों और मूल्यांकन की पद्धतियों पर पुनर्विचार बहुत जरूरी है। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इसी बदलाव को लेकर निरंतर अभ्यास कर रहा है। लंबे मंथन के बाद कई सुधारात्मक आयाम निकल कर सामने आए हैं। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ इन रणनीतिक पहलुओं पर निरंतर काम कर रहे हैं।

इस कांफ्रेंस में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन के तौर-तरीकों पर डेमो दिए और परिवर्तन की संस्तुतियों को स्थापित किया। बाकायदा शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र एवं क्षमता निर्माण विभाग के अधिष्ठाता प्रो. ऋषि पाल ने बताया कि हम शिक्षण और मूल्यांकन को लेकर अभिनव प्रयोग कर रहे हैं। कुलपति श्रीराज नेहरू के निर्देशन में अपेक्षित परिवर्तन और इन दोनों क्षेत्रों में नवाचार के दृष्टिगत कार्य किया जा रहा है। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शिक्षण एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आयामों पर सक्रियता से कार्य कर रहा है। कौशल शिक्षण एवं परंपरागत शिक्षण पूर्णतया भिन्न है। कौशल शिक्षण में शिक्षक को विद्यार्थियों में हुनर प्रवाहित करना होता है।

# रैली में वाईएमसीए के कर्मचारी लेंगे भाग: डंगवाल

**फरीदाबाद।** मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड्स को रद्द करने, यूनियनों का रजिस्ट्रेशन 45 दिन के अंदर करने, एनसीआर के मजदूरों को एक समान वेतन देने, महिला मजदूरों का उत्पीड़न बंद करने, छटनी ग्रस्त श्रमिकों को बहाल करने, आउटसोर्सिंग पर कार्यरत मजदूरों को पक्का करने, महंगाई पर रोक लगाने, सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी पांच अप्रैल को दिल्ली की रामलीला मैदान में होने वाली मजदूर किसान रैली में फरीदाबाद से बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

यह जानकारी सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवालने दी। उन्होंने बताया कि रैली में वाईएमसीए के कर्मचारी भी भाग लेंगे। वाईएमसीए के गेट पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि देश के विकास में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान है। मजदूर ही सुई से लेकर हवाई जहाज तक बनाते हैं। इन्हीं मजदूरों की हालात बेहद खराब है। मौजूदा सरकार के सत्ता में आने के बाद तो हालात ज्यादा गंभीर हो गए हैं। भाजपा सरकार मजदूर विरोधी चारों कानून लेबर कोर्डस पारित कर चुकी है।

# क्रमिक भूख हड़ताल नौ अप्रैल तक स्थगित: शास्त्री


प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नरेश शास्त्री।

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने गोल्फ क्लब मैं आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पालिका, परिषद, निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मियों की गत 27 मार्च से चल रही क्रमिक भूख हड़ताल व आक्रोश प्रदर्शनों के दबाव में सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री डॉ कमल गुप्ता से 5 अप्रैल दोपहर 3 बजे हरियाणा निवास चंडीगढ़ में वार्ता का निमंत्रण भेजा है।

सरकार के निमंत्रण पर संघ ने विचार उपरांत निर्णय लेते हुए राज्यव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल को स्थगित करने ऐलान कर दिया। गौरतलब है कि फरीदाबाद निगम मुख्यालय पर सीवर मेन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया की अध्यक्षता में बैठे भूख हड़ताली कर्मचारियों को प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवा दी है। शास्त्री ने बताया कि वार्ता के बाद संघ 8 अप्रैल को रोहतक में राज्य कमेटी की बैठक में सरकार से हुई वार्ता की समीक्षा कर आगामी आंदोलन की रणनीति बनाएगा। जिसका ऐलान 9 अप्रैल को रोहतक में ही प्रदेश की पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमो व अग्निशमन विभाग के कार्यकर्ताओं तथा महिला सब कमेटी के इकाई जिला एवं राज्य के पदाधिकारियों का राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर भविष्य के आंदोलन की रण नीति का ऐलान करेगा तथा महिला राज्य सब कमेटी का आगामी 3 वर्षों के लिए भी गठन किया जाएगा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मांगों को लेकर दिल्ली में 5 अप्रैल को किये जाने वाले प्रदर्शन में भी कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे।

## पुलिस की पूछताछ
### मध्ययुगीन तरीके

**लोगों** से पूछताछ में हमारे कुछ पुलिसकर्मी अत्याचार के मध्ययुगीन तरीके अपनाते हैं जिनका अधिकांश खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ता है। हमारे कुछ राजनेता हमेशा प्रगति की बात करते हैं और स्वयं इसका श्रेय लेने का प्रयास करते हैं, जबकि अनेक संवेदनहीन नेताओं के बावजूद देश में जो कुछ भी अच्छा होता है उसका श्रेय जनता को दिया जाना चाहिए। देश भर के अधिकांश राजनेता पुलिस व्यवस्था में सुधार करने में विफल रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप समाज में सबसे निचले तबके के लोगों को असाधारण कष्ट और वंचना का शिकार होना पड़ता है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में जोपनाला गांव की आदिवासी लड़की कंचन उइके के मामले पर गौर करें जो 14 वर्ष की आयु में जून, 2014 से गायब थी। 12 मार्च, 2021 को तत्कालीन पुलिस सब-डिवीज़नल अधिकारी-एसडीओपी संतोष कुमार ने जुडीशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत 42 पेज के आरोप पत्र में कहा कि पीड़िता की हत्या उसके 54 वर्षीय पिता सानू उइके तथा 18 वर्षीय भाई सनी ने कर दी थी। इन दोनों ने 'अपराध' स्वीकार कर लिया। पिछले सप्ताह पुलिस ने एक लाश बरामद कर उसे कंचन की लाश बता दिया। लेकिन दो बच्चों की वह मां बाद में घर लौट आई। उसे पता भी नहीं था कि उसके पिता और भाई पर उसकी हत्या का आरोप लगा था। इस पर एसडीओपी डेहेरिया ने बहाना बनाया, 'आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया था। मुझे पता नहीं उन्होंने झूठ क्यों बोला था।' सोनू उइके ने एक समाचारपत्र संवाददाता को इस 'क्यों' का विवरण देते हुए बताया, 'पुलिस ने हमारी पिटाई कर वह अपराध स्वीकारने को कहा जो हमने कभी नहीं किया था। हमने और अधिक अत्याचार से बचने के लिए अपराध स्वीकारोक्ति के कागजों पर हस्ताक्षर कर दिए। यदि वे खेत में थोड़ी और खुदाई करते तो उनको ज्यादा हड्डियां मिलतीं क्योंकि हम अपने मृतकों को वहीं दफन करते थे।'



दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी आमतौर से पूछताछ व जांच उसी तरीके से की जाती है जैसा अंग्रेजों के शासनकाल में होता था। खासकर आरोपी के गरीब होने पर उसके मानवाधिकारों व गरिमा की जरा भी चिन्ता नहीं की जाती है। पिछले साल दिसंबर में उत्तर प्रदेश में भी एक मामला सामने आया था जिसमें एक युवा पर लड़की से बलात्कार व उसकी हत्या का आरोप लगाया गया था, जबकि लड़की जीवित थी। अगस्त, 2022 में उदयपुर के एक पुलिस थाने में युवा दलित की निर्मम पिटाई की खबर आई थी। कुछ दिनों पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक आईपीएस अधिकारी को बर्खास्त करने के आदेश दिए जिस पर एक हमले में कथित रूप से संलिप्त 6 लोगों के दांत तोड़ने का आरोप था। पुलिस के असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट बलवीर सिंह पर एक व्यक्ति के अंडकोश कुचलने का आरोप था। आश्चर्य होता है कि क्या यह 21वीं शताब्दी है जिसमें भारत विश्व शक्ति व विकसित देश बनने की इच्छा करता है, अथवा यह मुगल काल है जब आम लोग अत्याचारी अधिकारियों के रहम पर जीवित रहते थे और अक्सर उनको बर्बर अत्याचारों का सामना करना पड़ता था। सभी दलों के राजनेता दलितों, आदिवासियों, आदि की सेवा का दावा करते हैं। वे ऐसा प्रदर्शित करते हैं जैसे उनका दिल अभागे गरीब लोगों के साथ है और वे उनकी स्थिति सुधारने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे अधिकांश नेताओं ने देश में पुलिस सुधार के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई है अथवा वे उसमें विफल रहे हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि गरीब अब भी पुलिस से डरते हैं।

# वन्यजीव प्रबंधन का नया दृष्टिकोण

हाल में वन्यजीव प्रबंधन के मामलों में अनेक चुनौतियां सामने आ रही हैं। ऐसे में ग्रह पर जीव प्रबंधन में नए खोजी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो गया है।



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, इक्फ्री के पूर्व महानिदेशक हैं)



हालांकि, भारत का दुनिया के भौगोलिक क्षेत्र में हिस्सा केवल 2.2 प्रतिशत है, पर यहां वन्यजीवों की व्यापक विविधता पाई जाती है। यहां दुनिया के स्तनधारी जीवों का 7 प्रतिशत से अधिक तथा चिड़ियों की संख्या का लगभग 12.5 प्रतिशत पाया जाता है। हमारे यहां जैव विविधता में लगभग 92,000 प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें अकेले कीटों की 61,000 से अधिक प्रजातियां हैं। अब भी बड़ी संख्या में जीवों की खोज कर उनको सूचीबद्ध करना बाकी है। इस प्रकार भारतीय जंगलों का वन्यजीवों की विविधता को देखते हुए कोई मुकाबला नहीं है। हाल में देश में चीतों को पुन: लाया गया है जो पचास के दशकारंभ में बेलगाम शिकार के कारण विलुप्त हो गए थे। पिछले साल अफ्रीका से लाए चीतों के कारण हमारे देश में वन्यजीवों की विविधता व विशिष्टता ने नए आयाम छुए हैं। किसी अन्य देश में जीवों व वनस्पतियों की इतनी समृद्ध विविधता विद्यमान नहीं है। भारत में शानदार शेर, बाघ, तेंदुए और हाथी, गौर व गैंडे तथा हिमालय पर्वतों में विशाल जंगली भेड़ें, स्वांप डियर व स्पाटेड डियर पाए जाते हैं। इन जीवों में चार सींगों वाले एंटीलोप, भारतीय एंटीलोप या ब्लैक बक भी शामिल हैं।

हमारे यहां घड़ियाल, मगर और डाल्फिन पाए जाते हैं। रेगिस्तानी क्षेत्र में भारत में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड व ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाए जाने वाले स्नो लेपार्ड हमारी वन्यजीव समृद्धि और विविधता के प्रतीक बने हुए हैं। हमारे वन्यजीवों की समृद्धि का प्रमुख कारण विविधतापूर्ण भौगोलिक स्थितियां तथा अलग-अलग कृषि-परिस्थितिकी क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्राकृतिक जंगल हैं। इसके साथ ही हमारी सभ्यता, धार्मिक विश्वासों और संस्कृति ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसमें सभी जीवों व वनस्पतियों के जीवन का अधिकार स्वीकार किया गया है। हिंदू धर्म के अधिकांश देवी-देवताओं का संबंध एक या दूसरे रूप में विभिन्न जीवों से है। बढ़ती जनसंख्या के बावजूद हमारे देश में वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा को महत्व दिया गया है। इससे जंगली परिस्थितिकी तंत्रों की जीव सहायता व्यवस्थायें स्थिर हुई हैं।

वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए हमारे पास वन्यजीव संरक्षण कानून, 1972, भारतीय वन कानून, 1927, वन संरक्षण कानून, 1980 तथा पर्यावरण संरक्षण कानून, 1986 मौजूद हैं। भारत में 998 संरक्षित क्षेत्रों का नेटवर्क मौजूद है जिसमें 106 नेशनल पार्क, 557 वन्यजीव अभयारण्य, 105 संरक्षण रिजर्व तथा 220 सामुदायिक रिजर्व शामिल हैं। ये कुल मिला कर देश के 1,736 मिलियन हेक्टर भौगोलिक क्षेत्र में फैले हैं जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 5.28 प्रतिशत है। सफलताओं और प्रबंधन के इस सकारात्मक ढांचे के बावजूद लगातार टकराव हो रहे हैं तथा गंभीर प्रबंधन चुनौतियां सामने आई हैं। इसलिए बेहतर भावी प्रबंधन तथा जीवों को टिकाऊ संसाधन स्थाई रूप से प्रदान करने की जरूरत है। कोई भी संगठन या व्यवस्था केवल अपनी प्रशंसा पर ही जीवित नहीं रह सकता है।

भारतीय वन एवं वन्यजीव संरक्षण भी आज एक दोराहे पर खड़ा है जिसका कारण जलवायु परिवर्तन, स्मगलर व शिकारी, अनियमित पर्यटन, खास स्थलों पर निर्वनीकरण, जनसंख्या का दबाव तथा विकास गतिविधियों के लिए भूमि की मांग, आदि हैं। खासकर वन क्षेत्रों में खनन व भारत के खनिज मानचित्र व वन मानचित्र का एक दूसरे को ढकने की समस्या है। शास्त्रीय वन प्रबंधन में परिवर्तन का कोई स्थान नहीं है। लेकिन अब इसके स्थान पर पर्यावास प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है जिसमें एक वन क्षेत्र में जीवों व वनस्पतियों के माइक्रो व मैक्रो पर्यावास प्रबंधन पर जोर दिया गया है। अतीत में सभी अच्छे फारेस्टर व वन्यजीव प्रबंधक सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय परिस्थितिकी प्रबंधक थे। उन्होंने बाघों व हाथियों के साथ सभी प्रकार के शिकारी व शिकार होने वाले जानवरों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया था। समय बीतने के साथ फारेस्टर के कामकाज में विस्तार हुआ और ज्यादा विशिष्टीकरण तथा गतिविधियों के विविधीकरण की आवश्यकता सामने आई। अब फारेस्टर को अपना ध्यान शेरों व हाथियों के साथ ही अन्य वन्यजीवों, जैसे बीटल्स व तितलियों, आदि पर देना पड़ता है। उनके संरक्षण के साथ ही हमारे स्वास्थ्य व अन्य लाभों के लिए जेनेटिक संसाधनों का संरक्षण भी जरूरी है।

चूंकि अब वन विभाग के कामकाज में ज्यादा विविधीकरण आया है, इसलिए हमें स्थापित विभिन्न शाखाओं के साथ न्याय करना होगा। इसके लिए पैसे के साथ ही इच्छाशक्ति की भी जरूरत है। लेकिन थोड़े नियोजन से वन हमें इतना दे सकते हैं जो उनके टिकाऊ विकास के लिए जरूरी हो। उदाहरण के लिए, यूरोप व अमेरिका जैसे अन्य पश्चिमी देश अपनी भू-दृश्यावली को सफलतापूर्वक बेच कर पर्यटन गतिविधियों से राजस्व प्राप्त कर रोजगार सृजन कर रहे हैं। भारत में हमारे पास विविधतापूर्ण भू-दृश्यावलियां व बेजोड़ सौंदर्य है, इसके बावजूद हम अपने सुंदर भूदृश्यों व विविधतापूर्ण वन्यजीवों की समुचित मार्केटिंग नहीं कर सके हैं। हालांकि, जंगलों व लाजों में पर्यावरण-पर्यटन स्थलों के बहुत अच्छे उदाहरण भी हमारे सामने हैं। कर्नाटक में सहयोग के साथ ही कांथा, कार्बेट, आदि वन्यजीव स्थलों का प्रबंधन किया गया है, पर अभी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर कृषि-वानिकी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि हम न केवल अपनी भूमि के 33 प्रतिशत पर जंगलों व पेड़ों का आच्छादन करने का राष्ट्रीय लक्ष्य पूरा कर सकें, बल्कि जलवायु परिवर्तन की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धतायें भी पूरी कर सकें। इसका अर्थ ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों को पेड़ों के आच्छादन के अंतर्गत लाना है।

इसी प्रकार पर्यावरण पर्यटन तथा औषधीय पौधों की खेती से ग्रामीण आय सृजन में काफी योगदान हो सकता है जिससे खासकर किसानों की आमदनी बढ़ेगी। वन प्रशासन का हमारे भौगोलिक क्षेत्र के 23 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण है। हमें पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य पूरे करने के साथ ही वनों पर निर्भर स्थानीय ग्रामीण लोगों व आदिवासियों की आय सृजन आवश्यकताओं की पूर्ति भी करती है। इसके साथ ही सरकार की आय भी बढ़नी चाहिए। ऐसे में खुले दिमाग से वन एवं वन्यजीव क्षेत्र के कामकाज की समीक्षा करना तथा सुधार के साहसी कदम उठाना जरूरी हो गया है। भारतीय वन सेवा-आईएफएस का पुनर्गठन कर वन अधिकारियों पर विश्वास कर उनको नीतिगत स्तर पर पूरा विश्वास मिलना चाहिए जिससे वे वन क्षेत्र गतिविधियों का सुचारु प्रबंधन कर सकें।

भारत सरकार के स्तर पर वन एवं वन्यजीव सचिव एक आईएफएस अधिकारी होना चाहिए जिसे सचिव के रूप में डीजी वन का काम भी दिया जाए। लंबे समय से यह मांग फाइलों में दबी है और प्रधानमंत्री को इस संबंध में पहल करनी चाहिए। केन्द्र तथा राज्यों में वन विभाग की 6 शाखायें होनी चाहिए जिनमें वन, वन्यजीव, आदिवासी संपर्क, कृषि-वानिकी, पर्यावरण पर्यटन तथा गैर-टिम्बर वनोत्पाद शामिल हैं। इसके साथ ही प्रत्येक आयाम पर धन अर्जन तथा परिस्थितिकी तंत्रों को मजबूत करने के उद्देश्य से ध्यान दिया जाना चाहिए। ये सुझाव भले ही देखने में अति-उत्साही लगते हों, पर ये समय की आवश्यकता हैं। इनके क्रियान्वयन तथा इनको सुसंगत रूप से बनाए रखने के लिए सर्वोच्च स्तर पर जोर दिया जाना चाहिए।

सुनियोजित ढंग से ऐसे परिवर्तनों के शानदार नतीजे सामने आएंगे। नौकरशाही में अनिर्णय की भावना व्याप्त है जो खोजी दृष्टिकोण में बाधा डालती है। विफलता का एक उदाहरण भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद-इक्फ्री द्वारा अपने लक्ष्य पूरे न कर पाना है, जबकि दूरगामी सोच वाले सचिव टी.एन. शेषन ने इसे बड़े उत्साह से स्थापित किया था। इसे अभी आईसीएआर व सीएसआईआर की तरह एक विभाग में नहीं बदला गया है, जबकि कैबिनेट ने 1991 में इसकी संस्तुति दे दी थी।

# स्टैंड अप इंडिया : नये आयाम, नये कीर्तिमान

**वीरेंद्र सिंह रावत**



भारत जैसे विशाल एवं प्रगतिशील लोकतंत्र में जन कल्याण के व्यापक उत्थान हेतु अनेक सरकारी योजनाओं का क्रियान्वन किया गया है जिससे समाज के प्रत्येक तबके का समग्र विकास हो सके। इन सरकारी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम लोगों खासकर प्रगतिशील युवाओं को रोजगार और समसामयिक जीवन यापन के सहज एवं सुलभ साधन मुहैया कराना है। इस परिपेक्ष में, पिछले 8-9 वर्षों में, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत, नें जनता की व्यापक खुशहाली हेतु अपने प्रयासों में निरंतर प्रगति की है और विश्व पटल पर अपनी साख भी स्थापित की है।

देश में भिन्न-भिन्न सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य के सन्दर्भ में, केंद्र सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती रहती है कि कैसे गरीब एवं निचले तबके को समयबद्ध तरीके से समाज की मुख्यधारा से जोड़ कर उनके आर्थिक उत्थान का मार्ग खोला जाए। ऐसी ही योजनाओं में एक वृहत योजना 'स्टैंड अप इंडिया' है, जिसके अंतर्गत देश के प्रत्येक बैंक शाखा द्वारा 10 लाख से लेकर एक करोड़ तक का ऋण कम से कम एक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या महिला उद्यमी को किसी नए उद्यम या व्यापार हेतु देने का प्रावधान है।

5 अप्रैल, 2023 को स्टैंड अप इंडिया योजना सफलतापूर्वक अपने सात साल पूरे कर रही है। इस दौरान, इस योजना ने कई महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किये और कई नए आयाम स्थापित किये हैं। वैश्विक त्रासदी कोविड-19 के कठिन दौर में भी इस योजना नें देशभर में अपने कार्यों को निर्बाध रूप से जारी रखा और अपने लक्षित लाभार्थी वर्ग को ऋण उपलब्ध कराया। इस दौरान, जहां एक ओर विश्व के अग्रणी विकसित और विकासशील देश कई प्रकार की आर्थिक चुनौतियों से रूबरू रहे, वहीँ भारत अपनी पुख्ता नीतियों एवं मज़बूत कार्ययोजना के बल पर आर्थिक रूप से सशक्त हो कर विश्व में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। इस सन्दर्भ में, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं नें भारत के युवा वर्ग के लिए तरक्की के रास्ते खोल दिए।

'स्टैंड अप इंडिया' योजना के अंतर्गत ऋण विनिर्माण एवं सेवा दोनों क्षेत्र के उद्यम हेतु ग्रहण किया जा सकता है। ऐसे उद्यम कृषि एवं कृषि सम्बंधित क्षेत्र या फिर व्यापार जैसे उद्यम हेतु लिया जा सकता है। अगर 'स्टैंड अप इंडिया' द्वारा लिया गया ऋण किसी गैर-व्यक्तिगत उद्यम में लगाया जाता है तो ऐसे उद्यम में कम से कम 51 प्रतिशत शेयर पूंजी एवं मालिकाना हक किसी अनुसूचित जाति, जनजाति या महिला उद्यमी के पास होना आवश्यक है। यह योजना, देशभर में स्थित सवा लाख से ज्यादा बैंक शाखाओं के माध्यम से लाखों न्यूनतम खाताधारकों एवं उधारकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। स्टैंड अप इंडिया योजना, स्ष्ट, स्ज्ञ और महिला उद्यमियों को क्रेडिट गारंटी , हैंड होल्ड सपोर्ट और फाइनेंस जैसे विषयों पर सुलभ जानकारी प्रदान करने के लिए एक आधुनिक डिजिटल पटल की तरह भी काम करती है।

इस केंद्रीय योजना के अंतर्गत उद्यमियों को प्रदान करने वाली अतिरिक्त सेवाओं में शामिल हैं , प्रशिक्षण, परामर्श, मार्गदर्शन, कौशल विकास आदि। सरकार को अब तक, स्टैंड अप इंडिया योजना के अंतर्गत देशभर में 47,970 करोड़ रुपए के 2,04,400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन प्राप्त आवेदनों में से अब तक 41,400 करोड़ ऋण के 1,83,890 आवेदन अनुमोदित भी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार ने करीब 24,600 से अधिक हैंड-होल्डिंग संस्थाओं को इस वृहद योजना से जोड़ा है और 82 वित्तीय संस्थाओं के द्वारा ऋण उपलब्ध कराने का कार्य संपादित किया है।

प्राप्त आवेदनों के जल्द निस्तारण और लाभार्थियों को सुविधाजनक रूप से ऋण उपलब्ध कराने हेतु सरकार ने देशभर में 1,37,236 बैंक शाखाओं को स्टैंड अप इंडिया में समाहित किया है जिसका लाभ लक्षित वर्ग को त्वरित लाभ पहुंचाने में किया जा रहा है। स्टैंड अप इंडिया योजना के अंतर्गत सिडबी एवं नाबार्ड जैसी अव्वल दर्जे की केंद्रीय पुनर्वित्त संस्थाएं एक अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं जिससे देश में एक उद्यम क्रांति का उदय हो चुका है। स्टैंड अप इंडिया योजना, 5 अप्रैल, 2016 को पटल पर उतारी गयी थी। 2019-20 में सरकार ने स्टैंड अप इंडिया योजना को 15वीं वित्त आयोग की पूर्ण अवधि यानी 2020-25 तक बढ़ाने का फैसला किया था। इसके साथ ही स्टैंड अप इंडिया में कई दूरगामी बदलाव एवं सुधार भी किए गए जिससे इसका लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचे और योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की समपूर्ण प्राप्ति समयानुरूप हो सके।

स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत सरकार ऋण आकर्षक ब्याज दर पर उपलब्ध कराती है तथा लोन अवधि भी 7 महीने से 18 महीने तक रहने का प्रावधान रहता है। लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए और ऋण केवल ग्रीन फील्ड परियोजनायों यानी केवल नए व्यवसाय या उद्यम के लिए ही मान्य होता है। स्टैंड अप इंडिया स्कीम में मार्जिन अधिकतम 25 प्रतिशत तक रहता है जिससे एक बड़ा तबका इसका लाभ उठाने में सक्षम हो पाता है।

***स्टैंड अप इंडिया ऋण आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :***

पासपोर्ट आकार की छायाचित्र, पहचान प्रमाण पात्र जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड आदि। निवास प्रमाण पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, नवीनतम बिजली या टेलीफोन बिल आदि। व्यवसाय का पता एवं प्रमाण, कंपनी का मेमोरेंडम ऑफ ऐसोसिएशन, पार्टनरशिप डीड, पट्टे या किरायेदारी अनुबंध की प्रति। विभिन्न उद्यम के अनुरूप एवं प्रकार पर निर्भर करता है कि लाभार्थी द्वारा स्टैंड अप इंडिया के आवेदन हेतु कौन-कौन से प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज़ मान्य होंगे।

यह सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सामने 5 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने का महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस वृहद लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चल रही है जो कि केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों के समन्वय एवं सहयोग के बिना संभव नहीं है। इस परिपेक्ष, में स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाएं सरकार को न्यायपूर्ण ढंग से विभिन्न वर्गों को आर्थिक गतिविधि के साथ प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का कार्य कर रही है।

यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि इन सात वर्षों में स्टैंड अप इंडिया योजना भारत की एक बेहतरीन योजना बन के उभरी है, जिसने आर्थिक रूप से निशक्त एवं निर्बल वर्ग के लक्षित सशक्तीकरण को गति देने के लिए काम किया है और रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद की है।

## आप की बात

### इंदौर दुर्घटना

**रामनवमी** के दिन इंदौर मे बावड़ी हादसे मे 30 से ऊपर लोगो की जीवनलीला समाप्त हो गईं। इस हादसे ने सिर्फ इंदौर को ही गमगीन नहीं किया, बल्कि देश-प्रदेश तक मानवीय स्वेदनाओं को झकजोर दिया। घटना पश्चात सर्वे कर कुछ बावड़ी कुओं को चिन्हित भी किया। यह जरुरी भी है क्योंकि इस तरह के दु:खद हादसे लम्बे समय तक के जख्म दे जाते है। बावड़ी कुओं के साथ पुरानी जर्जर इमारतों, प्राचीन मकानों व कच्चे मकानों की सुध लेने की जरूरत है क्योंकि वे कभी भी दुर्घटना को जन्म दे सकते हैं। अक्सर पुराने मकान एकाएक जमींदोज़ हो जाते है और जीवन खतरे मे पड़ जाता है। बारिश का मौसम प्रारम्भ होने से पहले, हवा आंधी शुरू होने से पहले व अन्य संभावित दुर्घटना के पहलुओं पर भी कारगर रणनीति की जरूरत है। हालांकि, ऐसी दुर्घटनायें अक्सर होती रहती हैं, पर नागरिक, संस्थान तथा स्थानीय निकाय इनसे समुचित सबक नहीं लेते हैं। इंदौर की दुर्घटना से समुचित सबक लेकर कम से कम उन सार्वजनिक स्थलों का इंजीनियरों से आडिट कराया जाना चाहिए जहां विभिन्न तीज-त्योहारों व अन्य अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं। इससे सबक लेना बहुत जरूरी हो गया है।

**योगेश जोशी,** बड़वाह

### परीक्षाओं की शुचिता

**परीक्षाओं** के दौर में अब हमारे देश में पेपर लीक होना आम बात हो गई है। यहां तक कि नौकरी के लिए होने वाली प्रतिष्ठित संस्थानों की लिखित परीक्षाओं के पेपर भी कई बार लीक हो जाते हैं। परीक्षाओं के पेपर आउट होने के पीछे ऐसे छात्रों की मंशा येन केन प्रकारेण परीक्षा में उत्तीर्ण होना होता है जो वर्ष भर पढ़ाई नहीं करते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत होती है। अभिभावकों का मौन समर्थन उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि वे जुगाड़ से परीक्षाओं के पूर्व ही प्रश्न पत्र प्राप्त कर लें। इस तरह से परीक्षा पास करने वाले छात्रों का भविष्य कितना उज्जवल होगा इस बात पर अभिभावकों को विचार करना चाहिए। अनैतिक हथकंडे अपनाकर नौकरी प्राप्त कर लेने वाले उम्मीदवार भी अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार को ही प्रोत्साहित करते हैं। सरकार को शासकीय मुद्रणालय में ही प्रश्न पत्र तैयार करवाना चाहिए। बिना मिलीभगत के प्रश्नपत्र आउट होना संभव नहीं है। इस बात की मॉनिटरिंग शासकीय स्तर से होनी चाहिए। परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सरकार को ठोस प्रयास करना चाहिए ताकि सिस्टम में जनता का विश्वास बना रहे।

**ललित महालकरी**, इंदौर

### अलविदा सलीम दुर्रानी

**आज** हमारे देश में क्रिकेट एक जूनून की तरह है लेकिन सलीम दुर्रानी अपने समय में जब टीवी भी नहीं होता था अपने दर्शनीय खेल से फैंस को दीवाना बनाये रखते थे। क्रिकेट में ऐसे खिलाड़ी विरले ही मिलते हैं जो दर्शकों की डिमांड पर छक्के मार सकें। दुर्रानी वह बल्लेबाज थे जो ऐसा लगातार करते थे। 1972 में जब एक बार इंग्लैंड के विरुद्ध उनको टीम में शामिल नहीं किया गया तो फैंस ने बीसीसीआई पर इतना दबाव बनाया की अगर दुर्रानी नहीं तो टेस्ट मैच नहीं। आख़िरकार उनको टीम में शामिल करना ही पड़ा और उन्होंने शानदार 72 रन बनाये। वह पहले क्रिकेटर थे जिनको प्रसिद्ध अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया था। आज टी 20 क्रिकेट की वजह से बल्लेबाज गेंद पर भिन्न-भिन्न शॉट मरने की क्षमता रखता है लेकिन सलीम दुर्रानी अपने समय भी ऐसा करने की क्षमता रखते थे। अशोक कुमार, मीना कुमारी, हेमंत कुमार, शिवजी गणेशन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ उनके घनिष्ट सम्बन्ध थे और वह आम लोगों के साथ भी आसानी से घुल मिल जाते थे। अलविदा सलीम दुर्रानी।

**बाल गोविंद,** नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



2025 विधानसभा चुनाव में बिहार में भाजपा के सत्ता में आते ही सभी दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा किया जाएगा।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

**भाजपा** ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया है। नगरों में कूड़ा भरा पड़ा है। नालियों में गन्दगी है।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष





**यूपी** के करोड़ों लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए बीएसपी ही एक मात्र आशा की किरण है।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

# जारी रहेगा पीएम फसल बीमा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन

● मुख्यमंत्री ने योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के दिए निर्देश

● वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक खरीफ की अवधि में प्रदेश के 48.21 लाख किसानों को की गई 3957.38 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त जनपदों में खरीफ व रबी मौसम की मुख्य फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित करते हुए यह योजना संचालित की जा रही। इस योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाए। उन्होंने रबी 2022-23 मौसम में असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति के मामलों में नियमानुसार देय क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 खरीफ की अवधि में प्रदेश के 48.21 लाख किसानों को 3957.38 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की जा चुकी है। इसके तहत वर्ष 2017-18 में 5.89 लाख किसानों को 373.98 करोड़ रुपयेए वर्ष 2018-19 में 6.06 लाख किसानों को 452.66 करोड़ रुपयेए वर्ष 2019-20 में 9.69 लाख किसानों को 1093.47 करोड़ रुपये, वर्ष 2020-21 में 6.38 लाख किसानों को 501 करोड़ रुपये, वर्ष 2021-22 में 10.12 लाख किसानों को 938.59 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2022-23 में अनन्तिम तौर पर 10.07 लाख किसानों को 597.68 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में प्राकृतिक आपदाओं, रोगों, कृमियों से फसल को हुई क्षति की स्थिति में कृषकों को बीमा कवर के रूप में वित्तीय सहायता का प्राविधान है।

## राज्यपाल व सीएम ने महावीर जयंती पर प्रदेशवासियों को दी हर्दिक बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर की जयन्ती पर समस्त प्रदेशवासियो, विशेषकर जैन समुदाय के लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान महावीर की सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनका जीवन हमें शांति और आत्मसंयम की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने जारी एक बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का सत्य एवं अहिंसा का सन्देश वर्तमान परिवेश में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही हम सब मानवता की सेवा कर सकते हैं।

# आरक्षण की अंतिम सूचना मिलते ही निकाय चुनाव की अधिसूचना होगी जारी: मनोज कुमार

● राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अफसरों के साथ बैठक कर की तैयारियों की समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**राज्य निर्वाचन आयुक्त** मनोज कुमार ने कहा कि राज्य सरकार से आरक्षण की अंतिम सूचना मिलते ही नगर निकाय सामान्य निर्वाचन कराने की अधिसूचना जारी की जाएगी। यह जानकारी निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने सोमवार को निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर गृह विभाग समेत अन्य विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के उपरान्त दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की अंतिम सूचना प्राप्त होने के बाद प्रदेश के नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। उन्होंने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मनोज कुमार ने बयान में कहा कि राज्य के 760 नगरीय निकाय चुनाव के अन्तर्गत कुल 14,684 पदों पर चुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि इसमें 17 महापौर, 1420 पार्षद, नगर पालिका परिषदों के 199 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषदों के 5327 सदस्य, नगर पंचायतों के 544 अध्यक्ष और नगर पंचायतों के 7178 सदस्यों के निर्वाचन के लिए चुनाव होगा। निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि राज्य में महापौर की 17 सीटों और पार्षदों की 1420 सीटों पर ईवीएम के माध्यम से मतदान होगा जबकि बाकी पदों के लिए मतपेटिकाओं का उपयोग करके मतदान किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव शहरी विकास अमृत अभिजात की उपस्थिति में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिए कि पुलिस बल की आवश्यक व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए, ताकि समय पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जा सकें। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए चरणवार और जिलेवार पुलिस बल समय पर उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्र की संवेदनशीलता को देखते हुए विभाग को अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने 27 मार्च को उत्तर प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया था और राज्य निर्वाचन आयोग को ओबीसी कोटे के साथ दो दिन के भीतर इस संबंध में अधिसूचना जारी करने की अनुमति दी थी।

उप्र सरकार ने बृहस्पतिवार को त्रिस्तरीय नगरीय निकाय चुनावों के लिए नगर निगमों के महापौरों और नगर परिषदों और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए आरक्षित सीटों की अनंतिम सूची जारी की थी। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा था कि आरक्षित सीटों के लिए मसौदा अधिसूचना जारी कर दी गई है और सात दिनों के भीतर आरक्षित सीटों की सूची पर आपत्तियां मांगी गई हैं। अनन्तिम अधिसूचना के अनुसार, आगरा के महापौर सीट अनुसूचित जाति (महिला), झांसी की सीट अनुसूचित जाति(एससी), शाहजहांपुर और फिरोजाबाद की सीट ओबीसी (महिला), सहारनपुर और मेरठ की सीट ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), लखनऊ कानपुर और गाजियाबाद महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। शर्मा ने बताया कि वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन की आठ महापौर सीटें अनारक्षित होंगी।

## मोहनलालगंज में अधिवक्ताओं ने किया अखिलेश का स्वागत



**मोहनलालगंज।** रायबरेली से लौट रहे पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सोमवार की शाम मोहनलालगंज तहसील के गेट पर अधिवक्ताओं ने फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव और वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को संविधान की प्रति भी भेंट की। अखिलेश यादव जिन्दाबाद की नारेबाजी के मध्य अभिनन्दन से गदगद सपा सुप्रीमो कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर राजधानी के लिए रवाना हो गए। इस दौरान पूर्व उपप्रधान अरुणेश प्रताप सिंह सपा कार्यकर्ता नितुल शर्मा गुड्डू यादव मनोज यादव और अधिवक्ता केपी यादव समेत अन्य सपा कार्यकर्ता व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सिस्टम के दायरे में लाए जाएं अधिक से अधिक बंदी: एसएन साबत

● डीजी कारागार व प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की सभी जेल अधिकारियों के साथ बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजी कारागार** और प्रमुख सचिव कारागार ने सोमवार को कारागार मुख्यालय के कंट्रोल रूम में निर्मित वीडियो वीडियो वॉल के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर प्रदेश भर के सभी जेल अधिकारियों को जेलों की सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। डीजी कारागार एसएन साबत ने कहा कि कारागारें क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का बहुत महत्वपूर्ण अंग है और सभी को सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करना है। जेलों में अनुशासन कायम करने के लिए तकनीक का बड़े पैमाने पर उपयोग करना है। प्रयास होगा कि अधिक से अधिक बंदी इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सिस्टम के दायरे में लाए जाएं। जेलों में निरुद्ध टॉप टेन और बड़ी जिलों में टॉप ट्वेंटी बंदियों की लिस्ट बनाई जाए और उनकी अचूक निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। किसी विशिष्ट बंदी को कोई विशेष अनुकंपा या सुविधा न दी जाए। जेलों में टॉयलेट्स और नाइट टॉयलट की संख्या आवश्यकता के अनुरूप बढ़ाई जाए। तलाशी व्यवस्था को और बेहतर किया जाए। स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन या पुलिस कमिश्नर के साथ तालमेल रखकर कार्य किया जाए। जेल प्रशासन और जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के मध्य उच्च श्रेणी का समन्वय हो। जेलों में शिथिल अनुशासन व्यवस्था और जेल कर्मियों की संलिप्तता के मामलों में शासन की ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को कठोरता से लागू किया जाएगा।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने जेल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी बंदी विशेष को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। जेल के तालों की चाबियां केवल ड्यूटी पर तैनात ज़िम्मेदार जेल वार्डर के पास होने चाहिए। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गजट अथवा ब्लूटूथ किसी भी क़ीमत पर जेल में नहीं होना चाहिए क्योंकि इनका प्रयोग सूचनाओं के आदान प्रदान में संभव है। बैरक बंद करने एवं खोलने के निर्धारित समय का अनुपालन अवश्य हो और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। जिन कर्मचारियों को बॉडी वार्न कैमरे दिए गए हैं उनके द्वारा ड्यूटी के समय बॉडी वार्न कैमरे अवश्य धारण किए जाए। किसी भी कैदी विशेष के लिए कोई विशेष भोजन तैयार न किया जाए। कैंटीन से अनाधिकृत सामान किसी बंदी विशेष को उपलब्ध न कराया जाए। एक आईडी पर केवल एक ही व्यक्त की मुलाकात होनी चाहिए। ंदियों से पावर ऑफ अटार्नी लेकर रजिस्ट्री इत्यादि पर रोक लगायी जाए। चित्रलेखा सिंह अपर महानिरीक्षक कारागार ने प्रमुख सचिव कारागार एवं पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक कारागार का आभार व्यक्त किया। एके सिंह उप महानिरीक्षक कारागार मुख्यालय, अनिल कुमार गौतम अधीक्षक कारागार मुख्यालय और प्रवक्ता डिप्टी जेल सन्तोष कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## सपा प्रमुख ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश ने अयोध्या दूधिया संघ के जिलाध्यक्ष एवं सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य रहे राम अधीन यादव (60 वर्ष) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सपा प्रमुख अखिलेश ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य करें: धर्मपाल

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में पशुपालन विभाग की योजनाओं के माध्यम से किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के संबंध में बैठक की। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौपालन, कुक्कुट पालन, भेड़ पालन तथा सूकर पालन आदि के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने पर तेजी से कार्य किया जाए और किसानों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर इसका समुचित लाभ दिलाया जाए। साथ ही पशुपालकों एवं किसानों के पशुधन बीमा आच्छादन को बढ़ाया जाए। पशुधन मंत्री ने बैठक में निर्देश दिये कि वर्तमान समय में सामायिक तैयारियों पर विशेष ध्यान देते हुए संचारी रोग की रोकथाम के प्रभावी उपाय किये जाएं और इस हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। वर्षा पूर्व विभिन्न संक्रामक रोगों जैसे खुरपका, गलाघोटू आदि का टीकाकरण पशुओं में पूर्ण करा लिया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट योजना का नियमित रूप से परीक्षण करते हुए इन सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि जनपद स्तर पर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और किसानों एवं पशुपालकों को जागरूक किया जाए। जिससे वह विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश देते हुए कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों एवं पशुपालकों को योजनाओं का निरन्तर समुचित लाभ मिले सके और वे अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर पूर्णत: आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बन सके। पशुपालन निदेशालय के निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा. तरूण कुमार तिवारी, यूपीएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. नीरज गुप्ता, डा. एके अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## लखनऊ में कोरोना के 13 नए केस मिले

**लखनऊ।** लखनऊ में सोमवार को कोरोना के 13 नए मामले सामने आये हैं। आलमबाग में 1 पुरूष, अलीगंज में 1 पुरूष, चिनहट में 2 महिला, रेडक्रास में 1 पुरूष, इंदिरानगर में 1 पुरूष, मोहनलाल गंज में 1 महिला, एनके रोड इलाके में 2 महिला, सिल्वर जुबली में 1 पुरूष, टूडियागंज में 1 महिला, सरोजनी नगर में 2 महिला कोविड पॉजीटिव मिली हैं। आज 4 व्यक्ति संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में कोविड एक्टिव केसों की संख्या 59 है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर अडानी मुद्दे पर पूछा सवाल

● पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों की ओर से भेजा जाएगा प्रधानमंत्री को पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने सोमवार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पोस्टकार्ड भेजकर अडानी मुद्दे पर सवाल पूछने का सिलसिला शुरू किया है। यूपी में इसकी शुरुआत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने की। उन्होंने पोस्टकार्ड पर एक सवाल 'अडानी के व्यापार में लगे बीस हजार करोड़ किसके' लिखकर पोस्टकार्ड जारी किया और उसे प्रधानमंत्री का पता लिखकर उसको भेजा गया।

यह पोस्टकार्ड कांग्रेस फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की जाएगी। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी से प्रासंगिक मुद्दों पर सवाल पूछते हुए पोस्टकार्ड भेजा जायेगा। सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद पांडेय ने एक सवाल 'अडानी के व्यापार में लगे बीस हजार करोड़ किसके' लिखकर प्रधानमंत्री आवास पर भेजे जाने के लिए पोस्टकार्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के हाथों जारी किया। साथ ही पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने प्रधानमंत्री को भेजे पोस्टकार्ड में चार सवाल 'आपके व गौतम अडानी के बीच क्या रिश्ता है', 'आप की कितनी विदेश यात्राओं में अडानी साथ रहे', 'अडानी को अभी तक आपने कितने ठेके दिलवाए' और 'अडानी के कंपनी के शेयर क्यों खरीदवाए' पूछे।

# देश का विकास समाजवाद से ही संभव: शिवपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि देश का सर्वतोन्मुखी विकास समाजवाद से ही संभव है। गणतांत्रिक समाजवाद आज़ाद, भगत सरीखे शहीदों का सपना था जिसे आज़ादी के बाद लोहिया, लोकनायक सदृश मनीषियों ने सिद्धांत का रूप दिया। उन्होंने कहा कि दीपक मिश्र समाजवाद के व्याख्याता ही नहीं अपितु समाजवाद को जीते हैं ।



विधायक शिवपाल ने यह बात सोमवार को समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र को एक कार्यक्रम के दौरान लोहिया सम्मान देते हुए कही। मधु लिमये, जार्ज, जनेश्वर मिश्र की परंपरा को दीपक मिश्र पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ा रहे। समाजवाद के वैचारिकए सामाजिक व सांस्कृतिक पक्ष को दीपक ने अपनी लेखनी व सक्रीयता से सशक्त किया है। दीपक उन सच्चे समाजवादियों में अग्रगण्य हैं जिन्होंने सत्ता व संपत्ति से कई गुना महत्व समाजवाद व सिद्धांत को दिया है। सम्मानित होने के बाद बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राममनोहर लोहिया के नाम पर अवार्ड पाना सौभाग्य है। रामराज्य की संकल्पना भारतीय समाजवादी वैचारिकी की भावभूमि तात्विक रूप से एक है। चाहे मंडेला अवार्ड हो या लोहिया सम्मान, हर सम्मान लोककर्तव्य के बोध को बढ़ाता है । जन्मदिन पर लोहिया सम्मान देने के सोशलिस्ट कॉउन्सिल व शिवपाल का आभार व्यक्त करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि नई पीढ़ी को रामराज्य, राष्ट्रीयता व समाजवाद के वास्तविक दर्शन से अवगत कराने के लिए शीघ्र ही अभियान का सूत्रपात होगा । देश के सामने स्पष्ट करना जरूरी है कि राष्ट्रीयता व साम्प्रदायिकता तथा जातिवाद व समाजवाद में अंतर है । इस अवसर पर पूर्व अपर महाधिवक्ता राज बहादुर यादव, समाजवादी नेता प्रेम प्रकाश वर्मा, नागा चौधरी, सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री संगीता यादव, आशुतोष त्रिपाठी, गयासुल हक, मिथिलेश सिंह, देवीप्रसाद, मोनू पाठक, हिमांशु समेत कई बुद्धिजीवी, सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रदेश में करीब तीस गुना बढ़ेगा ककून धागाकरण

● रीलिंग इकाइयों की संख्या 23 गुना और धागे का उत्पादन दोगुना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चंद रोज** पहले गोरखपुर में रेशम कृषि मेला आयोजित हुआ था। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेशम से किसानों की जिंदगी रौशन करने के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई। मालूम हो कि प्रदेश में 9 एग्रो क्लाइमेटिक जोन हैं। इनमें से नेपाल की तराई का क्षेत्र रेशम की खेती के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। किसानों को रेशम की खेती पसंद भी आ रही है। 20 वर्षों में उत्पादन में 14 गुना वृद्धि इसका प्रमाण है। बेहतर प्रयास के जरिए अगले 5 वर्षों में इसमें 10 गुना वृद्धि संभव है। उत्तर प्रदेश में रेशम की पैदावार व आपूर्ति बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने कर्नाटक सरकार के साथ एक करार किया है। कर्नाटक में सवा लाख टन कोया और 80 हजार टन कोया व रेशम का धागा बनता है। करार के मुताबिक यहां के बुनकरों को कर्नाटक से ओरिजिनल रेशम मिला है। रेशम की बेहतर उत्पादकता प्राप्त करने के लिए प्रदेश सरकार शीघ्र ही किसानों के एक बड़े दल को प्रशिक्षण के लिए कर्नाटक भेजेगी। फिलहाल प्रदेश के 57 जिलों में रेशम उत्पादन का काम होता रहा है। वैज्ञानिक अध्ययन के बाद अब इसे रेशम उत्पादन जलवायु अनुकूल 31 जिलों में गहनता से बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक कृषि फार्मों पर ही रेशम उत्पादन अधिक होता रहा है, अब इसे आम किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। किसान अपनी खेती के साथ रेशम कीटपालन भी कर सकते हैं। रेशम के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी में सिल्क एक्सचेंज भी खोला गया है।

जब उप्र से उत्तराखंड अलग हुआ तो यूपी में मात्र 22 टन रेशम उत्पादन होता था। आज यह बढ़कर 350 टन हो गया है। हमारा लक्ष्य अगले तीन.चार साल में रेशम उत्पादन दोगुना करने का है। योजनाबद्ध तरीके से योगी सरकार रेशम से 50 हजार किसान परिवारों की जिंदगी को रौशन करेगी। सरकार-2.0 ने बेहद चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा है। इसके अनुसार ककून धागाकरण का लक्ष्य करीब 30 गुना बढ़ाया गया है। अभी 60 मीट्रिक टन ककून से धागा बन रहा है। अगले पांच साल में इसे बढ़ाकर 1750 मीट्रिक टन किया जाना है। इसके लिए रीलिंग मशीनों की संख्या 2 से बढ़ाकर 45 यानी 23 गुना किए जाने का लक्ष्य है। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार पूरी शिद्दत से लगी है। गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम उसी प्रयास की एक कड़ी थी।

सरकार ने अगले एक साल का जो लक्ष्य रखा है, उसके अनुसार सिल्क एक्सचेंज से अधिकतम बुनकरों को जोड़ा जाएगा। 17 लाख शहतूत एवं अर्जुन का पौधरोपण होगा तथा कीटपालन के लिए 10 सामुदायिक भवनों के निर्माण की शुरुआत की जाएगी। ओडीओपी योजना के तहत इंटीग्रेटेड सिल्क कॉम्प्लेक्स का डिजिटलाइजेशन, 180 लाख रुपये की लागत से 10 रीलिंग इकाइयों की स्थापना और कीटपालन के लिए 10 अन्य सामुदायिक भवन का निर्माण भी इसी लक्ष्य का हिस्सा है।

पानी की पर्याप्त उपलब्धता के कारण उत्तर प्रदेश में रेशम उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। कम लागत में अधिक मुनाफे की वजह से यह किसानों की आय बढ़ाने के साथ महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर मिशन शक्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कुल रेशम उत्पादन में अभी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी महज तीन फीसद है। उचित प्रयास से यह हिस्सेदारी 15 से 20 फीसद तक हो सकती है। बाजार की कोई कमीं नहीं है। अकेले वाराणसी एवं मुबारकपुर की सालाना मांग 3000 मीट्रिक टन की है। इस मांग की मात्र एक फीसद आपूर्ति ही प्रदेश से हो पाती है। जहां तक रेशम उत्पादन की बात है तो चंदौली, सोनभद्र, ललितपुर और फतेहपुर टसर उत्पादन के लिए जाने जाते हैं। कानपुर शहर, कानपुर देहात, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा और फतेहपुर में एरी संस्कृति का अभ्यास किया जाता है। सरकार रेशम की खेती के लिए इन सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अर्जुन का पौधारोपण करवाएगी।

## लविवि: एक ही पेपर में दो बार पूछा गया एक ही सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ विवि** के परीक्षा विभाग की कार्यशैली छात्रों पर भारी पड़ रही है। परीक्षा विभाग की की ओर से प्रश्न पत्र निर्माण में लगातार खामियां होने से छात्र परेशान हैं। ताजा मामला सोमवार को हुए यह पांचवे सेमेस्टर के परीक्षा में पेपर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इससे पहले बीते शुक्रवार को आर्ट्स कॉलेज में एमएफए द्वितीय वर्ष के प्रश्न पत्र में जो सवाल पूछे थे, वहीं सवाल अगले दिन शनिवार को सुबह पहली पाली में होने वाले एमएफए प्रथम वर्ष वाले छात्रों से भी पूछ लिया गया था। जिस पर छात्रों के बवाल के बाद प्रशासन ने परीक्षा को 6 अप्रैल को दोबारा से आयोजित कराने की घोषणा की थी। आयोजित हुए बीए के पांचवें सेमेस्टर इंडस्ट्रियल इकोनॉमिक्स पेपर में एक ही सवाल दो बार पूछ लिया गया। छात्रों का आरोप है कि जो सवाल थे नंबर प्रश्न पूछा गया था वही सवाल 9 नंबर प्रश्न पर हूबहू पूछा गया है। इसके अलावा पांचवे सेमेस्टर के दूसरे प्रश्न पत्र में टेबल तक नहीं बनाया गया है। ऐसे में सवालों को हल करने में छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# गोमती नगर में होटल व मेडिकल सेंटर समेत तीन अवैध निर्माण किए सील

**लखनऊ।** गोमतीनगर और गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में होटल, मेडिकल सेंटर सहित तीन अवैध निर्माण पर एलडीए द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। विरामखंड में 120 वर्गमीटर पर बने बहुमंजिला इमारत में व्यवसायिक गतिविधियां चल रही थी। इसके साथ विपुल खंड में 300 वर्ग मीटर में ओयो होटल चलाया जा रहा है। 12 हजार वर्ग फिट में ग्वारी के पास बहुमंजिला बिल्डिंग बनायी गयी। इन सभी का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियां करने पर प्रवर्तन जोन की जोनल द्वारा सीलिंग के आदेश दिए। आदेश के बाद सहायक अभियंता सहित टीम ने सीलिंग कार्रवाई की गयी। एलडीए की प्रवर्तन टीम ने गोमती नगर व गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में होटल व मेडिकल सेंटर समेत तीन अवैध निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि रूपेश अग्रवाल व अन्य द्वारा गोमती नगर के



विरामखण्ड में भूखण्ड संख्या.1/274 पर लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफ ल में सेटबैक कवर्ड करते हुए भूत, प्रथम एवं द्वितीय तल का निर्माण करके मेडिकल सेंटर समेत अन्य व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इसी तरह एसबीएस बघेल व अन्य द्वारा विपुलखण्ड में भूखण्ड संख्या.4/161 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल का निर्माण कराते हुए ओयो होटल संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा राकेश कुमार सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार में ग्वारी क्रासिंग तिराहे के पास जनेश्वर मिश्र पार्क के कोने पर लगभग 12,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट और भूतल आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इन तीनों प्रकरण में विहित न्यायालय में वाद योजित किये गये थे, जिसमें विपक्षियों द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता अवधेश प्रसाद, अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, सुभाष शर्मा व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थलों को सील कर दिया गया।

# लापरवाह कोटेदारों पर कार्रवाई होना तय

संवाददाता। सीतापुर

- नोडल अधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश
- खद्यान की डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था की हुयी समीक्षा
- खद्यान की रियल टाइम फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश
- रेडंम चेकिंग के आधार पर किया जाए सत्यापन, खाद्यान वितरण का लिया फीडबैक

**अपने** दायित्यों और कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने वाले कोटेदारों पर कार्यवाही का चाबुक चलना तय माना जा रहा है। यह संकेत सोमवार को समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी लखनऊ मंडल बी चंद्रकला ने दिये। इस दौरान जमीनी सच्चाई से रुबरु होने के लिए नोडल अधिकारी ने महोली विधायक शशांक त्रिवेदी से फोन पर बात कर खद्यान वितरण का फीडबैक तथा खद्यान वितरण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। और उसके निस्तारण की स्थिति भी जानी। बैठक में समीक्षा करते हुए अधिकारी ने अचानक तहसील सदर क्षेत्र के गांव टिकथा के प्रधान को फोन मिला दिया, और फोन पर ही खद्यान वितरण व उसमें आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान अफसरों की धड़कनें बढ़ती घटती रहीं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन कोटेदारों की दुकानों तक गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्हें अगली बैठक तक व्यवस्थित कर लिया जाए। अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक बैंकिंग सहकारिता उत्तर प्रदेश लखनऊ बी चंद्रकला ने अधिकारियों संग कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से उठान कर सीधे उचित दर विक्रेताओं और खाद्यान की डोर स्टेप डिलिवरी हेतु सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के तहत विभिन्न बिदुंओं पर समीक्षा की। निर्देश दिया कि जहां पर टेंडर नहीं हुए हैं वहां समय से टेंडर करा लिए जाएं। ब्लाकवार टेंडर आमंत्रित कर परिवहन हैडंलिंग ठेकेदारों की तैनाती की जानकारी ली। उन्होंने रियल टाईम की आनलाइन फीडिंग की जानकारी ली। निर्देश दिया कि जहां फीडिंग नहीं करायी गयी है, वहां फीडिंग सुनिश्चित की जाए। संबन्धित उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि परिवहन हैंडलिंग ठेकेदार द्वारा उचित दर दुकानों पर खाद्यान की डिलिवरी निर्धारित रूप से चार्ट अनुसार की जाए, ऐसा सुनिश्चित करें। कहा कि उचित दर दुकान पर खाद्यान पहुंचने की सूचना उप जिलाधिकारी ग्रामप्रधान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पूर्ती निरीक्षक द्वारा वाटसैप एसएमएस के माध्यम से समय पर दी जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि खाद्यान का वितरण इस तिथि को कराया जाएगा। इसका प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन कोटेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उन्हें नोटिस जारी कर दी जाए। नोडल अधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों पर प्राप्त खाद्यान की आवंटित मात्रा के अनुरुप सम्पूर्ण मात्रा का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट एसडीएम को प्रस्तुत किये जाने के लिए एसडीएम से सत्यापन आख्या संकलित कर आख्या जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाए। समीक्षा बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा, एडीएम न्यायिक हरिशंकर लाल शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, उपजिला अधिकारी डी एस ओ संजय कुमार प्रसाद डिप्टी आर एम ओ अरविंद कुमार दुबे, सभी पूर्ति निरीक्षक व संबन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# आधा दर्जन चार पहिया वाहन और एक बस का किया गया चालान



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में सुगम व सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत तीन अप्रैल को आरटीओ खीरी रमेशचन्द्र चौबे व प्रभारी निरीक्षक यातायातए चिरंजीव मोहन के नेतृत्व में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर अनाधिकृत संचालन व पार्किंग नियमो के उल्लंघन पर आधा दर्जन चार पहिया व एक बस के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एम0वी0 एक्ट की संबंधित धाराओं में चालान कर जुर्माना लगाया गया सभी वाहनों को सीज किया गया तथा बिना हेलमेट यात्रा करने वाले एक सैकड़ा मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी।

# बेमौसम बारिश से हुए फसलों के नुकसान का मिले मुआवजा


- किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने उठायी मांग

संवाददाता। सीतापुर

**प्राकृतिक** आपदा की मार झेल चुके किसानों ने फसलों के नुकसान का मुआवजा दिये जाने की मांग उठानी शुरु कर दी है। किसानों की तरफ से किया जा रहा प्रदर्शन इस बात की ओर संकेत कर रहा है, कि कहीं न कहीं उनके फसलों के हुए नुकसान का आकलन करने में राजस्वकर्मी ढिलाई बरत रहे है। इसकी बानगी उस समय देखने को मिली जब किसानों के साथ महिला किसानों और किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने तहसील सिधौली क्षेत्र में हाईवे के किनारे प्रदर्शन किया। किसान, भारतीय किसान यूनियन राजेश सिंह गुट के बैनर तले अटरिया थाना पहुंचे, और यहां हाईवे के किनारे महापंचायत करते हुए बात करोगे बात करेंगे, नहीं तो जूता-लात करेंगे जैसे नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, मटर, चना, मसूर, आलू और सब्जियों के नुकसान का उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। महापंचायत कर रहे किसानों के पास पहुंच कर सीओ सिधौली यादवेन्द्र यादव ने ज्ञापन लिया। इससे पूर्व एस ओ थाना अटरिया प्रदीप सिंह ने किसानों को पंचायत स्थगित करने की सलाह दी, पर किसान अड़े रहे कि वे अपना ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को ही सौपेंगे। महापंचायत का नेतृत्व संगठन के प्रदेश महासचिव राम प्रकाश सिंह ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष के के सिंह, जिला अध्यक्ष अमित कुमार, बब्लू रावत, संदीप चौरसिया, राजेन्द्र रावत, शिव कुमार, दीप चन्द्र, बलराम रावत आदि उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित व लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के विरूद्ध हो कठोर कार्रवाई

संवाददाता। शाहजहाँपुर



डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें एवं अनुपस्थिततथा शिक्षण कार्यों में लापरवाही करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि जनवरी से मार्च तक 751 शिक्षकों के वेतन कटौती की कार्यवाही की गयी, 13 शिक्षकों को प्रतिकूल प्रवष्टि दी गयी, 748 को चेतावनी जारी की गयी तथा 10 शिक्षकों को निलंबित भी किया गया है। इस प्रकार कुल 1522 के विरूद्ध कार्यवाही माह जनवरी से मार्च 2023 के दौरान की गयी। कहा कि जिस विकास खंड का प्रदर्शन सबसे खराब पाया जाये और उच्च स्तर से किए गए निरीक्षणों में अधिक शिक्षक अनुपस्थित पाए जाएं, वहां के खंड शिक्षा अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए उसके विरुद्ध भी कार्यवाही की जाये। उन्होंने नगर क्षेत्र में सबसे खराब प्रदर्शन मिलने पर नगर शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की सेवा समाप्त किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि सभी विद्यालयों में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा जहां पर तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से विद्यालय न आते हों, उनकी आख्या तत्काल प्रेषित की जाये। सभी बच्चे नियमित रूप से निर्धारित ड्रेस में ही स्कूल में उपस्थित हो, सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयो में सुरक्षा के दृष्टिगत भी आवश्यक निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि सभी का उद्देश्य होना चाहिए कि पढ़ाई में सबसे कमजोर बच्चे के शिक्षा के स्तर में सुधार किया जाये, इसके लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना चाहिए। कहा कि अल्पसंख्यक क्षेत्रों में स्थित जर्जर विद्यालय की सूची प्रेषित की जाये, जिससे अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा विद्यालय बनवाए जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ददरौल में सुरक्षा के दृष्टिगत बाउंड्री वॉल का निर्माण मनरेगा डीएम ने दिए। जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में कराए गए कार्यों की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमार गौरव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द रस्तोगी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट को मिला नया विद्युत उपकरण कक्ष, किया गया लोकार्पण



- विद्युत उपकरण कक्ष के बनने से कलेक्ट्रेट की बेहतर हुई विद्युत व्यवस्था

संवाददाता। लखीमपुरखीरी

**कलेक्ट्रेट** में विद्युत व्यवस्थाओं को सुगम और बेहतर करने के उद्देश्य से सोमवार की सुबह कलेक्ट्रेट स्थित नवनिर्मित विद्युत उपकरण कक्ष का जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने अपर जिलाधिकारी (विध्रा)संजय कुमार सिंह के साथ लोकार्पण किया। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर शिलापट का अनावरण किया एवं फीता काट कर लोकार्पित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी (सदर)/प्रभारी अधिकारी (नजारत) श्रीमती श्रद्धा सिंह, उप जिलाधिकारी विधेश, नाजिर सदर (कलेक्ट्रेट) मो. सलीम मौजूद रहे। बताते चलें कि कलेक्ट्रेट में विद्युत व्यवस्थाओं को सुगम और बेहतर बनाने के लिए डीएम के निर्देश पर इस कक्ष का निर्माण हुआ। कलेक्ट्रेट में नवीन विद्युत उपकरण कक्ष के बन जाने से जहां एक ओर बेतरतीब तारों से मुक्ति मिली। वही कलेक्ट्रट विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित हो गई।

## क्विक न्यूज

### पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन छह अप्रैल को

**बरेली।** 6अप्रैल को होने बाले 19वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन की जानकारी देते हुए अध्यक्ष सतीश लुनियाल ने बताया यह हमारा 19 वा पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन है मॉडल टाउन हरि मंदिर में होने जा रहा है। इसमें पूरे प्रदेश के युवक-युवती रजिस्ट्रेशन कराते हैं। दहेज जो एक सामाजिक बुराई के रूप में व्याप्त है, कदाचित उससे निजात पाने में यह आयोजन संबल स्वरूप होगा। पारिवारिक एकता के अभाव में समाज और देश में एकता कायम करना आसान नहीं है। समाज की नजरों में नारी की अहम् भूमिका वर्तमान के साथ अतीत में भी रही है जिससे कभी झुठलाया नहीं जा सकता। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम औतार आहुजा, चेयरमैन अजन्ता स्वीट्स एवं विशिष्ट अतिथि डा0 विनोद पागरानी, चेयरमैन, खुशलोक हॉस्पिटल होंगे। पंजाबी सेवा समिति के महामंत्री लोकेश कालड़ा ने बताया कि जाज के प्रगतिशील युग में सारी मनुष्य अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर है, पंजाबी समाज विशेषकर महिलाएं आज के परिवेश में अपना औचित्य सिद्ध करें। समाज का कार्य बिना समय दिये कैसे चलेगा, जबकि समाज के कार्यों के लिये समयदान आवश्यक है हमें इसमें समय देना होगा। पूरे उप्र में पंजाबी समुदाय के लोग इसमें भाग लेते है। यह सम्मेलन आसपास के जिलों के पंजाबी समाज व हर समाज के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण साबित हो रहा है। अब तक लगभग 100 रजिस्ट्रेशन प्राप्त हो चुके हैं। इस सम्मेलन में 350 रजिस्ट्रेशन होने की संभावना है। इस वर्ष 30 रिश्ते होने की संभावना है।



### भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**सीतापुर।** जन्म कल्याणक महोत्सव में महिलाओं ने डाडिया नृत्य किया तो हर कोई देखता रह गया। मौका था भगवान महावीर के 2622 वें जन्म कल्याणक महोत्सव का। जैन समाज की तरफ से 24वें तीर्थकंर भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में बैलगाड़ी को रथ बनाया गया जिस पर 24वें तीर्थकंर विराजमान हुए। यह रथ आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा में 23वें तीर्थकंर भगवान पार्श्वनाथ के लिए भी रथ सजाया गया गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा के जरिये शांति और अहिंसा का संदेश दिया गया। इससे पूर्व प्रातः सात बजे पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। तत्पाश्चात महवीर उद्यान में पूजन हुआ। महिलाओं ने मान स्तंम्भ पर विधिवत पूजा की, शोभायात्रा दिगम्बर जैन मदिंर से चलकर प्रेमनगर, लालबाग, घंटाघर, ग्रीकगंज, लोहारबाग हाते हुए जैन मदिंर पहुंची। शोभायात्रा में महावीर जैन, दीपांशु जैन, सुनील जैन, सीमा जैन, मधु जैन, मुकेश जैन, सरिता जैन, मंजू जैन, अनिल जैन रश्मि जैन सहित जैन समाज के तमाम लोग शामिल हुए।

### चोरी के लैपटाप व मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के दौरान शातिर चोर रामकिशोर उर्फलुक्का उर्फशाका निवासी ग्राम मालौ थाना कलान को चोरी के लेपटाप(सोनी कम्पनी) व एक अदद चोरी के मोबाइल(ओपो कम्पनी) के ग्राम आँधीदेई के पाससे गिरफ्तार किया रामकिशोर ने पूछताछ करने पर बताया कि पिछले वर्ष मई के महीने में ब्लाक कलान के पास स्थित एक मकान से रात के समय लेपटाप बैग व मोबाइल चोरी किये थे लेपटाप बैंग में एक लेपटाप व 90,000 रूपये थे। रूपयों को खर्च कर लिये, चोरी के लेपटाप व मोबाइल को लेकर दिल्ली जा रहा था बरामद लेपटाप व मोबाइल कलान के पास से चोरी किया गया था।

### गोकशी के 6 आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस में गोकशी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से गौकसी के काम आने वाले औजार भी बरामद किए गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में गांव पडरी हलवा मजरे की दनिया नदी के पास से चौकशी करने वाले गैंग के सदस्य भोजीपुरा के भोरा टांडा वार्ड 4 निवासी दानिश और जहूर अहमद वार्ड 5 निवासी गुड्डू कैंट थाने के गांव खिरिया निजावत खा निवासी शाहिद पुत्र शरीफभोजीपुरा के गांव कलारा निवासी नन्हे और अनवर को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से गोकशी के काम आने वाले औजार भी बरामद किए गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने बताया कि उनके गैंग का मास्टरमाइंड शाहिद है जो ठीरिया निजावत का से आकर धौरा टांडा में छुपकर गोकशी के कार्य को अंजाम दे रहा है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को जेल भेजा।

### छेड़छाड़ के इलजाम पर आरोपी ने की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** युवती द्वारा छेड़छाड़ के इलजाम के आरोपी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने युवती के परिजनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने मामले की जाँच शुरू की थाना निगोही क्षेत्र के एक गांव में 31 मार्च को एक गांव के रहने वाले 32 साल के साधू सिंह यादव पर गांव की रहने वाली युवती ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। युवती के परिजनों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी के खिलाफथाने में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 1 अप्रैल को छेड़छाड़ के आरोपी ने खेत में फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी।मृतक साधू सिंह यादव के भाई की तरफसे कराई गई एफआईआर में बताया कि साधू का पैर फिसलने से युवती को धक्का लग गया था। लेकिन युवती ने छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया। उसके परिजनों ने साधू के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और एफआईआर भी दर्ज करा दी। उसके बाद एक अप्रैल को साधू खेत पर से वापस घर लौट रहा था। युवती के परिजनों ने उसको फिर से जान से मारने धमकी दी और उसको आत्महत्या करने पर विवश कर दिया। कुछ देर बाद ही छेड़छाड़ के आरोपी ने खेत में फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि छेड़छाड़ का मुकदमा आरोपी के खिलाफदर्ज किया गया था। आरोपी ने एक अप्रैल को आत्महत्या कर ली थी। आरोपी के भाई की तरफसे आत्महत्या के लिए उकसाने वालों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### महोत्सव के जरिये स्वरोजगार को बढ़ावा 10 अप्रैल तक मनेगा रंग महोत्सव

**सीतापुर।** रंग महोत्सव के जरिये इन दिनों नवोदित कलाकारों को विभिन्न कलाओं में पारंगत किया जा रहा है। यही नहीं सीतापुर शहर के राजा कालेज मैदान से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जा रहा है। रंग महोत्सव में स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिल रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये आम जनमानस को स्वस्थ मनोरंजन का लाभ भी मिल रहा है। यह सिलसिला 10 अप्रैल तक यूहीं चलता रहेगा। बतादें रंग महोत्सव का शुभारम्भ 18 मार्च को हुआ था। महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि प्रस्तुति कलाकारों, नवोदित कलाकारों द्वारा दी जा रही है। आगामी दिनों में फूलों की होली समाज सेवियों का सम्मान सहित अन्य कई कार्यक्रम महोत्सव में आकर्षण का केन्द्र बनेगें।

# यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत किया गया रूट डायवर्जन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर** में होने वाले हनुमान जन्मोत्सव पदयात्रा के परिप्रेक्ष्य में 06 अप्रैल को जनपद लखीमपुर में यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत निम्न पार्किंगध्रुट डायर्वजन किया गया है। इसके तहत सीतापुर की तरफसे आने वाले समस्त प्रकार के वाहन ओयल स्थित बेहजम रोड होते हुए अपने गंतव्य को जाएगे किसी भी प्रकार के वाहन ओयल से एलआरपी की तरफ नहीं आएगें। सीतापुर की तरफ से श्री हनुमान जन्मोत्सव पद यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन ओयल बेहजम रोड के बाई तरफ मैदान में पर्किंग की जाएगी। पलिया भीरा की तरफसे आने वाले वाहन जिन्हे सीतापुर लखनऊ जाना है वह वाहन या तो बाईपास होते हुए छाऊछ बेहजम रोड होकर जाएंगे अथवा महेवागंज से शारदानगर ढकेरवा धौरहरा सिसैया लहरपुर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। सैधरी बाई से शहर की तरफ मेला मैदान की बसों को छोडकर बड़े वाहन नहीं आएगें। खीरी एवं राजापुर की तरफसे कोई भी वाहन एलआरपी की तरफ नहीं आएगें। छाऊछ की तरफ से किसी भी प्रकार के वाहन एलआरपी की तरफनहीं आएगें। बहराइच की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें पीलीभीत शाहजहांपुर बरेली की तरफजाना है सभी वाहन सिसैया धौराहरा ढकेरवा निघासन होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। गुरुनानक नहर पुलिया से एलआरपी तरफ किसी भी प्रकार के वाहन नहीं जाएंगे। एलआरपी से ओयल के मध्य दो पहिया चार पहिया या अन्य बड़े वाहन पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेंगे। गोला की तरफ से आने वाले बड़े वाहन मनकापुर से डायवर्जन होकर सिकंदराबाद होते हुए बेहजम रोड से अपने गंतव्य को जाएंगे।

# नगर में लोग मच्छर से परेशान

संवाददाता। शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान, एण्टीलार्वा छिड़काव एवं फागिंग का कार्य वृहद स्तर पर कराया गया। माइको प्लान अन्तर्गत नगर क्षेत्र के सफाई जोन-01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देख रेख में खिरनीबाग सफाई जोन-02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देख रेख में मुल्लाखेल, सफाई जोन-03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देख रेख में खलीलशर्की, सफाई जोन-04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में तिराही एवं सफाई जोन-05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में फत्तेपुर रेती में विशेष सफाई अभियान के साथ-साथ एण्टी लार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय स्वच्छता कर्मियों के द्वारा किये जा रहे सफाई के कार्य को अपनी देख रेख में कराया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार दिनांक 04 अप्रैल को सदर बाजार बाजई प्रथम मोहम्मद जई, बक्सरिया एवं अहमदपुर रेती में सफाई का कार्य एण्टी लार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने खुली नालियों को ढंकने की व्यवस्था, नालियों / कचरा की नियमित सफाई करवाना सड़क के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से सफाई कराये जाने एवं संवेदनशील क्षेत्रों तथा शहरी मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान संचालित किये जाने के संबन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया।

# खिलाड़ियों के लिए स्विमिंग पूल खुला, 30 सितम्बर तक सीख सकेंगे तैराक

संवाददाता। सीतापुर

**तैराकी** एक शौक नहीं बल्कि कला भी है। तैराकी का शौक रखने वालों की कला में और निखार आ सके इस मंशा से सोमवार को सीतापुर में स्विमिगं पूल का शुभारम्भ सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह ने किया। अब तैराकी के शौकीनों को अपनी कला को और उतकृष्ट बनाने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वह तरणताल स्थित स्विमिगं पूल पहुंच कर तैराकी सीख सकेगें और प्रतिभा में निखार ला सकेगें। तैराकी सीखने के लिए अब स्विमिगं पूल 30 सितम्बर तक खुला रहेगा। स्विमिगं पूल का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट ने फीता काटकर और नारियल फोड़ कर किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना भी की। स्विमिंग पूल खुल जाने से अब खिलाड़ियों को अपनी तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी। तैराकी एक ऐसा व्यायाम है जिससे पूरे शरीर का विकास होता है।

# डीएम ने गिनाए मोटा अनाज खाने के लाभ

संवाददाता। शाहजहाँपुर।



**बाल** विकास विभाग, शाहजहांपुर के तत्वाधान में पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज पोषण गोष्ठी का आयोजन गांधी भवन प्रेक्षागृह में किया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय ''मोटा अनाज (मिलेट) एवं इसकी उपयोगिता'' रहा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर पोषण में मोटे अनाज की उपायोगिता तथा अन्य विषयों पर जानकारी दी गयी। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों ने कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। डीएम ने प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए पुरस्कार स्वरूप उपहार भी दिए। उन्होंने एफपीओ के प्रतिनिधियों को बाजरे की किट का भी वितरण किया। इस अवसर पर डीएम द्वारा पोषण के संबंध में किए जा रहे कार्यों तथा आम जनमानस में आहार संबंधी आदतों में बदलाव हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ती / कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए अपेक्षा की गयी कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के तंदुरूस्ती की निगरानी किए जाने हेतु वजन मशीनें, लंबाई-ऊंचाई नापने की मशीन, पोषाहार की सुविधा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। डीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी आधारभूत इकाई है जो सामाजिक परिवर्तन एवं व्यवहार परिवर्तन हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। आरबीएसके के जरिए दिव्यांग बच्चों के ईलाज हेतु कार्य किये जा रहे है। इसके लिये आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों से दिव्यांग बच्चों की सूची का संकलन भी कराया जा रहा है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भरोसा दिलाया कि उनके सेवा सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारण समय से कराया जा रहा है। कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिये मोटा अनाज बहुत महत्वपूर्ण है। इससे ताकत भी मिलती है तथा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। जबकि खानपान विगड़ने से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, प्रशासन स्तर पर इसके प्रचार प्रसार हेतु अभियान चलाया जा रहा है। सेना की मेस, पुलिस लाइन आदि के मेस में मोटे अनाज को सम्मिलित किये जाने को लेकर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने एफपीओ प्रतिनिधियों से भी कार्यक्रम में सहयोग करने हेतु अनुरोध किया। उपनिदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह, कृषि रक्षा अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र से उपस्थित कृषि विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिकों द्वारा मोटा अनाज के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया तथा मोटा अनाज की उपयोगिता, इसके चिकित्सीय फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। गोष्ठी में बाल विकास विभाग के साथ-साथ सहयोगी विभागों द्वारा मोटा अनाज एवं मोटा अनाज से बने व्यंजनों के साथ ही वर्तमान में विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार से बने व्यंजनों, शिक्षण में सहायक सामग्री का प्रदर्शन तथा कृषि विभाग द्वारा मोटा अनाज हेतु बीजों से संबंधित प्रदर्शनी/महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि प्रसार जिला विकास अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र से विशेषज्ञ वैज्ञानिक एनपी गुप्ता डॉ नूतन डॉ विद्या, खाद एवं रसद विभाग, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी एफ्पीओ, गंगा समिति के पांडे, कमलेश बाल विकास परियोजना अधिकारी भावल खेड़ा, मुख्य सेविका किंचित, रेखा, पूनम एवं गीता तथा शुभम वर्मा, जिला कार्यक्रम कार्यालय से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युगल किशोर सांगुडी बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई

संवाददाता। बरेली

**जिला** ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल ने बताया कि उ प्र माटीकला बोर्ड द्वारा माटी कला कार्य में लगे कुम्हार/परम्परागतकारीगरों/ उद्यमियों/ शिल्पियों के समन्वित विकास हेतु पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना प्रोजेक्ट कास्ट धनराशि 10 लाख रुपए तक की संचालित की जा रही है। कहा कि पूंजीगत ऋण (टर्म लोन) की धनराशि की 25 प्रतिशत धनराशि लाभार्थियों को उ प्र माटी कला बोर्ड, लखनऊ द्वारा अनुदान स्वरूप दी जायेगी। उन्होंने कहा कि माटीकला योजना के अन्तर्गत खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद (प्रेशरकुकर, घड़ा, सुराही, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, अचार दानी, कप-प्लेट, इत्यादि) भवन निर्माण सामग्री (फ्लोर टाईल्स, रूफ टाईल्स, लैट्रिन पैन, पाईप, वॉश बेसिन इत्यादि) सजावटी सामान (गुलदस्ता, गार्डन पॉट, बौनसाही पॉट, लैम्प इत्यादि) निर्माण हेतु उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से आवेदकों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे। योजनांन्तर्गत व्यक्तिगत इकाइयाँ ही स्थापित कराई जायेंगी। इस व्यवसाय से सम्बन्धित कारीगरों एवं शिल्पियों की तत्कालिक वित्तीय आवश्यकता दूर हो सकेगी तथा उन्हें मार्जिन मनी अनुदान प्राप्त होने से उन पर पड़ने वाला वित्तीय भार कम होगा। अधिकारी ने कहा कि इस योजना हेतु आवेदक की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष हो तथा माटी कला/माटी शिल्पकला की किसी विधा के तहत प्रशिक्षण/प्रमाण पत्र प्राप्त हो/ माटी कला की परम्परागत जानकारी हो। योजना का लाभ लेने हेतु पात्र व्यक्तियों/युवकों/युवतियों के लिए इस रोजगार योजना के आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन-पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 35 यू/4ए रामपुर बाग, बरेली से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 31 मई, 2023 है।

# सीधे किसानों से की जाए ख़रीद : डिप्टी सीएम

## दो दिवसीय प्रवास पर फतेहपुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, किया गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण

- क्रय केंद्रों में बिचौलियों पर पैनी निगाह रखने के दिए निर्देश
- विद्यालय में छात्राओं को किया निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं बैग वितरण



**संवाददाता।** फतेहपुर

**दो** दिवसीय प्रवास पर आज शाम जनपद पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंडी समिति खागा स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। कहां कि क्रय केंद्र में किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस बाबत उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए। यहां पर प्रयागराज के माफिया डान अतीक अहमद से सम्बन्धित सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश में अपराधी और अपराध जब तक समाप्त नहीं होंगे, तब तक कार्रवाई जारी रहेगी। अदालत के माध्यम से पैरवी करके कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने का प्रयास होगा। ओम प्रकाश राजभर के वायरल वीडियो के बाबत कहा कि अभी ऐसा कोई वीडियो संज्ञान में नहीं है।

राजकीय गेंहू क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बोरो की उप्लब्धता, नमी मापक यंत्र की क्रियाशीलता, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, ई-पास मशीन आदि की जानकारी डिप्टी आरएमओ से ली और कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है, किसानों की उपज का उचित मूल्य दिया जाय। क्रय केन्द्र में आने वाले किसानों के लिए बैठने व शुद्ध पेय जल की व्यवस्था आदि को दुरुस्त रखने के निर्देश डिप्टी आरएमओ को दिए। किसान भाईयों की उपज का भुगतान (रु 2125 प्रति कुन्तल) समय से डीबीटी के माध्यम से किया जाय। क्रय केंद्रों में बिचौलियों पर पैनी निगाह रखे, सीधे किसानों से ही गेंहू क्रय किया जाय। क्रय सम्बन्धी पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता व तात्पर्यता के साथ किया जाय। गेंहू खरीद की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। डिप्टी आरएमओ द्वारा बताया गया कि जनपद में गाजीपुर गेंहू क्रय केन्द्र में गेंहू की आवक हुई है। इस मौके पर ने मंडी परिसर में पाखर का पौध रोपित किया।

तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामपुर थरियांव में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा-7 एवं 8 की छात्राओं से पठन पाठन के बारे में जानकारी भी ली, साथ ही डायनिंग हाल, ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से संचालित है कि प्रशंसा की। कार्यक्रम में 15 छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं बैग का नि:शुल्क वितरण किया। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कस्तूरबा गांधी की छात्राओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन के हर पहलू में विकास करेंगी।

## ई-पाश मशीन के न चलने से गेहूं की नहीं हो पा रही खरीद

**मौदहा**, हमीरपुर। गेहूं खरीद केंद्र में ई-पांश मशीन के न चलने के कारण नगर क्षेत्र में गेहूं खरीद केंद्रों में खरीद बाधित रही हालाकि इक्का-दुक्का किसानों के खरीद केंद्रों में आने के अलावा खरीद केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहा। नगर क्षेत्र के किसानों का गेहूं खरीदने को लेकर प्रशासन ने एक अप्रैल से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अपने गेहूं खरीद केंद्र को खोल किसानों को बुला कर गेहूं की खरीद शुरू कर दी थी। दूसरा दिन रविवार होने के चलते सभी गेहूं खरीद केंद्र बन्द रहे। सोमवार को भी खरीद केंद्रों में मौजूद ईपोस मशीनों के काम न करने से गेहूं की खरीद नहीं हो सकी हालांकि खरीद केंद्रों में इक्का-दुक्का किसान पहुंचने के अलावा सन्नाटा पसरा रहा। लेकिन उच्चाधिकारियों के आदेशो के चलते केंद्र प्रभारियों ने आफ लाइन गेहूं की खरीद शुरू कर दी है, जो खरीद मशीन के काम न करने के चलते आज भी ऑनलाइन खरीद नहीं हो सकी। पीसीएफ केन्द्र प्रभारी सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि ई पाश मशीन चलाने का प्रयास हो रहा है।

# वाहनों की धरपकड़ से आक्रोशित हुए आटो, ई-रिक्शा चालकों ने दिया धरना

- वाहनों की हड़ताल से राहगीरों को हुई मुश्किलें

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सोमवार** को आये दिन आटो व ई-रिक्शा चालकों की धरपकड़ से बिफरे चालकों ने नगर में चलने वाले सभी सवारी वाहनों की हड़ताल का बिगुल फूंक दिया और बड़ी संख्या में एकत्रित चालक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जहां पर उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुये साफ शब्दों में आये दिन सवारी वाहनों की धरपकड़ को वह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बाद में उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। वहीं अचानक सवारी वाहनों की हड़ताल होने से जिला मुख्यालय आने वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करने को विवश होना पड़ा।



कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुये चालकों का कहना था कि उन्हें लंबे समय से चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है। हम लोगों के ईरिक्शों को जबरन कोतवाली में खड़ा करवाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हम लोगों के सामने परिवार का भरण पोषण करने की समस्या पैदा हो जाती है। उनका कहना था कि आये दिन की वाहन चेकिंग अभियान का प्रशासन स्थायी समाधान निकाले साथ ही भविष्य में जबरन चेकिंग के नाम पर किसी भी सवारी वाहन को बेवजह पकड़कर कोतवाली में खड़ा व करवाया जाये। धरना प्रदर्शन के दौरान सवारी वाहन चालकों की अनेकों समस्याओं पर भी खुलकर चर्चा की गयी। ज्यादातर वाहन चालकों का कहना था कि यदि इसी तरह से आये दिन उनके वाहनों को पकड़कर कोतवाली में खड़ा करा दिया जाता है और वह कई-कई दिनों तक अपना वाहन छुड़वाने के लिये कोतवाली के चक्कर काटते रहते हैं। उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। सवारी वाहनों की हड़ताल से रेलवे स्टेशन, कालपी बस स्टैंड, कोंच बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों से जो राहगीर जिला मुख्यालय पहुंचे उन्हें या तो पैदल चलकर ही गंतव्य की ओर जाना पड़ा।

## बूंद-बूंद पानी को तरसते पहाड़ी कस्बा के वाशिंदे

**पहाड़ी,** चित्रकूट। जल संस्थान के कर्मचारियों की उदासीनता के चलते कस्बे के वाशिंदे बूंद-बूंद पानी को तरसने को मजबूर है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कस्बे की पेयजल किल्लत को दूर करने की गुहार लगाई है। जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा करोड़ों का बजट खर्च कर हर घर जल योजना के माध्यम से गांवों में हर घर को जल पहुंचाने के लिए संकलित है। वहीं पहाडी कस्बे में जल संस्थान के लापरवाह कर्मचारियों की उदासीनता के चलते गर्मी के शुरुआती दिनों में ही कस्बे की करीब दस हजार की आबादी बूंद-बूंद पानी को तरसने को मजबूर हो रही है। कहने को तो पहाड़ी जलसस्थान पहाड़ी में कर्मचारियों की भारी भरकम फौज तैनात हैं। लेकिन जब कहीं भूले भटके आप जल संस्थान कार्यालय पहाड़ी पहुंचेगे तो ताला लटका मिलेगा। पानी सप्लाई का कोई समय निर्धारित नहीं है। पाइप लाइन टूटी हुई है तो उस लाइन की सप्लाई हफ्तों बंद पड़ी रहती है।

# सद्‌गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सेवा कार्यों का संघ प्रमुख ने किया अवलोकन



**चित्रकूट।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास दौरान संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में रात्रि विश्राम किया। अगले दिन ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित विभिन्न प्रकल्पों को देखा। सोमवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रकल्पों को देखने के बाद कहा कि जैसा सुना था, उससे कहीं अच्छा उन्हें यहां देखने को मिला। भ्रमण दौरान नेत्र रोगियों को अपने हाथों से चश्मा पहनाकर दवा देकर उनका हालचाल जाना। संघ प्रमुख ने सदगुरु कांफ्रेंस हाल में सेवा कार्य पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारे संगठन में सेवा सर्वोपरि है। सेवा एक ऐसी वस्तु है कि जिसकी की जाए उसका उद्धार करती है, साथ ही जो सेवा करता है उसका भी आत्मोत्थान करती है। यहां सेवा में संलग्न सभी कार्यकर्ताओ को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में सेवा का अवसर बहुत भाग्य से मिलता है। वे सभी से कहते हैं कि अपनी पूरी क्षमता से सेवा कार्य में लगे रहें। इस ट्रस्ट के हो रहे कार्यों के बारे में बहुत सुन रखा था, आज प्रत्यक्ष रूप से देखने का मौका मिला।

# जिलाधिकारी ने ली विकास कार्यों पर बैठक



**संवाददाता।** बांदा

**जिलाधिकारी** श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के अन्तर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य में हर माह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्ड बनाये जाने हेतु आशाओं को सक्रिय करके तेजी से कार्ड बनाये जायें। उन्होंने संचारी रोग अभियान एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए विद्यालयों एवं आगबाडी केन्द्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के कार्य की मॉनीटरिंग एसीएमओ को करने के निर्देश दिये। उन्होंने टीकाकरण के अन्तर्गत बर्थ डोज सभी बच्चों को कराये जाने टीकाकरण की अपलोडिंग शीघ्र पोर्टल पर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पोषण अभियान के अन्तर्गत चिन्हित किये गये कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत स्कूल चलो अभियान में शत.प्रतिशत बच्चों का पंजीकरण कराने एवं नये शत्र हेतु पुस्तकों का शीर्घ्र वितरण कराये जाने के निर्देश दिये।

## कुटुंब मिलन समारोह में पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**बांदा।** आज जनपद बांदा मे प्रेस क्लब बांदा के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा की अगुवाई में कुटुंब मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती, देव ऋषि नारद मुनि, की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही शहीद पत्रकार सुरेश चंद गुप्ता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। आपको बता दे कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार बुद्धिप्रकाश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जनपद बांदा के सारंग होटल में आज कुटुंब मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बांदा जनपद के सभी क्षेत्रों से पत्रकार बंधु सम्मिलित हुए। अपने उद्बोधन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा के द्वारा बताया गया कि आज की पत्रकारिता दौर बहुत ही कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने आवाहन किया कि सभी पत्रकारों को एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए क्योंकि पत्रकार समाज का आईना होता है। अच्छाई बुराइयों को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है इसलिए आज के समय में निष्पक्ष पत्रकारिता की बहुत ही बड़ी जरूरत है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार टीवी-9 भारतवर्ष आर भारत दि पायनियर लखनऊ के पत्रकार आलोक निगम को शाल देकर सम्मानित किया।

## क्विक न्यूज

### सिफरी प्रयागराज द्वारा गंगा में छोड़ी गईं तीस हजार मछलियां



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय नदी रैंचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी में विलुप्त हो रहे मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् केन्द्रीय अन्तर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सिफरी), प्रयागराज के द्वारा फतेहपुर में गंगा नदी में तीस हजार भारतीय प्रमुख कार्प कतला, रोहू, मृगल मछलियों के बीज को रैंचिंग सह जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत छोड़ा गया। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रभारी डॉ धर्म नाथ झा ने लोगों को गंगा नदी में मछली और रैंचिंग के महत्व को बताया कि इस वर्ष गंगा नदी में कम हो रहे महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों के 22 लाख से ज्यादा बीज का रैंचिंग होना रखा गया है।

### मुस्लिम बस्ती में शराब ठेके खोलने का विरोध

**फर्रुखाबाद।** मुस्लिम बस्ती में खोला गया देसी शराब ठेका न हटने तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मुस्लिम बस्ती में शराब का ठेका खोले जाने से मुसलमानों में जबरदस्त रोष व्याप्त हो गया है। बसपा नेता रहे अनस सिद्दीकी के नेतृत्व में करीब एक दर्जन लोग शिकायत करने मुख्यालय पर पहुंचे। डॉक्टर एम एच सिद्दीकी आदि लोगों के हस्ताक्षर वाला प्रार्थना पत्र डीएम को देकर तुरंत ही ठेका हटाए जाने की मांग की गई। डीएम को बताया गया की ठेके से 30 मीटर की दूरी पर इमामबाड़ा एवं 50 मीटर की दूरी पर मस्जिद है और सामने रेन बसेरा है। शराब ठेके पर असामाजिक तत्व एकत्र होकर हंगामा करेंगे जिससे धार्मिक भावनाओं को लेकर कोई बड़ी वारदात होने की संभावना है। डीएम ने आबकारी अधिकारी को ठेका हटाए जाने का निर्देश दिया है।

### अस्पताल में महिलाओं द्वारा प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ

**जालौन, उरई।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रेरणा केंटीन का शुभारंभ हुआ। जिसमें मरीजों व तीमारदारों को उचित दर पर चाय, नाश्ता व खाना उपलब्ध कराया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वयं सहायता समूह हम होंगे कामयाब, खनुआं की महिलाओं के द्वारा प्रेरणा कैंटीन खोली गई है। सोमवार को महिला चौकी प्रभारी रानी गुप्ता ने फीता काटकर प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ किया। वहीं महिला चौकी प्रभारी रानी गुप्ता इसे स्वावलंबन की दिशा में बेहतर कदम बताया। कहा कि प्रेरणा कैंटीन के संचालन से अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को शुद्ध एवं किफायती रेट में नाश्ता एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। सरकारी स्थानों पर जहां अधिक लोगों का आवागमन है उन जगहों पर प्रेरणा कैंटीन के शुभारंभ से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी।

### अधिवक्ता मुलायम बने यादव महासभा नगर अध्यक्ष

**जालौन, उरई।** अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर उनक साथी अधिवक्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बृजराज सिंह यादव ने रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव को महासभा का नगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की थी। उनको महासभा का नगर अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके साथी अधिवक्ताओं ने खुशी व्यक्त की। मुंसिफन्यायालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में साथी अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर खुशी का इजहार किया।

### डीएम अभिषेक आनंद के सामने हुई आधा बिस्वा की क्राप कटिंग

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी के अहमदगंज गांव पहुंचकर किसान भइयालाल के गाटा संख्या 92 में त्रिभुजाकार आकार में आधा बिस्वा .0043 हे खेत में गेहूं की क्रॉप कटिंग कटाई कराई। सोमवार को जिलाधिकारी की मौजूदगी में गेहूं की कटाई व थ्रेसर से कतराई हुई। वेट मशीन से वजन कराने पर 14 किलो गेहूं निकला। उन्होंने किसान भइयालाल से पूंछा कि कितनी जमीन है। किसान ने बताया कि उसके पास तीन बीघा भूमि है। डीएम ने सांख्यिकी इंस्पेक्टर को निर्देश दिए कि लाही, सरसों की क्राफ्ट कटिंग का डाटा सभी तहसीलों से लेकर अवगत कराएं।

### छात्रा खुशी ने किया शांती देवी इंटर कॉलेज में टाप

**पहाड़ी, चित्रकूट।** शांती देवी पब्लिक स्कूल एवं शांती देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी में गृह परीक्षा का परीक्षाफल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे द्वारा विद्यालय के मेद्यावी बच्चों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर चोर तीन मोटरबाइक की गईं बरामद



**चित्रकूट।** अपराधों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही के तहत सरधुआ थाना पुलिस ने अन्तर्जनपदीय दो वाहन चोरों को दबोचकर चोरी की तीन मोटरबाइकें बरामद की है। सोमवार को सरधुवा थाने के दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुरसेन चौराहा से औदहा जाने वाले मार्ग पर चोरी की मोटरबाइक के साथ अनुराज कुमार गुप्ता उर्फ मुनीम पुत्र स्व राजकुमार गुप्ता निवासी मोदीनगर शंकरगढ़ जिला प्रयागराज व विजय कुमार तिवारी पुत्र माताबदल तिवारी निवासी अरछा बरेठी थाना सरधुवा को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से तीन मोटरबाइकें बरामद की। पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि यह मोटरबाइक उनकी नही है। इसे शंकरगढ़ से चुराया था। दो और मोटरबाइकों को अलग-अलग स्थानों से चुराकर बरद्वारा माइनर रोड पर दाहिनी ओर बगीचे में छुपाकर रखा है। उन्ही मोटरबाइकों को बेंचवाने को विजय कुमार तिवारी को साथ लेकर जा रहा था। दबोचे चोरों की निशानदेही पर दो और मोटरबाइकें भी बरामद कर ली गईं। पुलिस टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही ललित सोनी शामिल रहे।

# यमुना पट्टी में बाढ़ से होने वाला कटाव रोकने को खर्च होंगे बारह करोड़ रुपए

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**अकसर** बरसात के मौसम में आने वाली बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने हेतु जिला प्रशासन की पहल पर शासन ने गंभीर रुख अखतियार करते हुये कालपी के बड़ा स्थान के सामने से होते हुये व्यास मंदिर से कालपी तक यमुना किनारे किनारे एक दीवार बनाने का निर्णय लिया है जिस पर काम भी युद्ध स्तर से शुरू हो गया है आज सिंचाई विभाग के जूनियर अभियंता ने पैमाईश हेतु तहसील दार कालपी सुशील कुमार सिंह से मुलाकात की जिस पर आनन फानन में नायब तहसीलदार हरदीप के नेतृत्व में कालपी और कीरतपुर मौजे के लेखपाल जयवीर सिंह और जीतेंद्र यादव को पैमाईश करने हेतु लगाया गया है।

आपको बताते चलें कि यह कार्य भी एसडीएम कालपी और तहसीलदार कालपी के द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर ही जिला प्रशासन की मुखिया चांदनी सिंह की पहल पर स्वीकृत होना बताया जा रहा है यदि सिचाई विभाग केअभियंता आशीष वर्मा की माने तो यह प्रोजेक्ट करीब तीन से चार माह में होने का अनुमान है इस कार्य के लिए करीब बारह करोड़ 25 लाख रुपये स्वीकृत हुये हैं जो व्यास मंदिर से लेकर कालपी तक बनना है जिसकी दूरी करीब साढ़े 11 किमी है यह दीवार 35 मीटर चौड़ी और 15 मीटर ऊंची बननी है।

## कालपी को मिलने जा रही एक खास सड़क, संयुक्त मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

**कालपी, जालौन।** आपको बताते चले कि जबसे कालपी एसडीएम के रूप में आईएएस अभिषेक कुमार आये हैं उन्होंने एक नहीं कई उदाहरण पेश किये हैं। सबसे पहले उन्होंने जोल्हूपुर मोड रेलवे क्रासिंग के पास खेतों का भरा पानी साफकरवाया जो क्षेत्रीय किसानो की प्रमुख समस्या बन गई थी इसके बाद उन्होंने अवैध खनन पर शिकंजा कसा और एक के बाद एक बड़ी कामयाबी हासिल की। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार आईएएस तथा अपर जिलाधिकारी पूनम निगम ने प्रस्तावित सड़क की जमीन का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील कंपाउंड पहुंचने के लिए बीच बाजार से होते हुए सड़क बनी हुई है। जिसमें भारी भीड़ रहती है। इसलिए आवागमन में दिक्कत होती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए तहसील कंपाउंड से रेलवे लाइन के किनारे किनारे नई सड़क बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यह सड़क देवीपुर रेलवे क्रॉसिंग तक बनेगी। समझा जाता है कि राजस्व विभाग के अधिकारी सड़क स्थल के लिए जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

## पुलिस उत्पीड़न के विरोध में धार्मिक कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



**हमीरपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता के पुलिस उत्पीड़न के विरोध में आज संगठन के सैकड़ो धार्मिक कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट परिसर में गाजे बाजे के साथ दुर्गा चालीसा का पाठ कर अनिश्चतकालीन धरना प्रदर्शन कर जमकर प्रशासनिक अफसरो को कोसा,यही नही चेतावनी दी है कि यदि कार्यकर्ता के खिलाफदर्ज मुकदमे पुलिस ने वापस नही लिये तो यहा पर पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता एकत्र होकर विरोध जतायेंगे। जानकारी के मुताबिक संगठन के हनुमान मिश्रा निवासी कोपरा थाना जलालपुर के खिलाफ पिछले दिनो विवार पुलिस ने मारपीट कर एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था संगठन इसके पहले कई मर्तवा रिपोर्ट दर्ज कराने का विरोध डीएम व एसपी से मिलकर जता चुका है आज आसपास के आधा दर्जन जिलों के करीब एक हजार धार्मिक कार्यकर्ताओंने धरना देकर दिन भर दुर्गा आरती गाया और बीच बीच में प्रशासनिक अफसरों को भी कोसा।

# पेज एक का शेष

## मानहानि मामले..

**गांधी** के वकील किरीट पानवाला ने कहा, दोषसिद्धि के खिलाफ गांधी की अपील को सत्र अदालत ने मंजूर कर लिया। उन्होंने जमानत और दोषसिद्धि के निलंबन के लिए भी अर्जियां दायर कीं। अदालत ने अपील के निपटारे तक उन्हें जमानत दे दी है। चार बार लोकसभा सदस्य रहे राहुल अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ एक वाणिज्यिक उड़ान से दोपहर में सूरत पहुंचे। उन्होंने सत्र अदालत में एक अपील दायर की, जिसमें पिछले महीने मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा मामले में सुनाई गई सजा को चुनौती दी गई। उन्होंने मुख्य अर्जी के साथ दो अतिरिक्त अर्जी दायर कीं। इनमें पहली अर्जी सजा के निलंबन के लिए या नियमित जमानत के लिए, और दूसरी अर्जी दोषसिद्धि के निलंबन के लिए है। अदालत ने गांधी की पहली अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जमानत दे दी। गांधी के वकील ने कहा कि दोषसिद्धि पर रोक लगाने की उनकी अर्जी पर अदालत ने शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई 13 अप्रैल के लिए निर्धारित की। पानवाला ने कहा कि भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को 10 अप्रैल तक अर्जी पर अपना जवाब दाखिल करना होगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार को भी प्रतिवादी बनाया गया है और सत्र अदालत ने नोटिस जारी किया है। गांधी ने सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए भी अदालत से अनुरोध किया और उनकी प्रार्थना को न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल के साथ पार्टी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और अन्य नेता उस समय अदालत कक्ष में मौजूद थे जब दोपहर करीब 3 बजे मामले पर सुनवाई हुई। राहुल गांधी, प्रियंका और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ एक लग्जरी बस से अदालत परिसर तक पहुंचे। पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती के बीच बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक परिसर के बाहर जमा हो गए। राहुल ने अदालत से जमानत मिलने के बाद एक ट्वीट में कहा कि वह मित्रकाल के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें सत्य ही उनका अस्त्र है। उन्होंने ट्वीट किया, ये मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा है। राहुल के खिलाफ पूर्णेश मोदी ने उस टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने कहा था, सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों है? गांधी ने 13 अप्रैल 2019 को लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कर्नाटक के कोलार में एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी। टिप्पणी को अपमानजनक माना गया और गुजरात के पूर्व मंत्री ने मामला दर्ज कराया। कांग्रेस नेता 2019 में केरल की वायनाड सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। उन्हें 23 मार्च को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एच वर्मा की अदालत ने दोषी ठहराया और दो साल की जेल की सजा सुनाई। निचली अदालत ने फैसले के खिलाफ अपील के लिए गांधी की सजा एक महीने के लिए निलंबित कर दी थी। फैसले के एक दिन बाद, राहुल को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## कोर्ट के समक्ष...

न्यायपालिका पर दबाव बनाने का प्रयास है या जांच एजेंसियों को धमकाने की जानी-पहचानी रणनीति है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को छोटे सरकार कहकर तंज कसते हुए त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी के पास अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए इतने बड़े अपमान के लिए साधारण माफी मांगकर प्रकरण को खत्म करने का मौका था। इससे पहले, केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत की अदालत में अपील दाखिल करने के लिए राहुल गांधी के साथ जाने के कांग्रेस नेताओं का फैसला न्यायपालिका पर अनुचित दबाव बनाने की कोशिश है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के आरोप को खारिज कर दिया। खरगे ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश के लिए लड़ रहे हैं और ऐसे में पार्टी के नेता उनके समर्थन के लिए सूरत पहुंच रहे हैं तथा यह कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं है। खरगे ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, यह (नेताओं का सूरत पहुंचना) शक्ति प्रदर्शन नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्विटर पर रिजिजू पर पलटवार करते हुए लिखा, एक व्यक्ति रोजाना न्यायपालिका, न्यायाधीशों और पूर्व न्यायाधीशों को धमकाता है और रोजाना इतिहास को तोड़ता-मरोड़ता है। मोदी काल में पाखंड की कोई सीमा नहीं है।

## विपक्षी नेताओं...

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा कि हाल के समय में रामनवमी पर जो हिंसक घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखकर लगता है कि यह सब सुनियोजित षड्यंत्र है और कुछ लोगों के गुप्त एजेंडे का हिस्सा है। सोरेन ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए सभी विपक्षी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। बिहार के उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने देश में जातीय जनगणना की पैरवी करते हुए कहा कि ओबीसी कोटे को बढ़ाने और न्यायपालिका में भी आरक्षण की जरूरत है। यादव ने कहा कि जब तक निजी क्षेत्र में आरक्षण नहीं होगा, तब तक लोगों को न्याय नहीं मिलेगा। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओब्रायन ने बीजू जनता दल के नवीन पटनायक और वाईएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी से अगले लोकसभा चुनाव में खुलकर विपक्ष के साथ आने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि जाति आधारित आरक्षण की सुविधा दूसरे धर्मों के दलितों को मिलनी चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने विपक्षी की एकजुटता की पैरवी करते हुए कहा कि सभी को बेहतर जिंदगी उपलब्ध कराने के लिए विक्ष को एकजुट होना है।

## हुगली में निषेधाज्ञा...

पुलिस मुझे अनुमति नहीं देना चाहती क्योंकि वे सच्चाई को छिपाना चाहते हैं। मजूमदार भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के साथ थे। चंदननगर पुलिस आयुक्तालय के एक अधिकारी ने कहा कि झड़पों के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षाबलों ने प्रभावित इलाकों के कुछ स्थानों पर मार्च किया। सुबह कुछ इलाकों में तनाव था। हमने भीड़ को तितर-बितर किया और सुरक्षा बढ़ा दी। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा पर हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जिम्मेदार है। अधिकारी ने भाजपा विधायक बिमान घोष से अस्पताल में मुलाकात की जो रविवार की हिंसा में घायल हो गए थे। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा पर इलाके में अशांति फैलाने का आरोप लगाया।

## चलती ट्रेन में...

फौरन ही स्थानीय एवं रेलवे पुलिस फोर्स के साथ-साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची और नमूने एकत्र किए। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सोमवार को कहा कि घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। केरल पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपी की पहचान दिल्ली से सटे नोएडा के रहने वाले शरॉफ जैफी के रूप में की है, जो निर्माण क्षेत्र से जुड़ा मजदूर है। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उसके अलावा कुछ अन्य एजेंसियां भी मामले में जांच कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मामले का आतंकवाद से संबंध है या नहीं। एनआईए पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस सक्रियता से हमलावर को पकड़ने की कोशिश कर रही है और राज्य पुलिस प्रमुख अनिल कांत द्वारा जांच की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेल की पटरियों से एक बैग भी बरामद हुआ है और माना जा रहा है कि यह बैग आरोपी का है, जिसमें पेट्रोल की बोतल मिली है। विजयन ने घटना में एक महिला, उसकी भतीजी (शिशु) और एक व्यक्ति की मौत पर शोक जताया। समझा जाता है कि ये लोग या तो ट्रेन से गिर गए या आग देखकर उससे कूदने की कोशिश की, जिससे उनकी मौत हो गई।

## आईएम के भटकल...

और उन्हें नेपाल के माओवादियों से हथियार, गोलाबारूद एकत्र करने में मदद मिल रही थी। अदालत ने रेखांकित किया कि भटकल न केवल बड़ी साजिश में शामिल था बल्कि आईईडी (इम्प्रोवाइस्ड एक्स्प्लोसिव डिवाइस) बनाने में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। अदालत ने पाया कि आपराधिक साजिश के साथ ही इंडियन मुजाहिदीन ने देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए नए सदस्यों की बड़े पैमाने पर भर्ती की, जिसमें पाकिस्तान में बैठे उसके सहयोगियों और देश में भूमिगत रह कर सहयोग देने वालों ने मदद की, ताकि वे देश के अहम स्थानों खासतौर पर दिल्ली में धमाकों को अंजाम दे सकें।

# ट्रंप को मैनहट्टन की अदालत में आज किया जाएगा पेश

## ● न्यूयॉर्क के लिए रवाना हुए

भाषा। न्यूयॉर्क




पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 2016 में अपने चुनाव अभियान के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को गोपनीय तरीके से धन का भुगतान करने के मामले में मुश्किलें कम होती नहीं दिख रहीं। मैनहट्टन ग्रैंड जूरी द्वारा पिछले सप्ताह आरोपित किए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को मैनहट्टन की अदालत में बहस के लिए पेश होंगे। एक आपराधिक आरोप का सामना करने वाले वह पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे। इसके साथ ही 2024 में व्हाइट हाउस में फिर पहुंचने का उनका सपना भी टूटता दिख रहा है। उनके कार्यालय ने रविवार को कहा कि 76 वर्षीय नेता के सोमवार को अपने मार-ए-लागो घर से न्यूयॉर्क शहर के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है। उनकी अदालत की सुनवाई के बाद फ्लोरिडा में अपने रिसॉर्ट में वापस लौटने की योजना है, जहां वह मंगलवार रात अपने समर्थकों को संबोधित करेंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते पर लिखा, मैं सोमवार को दोपहर 12 बजे मार-ए-लागो से निकलूंगा और न्यूयॉर्क में ट्रंप टॉवर जाऊंगा। मंगलवार की सुबह मैं जा रहा हूं, मानो या न मानो, अदालत। अमेरिका को ऐसा नहीं होना चाहिए था। शहर में एक पूर्व राष्ट्रपति के अभूतपूर्व आपराधिक अभियोग के मद्देनजर उनके समर्थकों और प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की उम्मीद है। प्रशासन ने इसके मद्देनजर तैयारियां की हैं।

## वेस्ट बैंक में इज़राइली सेना की छापेमारी में दो फलस्तीनियों की मौत

भाषा। यरुशलम

**इज़राइली** सैनिकों ने कब्जाए गए वेस्ट बैंक के नाबलस शहर में सोमवार को छापेमारी के दौरान दो फलस्तीनियों को गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। इज़राइली सेना ने कहा है कि सैनिकों ने एक बंदूकधारी की मदद करने के शक में दो लोगों को गिरफ्तार किया था जिन्होंने वेस्ट बैंक शहर में पिछले महीने दो सैनिकों को गोली मार दी थी। सेना ने कहा कि छापेमारी के दौरान सैनिकों पर गोलीबारी की गई तथा उन्होंने भी जवाब में गोली चलाई। सेना ने इस गोलीबारी में दो फलस्तीनियों के मारे जाने की पुष्टि की। अमेरिका ने मुसलमानों के पवित्र महीने रमज़ान के दौरान तनाव कम करने के लिए इज़राइल, जॉर्डन, मिस्र और फलस्तीनियों के बीच बातचीत कराने की कोशिश की है।

## अमेरिका : अलबामा में मेडिकल हेलिकॉप्टर दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक घायल

**बर्मिंघम (अमेरिका)।** अमेरिका के बर्मिंघम में एक मरीज को लेने जा रहा मेडिकल हेलिकॉप्टर रविवार को अलबामा शहर के दक्षिण पूर्व में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में हेलिकॉप्टर में सवार चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को एक ईमेल में बताया कि यूरोकॉप्टर ईसी130 में चालक दल के तीन सदस्य थे। शेल्बी काउंटी में चेल्सी समुदाय के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# फिनलैंड आज नाटो का 31वां सदस्य बन जाएगा : नाटो प्रमुख जेंस स्टोल्टेनबर्ग

भाषा। ब्रसेल्स

**उत्तर अटलांटिक** संधि संगठन (नाटो) के प्रमुख जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि फिनलैंड मंगलवार को दुनिया के सबसे बड़े इस सैन्य गठबंधन का 31वां सदस्य बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि फिनलैंड का पड़ोसी स्वीडन भी आगामी महीनों में नाटो में शामिल हो सकता है। नाटो महासचिव स्टोल्टेनबर्ग ने यहां नाटो विदेश मंत्रियों की होने वाली बैठक की पूर्व संध्या पर सोमवार को कहा, यह ऐतिहासिक सप्ताह है, कल से फिनलैंड सैन्य गठबंधन का पूर्ण सदस्य होगा। उन्होंने कहा कि नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक ब्रसेल्स में होगी और फिनलैंड की सदस्यता का समर्थन करने वाला अंतिम देश तुर्किए अपने आधिकारिक दस्तावेज अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को सौंपेगा। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि वह उसके बाद फिनलैंड को भी ऐसा करने के लिए आमंत्रित करेंगे। फिनलैंड का ध्वज शामिल करने के लिए ध्वजारोहण समारोह नाटो के मुख्यालय में मंगलवार अपराह्न में आयोजित किया जाएगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्तो और रक्षा मंत्री एंट्टी कैकोनेन के अलावा विदेश मंत्री पक्का हाविस्टो समारोह में भाग लेंगे। यह हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण है। फिनलैंड के लिए बैठक का सबसे अहम उद्देश्य यूक्रेन के प्रति नाटो के समर्थन पर जोर देना होगा, क्योंकि रूस अपनी अवैध आक्रामकता को जारी रखे हुए है। हम यूरोपीय-अटलांटिक क्षेत्र में शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देना चाहते हैं। फिनलैंड और स्वीडन के शामिल किए जाने संबंधी प्रोटोकॉल पर नाटो के सभी 30 देशों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। हालांकि, तुर्किए और हंगरी ने नाटो के विस्तार की कवायद को महीनों तक बाधित किया, लेकिन दोनों अंततः फिनलैंड पर सहमत हो गए। तुर्किए ने चरमपंथ से निपटने को लेकर दोनों देशों से गारंटी और आश्वासन मांगा था। हंगरी की मांग भी इससे अलग नहीं है। किसी देश को नाटो में शामिल करने के लिए सभी सदस्य देशों का समर्थन जरूरी होता है।

## भारतीय अमेरिकी चिकित्सक को साल के यंग यूरोलॉजिस्ट पुरस्कार से नवाजा गया

**न्यूयॉर्क।** एक भारतीय अमेरिकी चिकित्सक और प्रोफेसर डॉ. नित्या अब्राहम को अमेरिकी यूरोलॉजिकल एसोसिएशन (एयूए) की ओर से साल के यंग यूरोलॉजिस्ट पुरस्कार से नवाजा गया है। डॉ. नित्या अब्राहम अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन में एसोसिएट प्रोफेसर है और मोंटेफियोर यूरोलॉजी रेजीडेंसी कार्यक्रम की निदेशक है। वर्ष 2023 के लिए जिन लोगों को साल के यंग यूरोलॉजिस्ट का पुरस्कार दिया गया उनमें अब्राहम भी शामिल है। नित्या अब्राहम भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक संगठन के अध्यक्ष डॉ. थामस अब्राहम और डा. सूसी अब्राहम की बेटी है। अब्राहम ने एक बयान में कहा, यह आश्चर्यजनक है कि अमेरिकन यूरोलॉजिकल एसोसिएशन और इसके नेतृत्वकर्ता देश भर में कई युवा यूरोलॉजिस्टों की कड़ी मेहनत को पहचान रहे है।

## मलेशिया की संसद ने अनिवार्य मृत्युदंड को खत्म करने के पक्ष में मतदान किया

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की संसद ने बृहद सुधारों के तहत सोमवार को उस विधेयक को पारित कर दिया, जिसमें अनिवार्य मृत्युदंड को खत्म किया गया है और इसे केवल जघन्य अपराधों के लिए सीमित किया गया है। इस फैसले से देश के कारागारों में मृत्युदंड पर अमल का इंतजार कर रहे।,300 से अधिक कैदियों को राहत मिल सकती है। उप कानून मंत्री रामकरपाल सिंह ने कहा कि मौत की सजा का प्रावधान बना रहेगा, लेकिन अब अदालतों के पास 40 साल कैद की सजा देने का भी विकल्प होगा। ल्लेखनीय है कि पूर्व में अदालतों के समक्ष हत्या, मादक पदार्थ तस्करी, राजद्रोह, अपहरण और आतंकवाद के मामलों में दोषी को मृत्युदंड देने के अलावा कोई अन्य विकल्प मौजूद नही था।

## चुनाव टालने को चुनौती देने वाली याचिका पर कोर्ट आज फैसला सुनाएगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह पंजाब प्रांत में चुनाव टालने के देश के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की याचिका पर अगले 24 घंटे में फैसला सुनाएगा। नकदी की कमी से जूझ रहे देश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए गत 22 मार्च को पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत में पांच महीने से अधिक समय के लिए विधानसभा चुनाव टाल दिया था। इस कदम की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान ने आलोचना की थी।

## अदालत ने यहूदी स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्य को दोषी करार दिया

**मेलबर्न(आस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया के एक यहूदी बालिका विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य को दो छात्राओं का यौन शोषण करने के मामले में एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को दोषी करार दिया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और इजराइल की सरकारों के बीच संबंधों को तनावपूर्ण बनाने वाली नौ साल लंबी कानूनी लड़ाई भी समाप्त हो गई है। तेल अवीव में जन्मी मल्का लीफर (56) को दुष्कर्म समेत 18 मामलों में दोषी ठहराया गया, जबकि नौ अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। जिन आरोपों से मल्का को बरी किया गया, जिनमें से पांच आरोप निकोल मेयर ने लगाए थे। उल्लेखनीय है कि मल्का लीफर पर यौन शोषण के आरोप लगाने वाली तीनों पूर्व छात्राएं सगी बहनें हैं, जिनके नाम निकोल मेयर, डासी एर्लिच और एली सैपर है।

# बम विस्फोट में रूसी सैन्य ब्लॉगर की मौत

## ● रूस ने हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया

भाषा। मॉस्को

**रूस की शीर्ष** आतंकवाद रोधी एजेंसी ने सोमवार को कहा कि जाने-माने रूसी सैन्य ब्लॉगर की मौत के लिए जिम्मेदार बम हमले की साजिश यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसियों ने रची। ब्लॉगर ने यूक्रेन में रूसी हमले का पुरजोर समर्थन किया था। यूक्रेनी अधिकारियों ने आरोप का सीधे जवाब नहीं दिया, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस की घटनाओं के बारे में नहीं सोचते और इससे पहले एक वरिष्ठ अधिकारी ने बम विस्फोट को रूस की आंतरिक अशांति का हिस्सा बताया था। ज़ेलेंस्की ने सोमवार को बमबारी के बारे में पूछे गए सवालों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में नहीं सोचता कि सेंट पीटर्सबर्ग या मॉस्को में क्या हो रहा है। रूस को इस बारे में सोचना चाहिए। मैं अपने देश के बारे में सोच रहा हूं। रूसी अधिकारियों ने बताया कि 40-वर्षीय व्लादलेन तातारस्की की रविवार को उस वक्त मौत हो गई, जब सेंट पीटर्सबर्ग में नेवा नदी के तट पर स्थित एक कैफे में उनके नेतृत्व में एक परिचर्चा हो रही थी। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में 30 से अधिक लोग घायल हो गए और उनमें से 10 की हालत गंभीर बनी हुई है।



## पश्चिमी देशों से लगती बेलारूस की सीमा पर परमाणु हथियार तैनात करेगा रूस : राजदूत

**तल्लिन।** यूक्रेन में युद्ध को लेकर मास्को और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच बेलारूस में रूसी राजदूत ने रविवार को कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से लगती बेलारूस की सीमा पर उनका देश परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा। राजदूत बोरिस ग्रिजलोव की यह टिप्पणी रूस के पड़ोसी और सहयोगी देशों के क्षेत्र में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती से संबंधित रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हालिया बयान के बाद आई है। विश्लेषकों के अनुसार, यह घोषणा परमाणु हथियार का भय दिखाकर पश्चिमी देशों को यूक्रेन का समर्थन करने से रोकने का एक और प्रयास है। पुतिन ने कहा है कि बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों के लिए भंडारण सुविधाओं का निर्माण एक जुलाई तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस ने बेलारूसी युद्धक विमानों को परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बनाने के लिए उन्हें उन्नत करने में मदद की है।

# ब्रिटिश पीएम सुनक ने बच्चों का यौन उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ नया कार्यबल गठित किया

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री** ऋषि सुनक ने बच्चों और लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्वाई रोकने वाले राजनीतिक रवैए की सोमवार को निंदा की। साथ ही, उन्होंने इस तरह के गिरोहों पर नकेल कसने के लिए एक नए कार्यबल (टास्कफोर्स) के लिए योजनाएं भी पेश की।नए ग्रूमिंग गैंग टास्कफोर्स में पुलिस की मदद करने के लिए विशेषज्ञ अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। यह कार्यबल बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों की जांच में पुलिस की मदद करेगा और यौन उत्पीड़न के लिए बच्चों से भावनात्मक संबंध बनाने वालों के खिलाफ कठोर कार्वाई के लिए जांच करेगा। सुनक का यह बयान गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन की उस टिप्पणी के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस तरह के अपराध करने वाले लोगों के समूह में लगभग सभी व्यक्ति ब्रिटिश-पाकिस्तानी हैं , लेकिन अधिकारियों ने समाज के किसी वर्ग को नाराज नहीं करने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतते हुए अपनाई गई राजनीतिक नीतियों के चलते और नस्लवादी तथा धर्मांध कहे जाने के डर से इन अपराधों के प्रति अपनी आंखें मूंद रखी है। सुनक ने नए कार्यबल को पेश करने से पहले लीड्स और मैनचेस्टर के अपने दौरे के कार्यक्रम से पहले एक बयान में कहा, महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## ब्रिटेनः शिक्षकों ने सरकार के वेतन प्रस्ताव को अस्वीकार किया

**लंदन।** ब्रिटेन में महंगाई में बढ़ोतरी के बीच शिक्षकों ने सोमवार को सरकार के नए वेतन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, जिससे और अधिक हड़ताल होने और उसके चलते अभिभावकों एवं बच्चों के प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। शिक्षकों के प्रस्ताव अस्वीकार करने के लिए वोट करने का निर्णय ऐसे समय आया है, जब ब्रिटेन के पासपोर्ट कर्मचारियों ने पांच सप्ताह की हड़ताल शुरू की है, जिससे गर्मियों की छुट्टियों से पहले यात्रियों के लिए मुश्किल बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

## बस की टक्कर से भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

**न्यूयॉर्क।** बोस्टन के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक बस की चपेट में आने से 47 वर्षीय एक भारतीय-अमेरिकी डेटा विश्लेषक की मौके पर ही मौत हो गई। मीडिया में आई एक खबर के मुताबिक, पीड़ित वहां अपने एक दोस्त को लेने गया था। मूल रूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले विश्वचंद कोल्ला यहां टाकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी के कर्मचारी थे। अमेरिकी मीडिया की खबर में कहा गया कि यह हादसा 28 मार्च को हुआ जब कोल्ला बोस्टन के लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक संगीतकार को लेने पहुंचे थे। मैसाचुसेट्स स्टेट पुलिस ने कहा कि कोल्ला टर्मिनल बी के निचले स्तर पर शाम करीब 5 बजे एक दोस्त को लेने गए थे। तभी वह बस की चपेट में आ गए।

## युगांडा की सेना का बुनागना पर नियंत्रण

**गोमा ( कांगो )।** युगांडा की सेना ने पूर्वी कांगो के रणनीतिक शहर बुनागना पर फिर से कब्जा कर लिया है। इस शहर पर पिछले नौ महीने से विद्रोही गुट एम23 का कब्जा था। क्षेत्रीय बल के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय बल में युगांडा की टुकड़ी के प्रवक्ता कैप्टन काटो अहमद हसन ने बताया कि युगांडा के अधिकारियों को बुनागना में तैनात किया गया है, जो वहां अपनी उपस्थिति मजबूत करेंगे और एम23 के लड़ाकों को इलाके को खाली करने का समय देंगे। उन्होंने कहा, हम एम23 की कमान की प्रशंसा करते हैं जिसने हमारी टुकड़ी के साथ सहयोग किया बुनागना पर नियंत्रण प्राप्त करने दिया।

## भारत व श्रीलंका की नौसेनाओं के बीच समुद्री अभ्यास

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत की नौसेनाओं के बीच 10वां सालाना समुद्री अभ्यास (स्लाइनेक्स-2023) सोमवार से शुरू हो गया। इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच बहुआयामी समुद्री संचालन में पारस्परिक क्षमताओं को बढ़ाना, आपसी समझ में सुधार और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना है। स्लाइनेक्स-2023 का अयोजन दो चरणों में होगा। भारतीय उच्चायुक्त ने यहां सोमवार को कहा कि बंदरगाह चरण कोलंबो में तीन अप्रैल से पांच अप्रैल तक चलेगा और इसके बाद समुद्री चरण छह अप्रैल से आठ अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी पोत आईएनएस किल्टन करेगा।

# चीन ने पुतिन की नई विदेश नीति का समर्थन किया

## ● रूस, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार

भाषा। बीजिंग

**चीन ने** सोमवार को रूस की नई विदेश नीति अवधारणा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीजिंग, मॉस्को और नई दिल्ली उल्लेखनीय प्रभाव के साथ उभरती प्रमुख शक्तियां हैं तथा वह जटिल परिवर्तनों के मद्देनजर उनके साथ संबंध बढ़ाने और दुनिया को सकारात्मक संकेत भेजने के लिए तैयार है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गत शुक्रवार को नई विदेश नीति अवधारणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा गया कि चीन और भारत के साथ संबंधों को मजबूत एवं गहरा करना रूस के लिए एक कूटनीतिक प्राथमिकता है। रूस यूरेशिया में भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी और व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा तथा अमित्र देशों और उनके गठबंधनों के विनाशकारी कार्यों का प्रतिरोध सुनिश्चित करेगा। रूस की नई विदेश नीति अवधारणा पर चीन की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन, रूस और भारत सभी उल्लेखनीय प्रभाव वाले उभरते हुए प्रमुख देश हैं। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय परिदृश्य गहन और जटिल परिवर्तनों का सामना कर रहा है, हम रूस व भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संचार को मजबूत करने के लिए तैयार हैं और सच्चे बहुपक्षवाद की रक्षा करने तथा वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से जवाब देने के बारे में दुनिया को एक सकारात्मक संकेत भेजते हैं।

# अमेरिका : अरकंसास से डेलावेयर की ओर बढ़ा तूफान, 32 लोगों की मौत

भाषा। वेन (अमेरिका)

**अमेरिका के** दक्षिण और मध्य पश्चिम से उत्तर पूर्व की दिशा में बढ़ रहे तूफान से मची तबाही के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि तूफान अरकंसास की राजधानी से इलिनोइस की ओर बढ़ा था, जहां उसके प्रभाव से एक संगीत समारोह स्थल की छत ढह गई। समारोह स्थल में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। क्षेत्र में हालांकि लोग तूफान से संभावित क्षति को लेकर आशंकित थे। रविवार को मौत का आंकड़ा बढ़ता गया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा, हम अब भी बवंडर से मची तबाही का आकलन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि समूचे अमेरिका में लोग अपने प्रियजनों के खोने का शोक मना रहे हैं, आपदा से घायल लोगों के स्वस्थ होने की खबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तथा अपने घरों और व्यवसाय के स्थानों से मलबा छांट रहे हैं। बाइडन ने इससे पहले देश के अधिकतर क्षेत्रों को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया था और वहां संघीय संसाधन एवं वित्तीय सहायता पहुंचाने का निर्देश दिया था। तूफान के प्रभाव से अरकंसास में कम से कम पांच लोगों की मौत हुई। अरकंसास की गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स पहले ही आपातकाल की घोषणा कर चुकी हैं और नेशनल गार्ड को सहायता के लिए बुलाया है। तूफान से 11 राज्यों में तबाही मचने और कई मकानों एवं कारोबारी संस्थानों के क्षतिग्रस्त होने, पेड़ों के गिरने तथा आसपास के इलाकों में क्षति पहुंचने की खबरें हैं।



# बाल विवाहों को रोकने की शुरुआत परिवार से करनी होगी

भाषा। जावा (इंडोनेशिया)



**जावा के मादुरा** की रहने वाली कीकी महारानी ने 17 साल की कम उम्र में शादी की थी, जब उसके पति की उम्र 20 साल थी। आज कीकी 28 साल की है। वह इस कुरीति के पीछे शिक्षा का कम स्तर और अपने माता-पिता के इस डर को वजह बताती है कि कहीं वह बिना शादी के गर्भवती नहीं हो जाए। इंडोनेशिया के अनेक हिस्सों में इस तरह की परंपरा है और यही कारण है कि दक्षिण पूर्व एशिया में बाल विवाह की घटनाएं इस देश में दूसरे स्थान पर सबसे अधिक हैं। कम उम्र में विवाह करने वाली लड़कियों को शिक्षा से वंचित कर दिया जाता है और वे गरीबी तथा घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। इस प्रथा के आर्थिक प्रभाव भी हैं। यूनिसेफ इंडोनेशिया ने 2020 में आंकड़े प्रसारित किए थे, जिनमें बाल विवाह से इंडोनेशिया की जीडीपी पर 1.7 प्रतिशत भार पड़ने की बात कही गई थी। इंडोनेशिया में विवाह की कानूनी आयु 19 वर्ष है, लेकिन लड़के-लड़कियां कम उम्र में शादी करना चाहें, तो धार्मिक अदालतों में आवेदन कर सकते हैं और निर्धारित आयु से पहले विधिसम्मत विवाह कर सकते हैं। आंकड़े दिखाते हैं कि इस तरह की व्यवस्था के मामले बढ़ रहे हैं और इंडोनेशिया के 10 प्रांतों में विवाह की औसत आयु पुरुषों के लिए 18 और महिलाओं के लिए 15 वर्ष है। कोविड-19 महामारी के दौरान पूरे एशिया प्रशांत क्षेत्र में बाल विवाह के मामले बढ़ गए। ईस्ट जावा में विशेष रूप से इसके मामले अधिक हैं। साल 2022 में यहां 15,337 लोगों ने सहमति से कम उम्र में विवाह के लिए आवेदन किया था। यह आंकड़ा बाकी इंडोनेशिया से अलग है। वहां 2021-22 में इस तरह की वैवाहिक व्यवस्था के मामले 61,449 से घटकर 50,673 हो गए। धार्मिक इकाइयों के कम उम्र में विवाह के लिए अनुमति देने की एक मुख्य वजह युवती के बिना शादी के गर्भवती हो जाना है। परिवारों को लगता है कि शादी करने से इस तरह की शर्मिंदगी की स्थिति से बचा जा सकता है और विवाह किए बिना गर्भ धारण करने के मामलों को हतोत्साहित किया जा सकता है। इस तरह की अनुमति देने वाले धार्मिक अधिकारी इसका समर्थन करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि जोड़ों की जल्द शादी नहीं की तो वे धार्मिक कायदों का उल्लंघन कर व्यभिचार में लिप्त हो सकते हैं।

## गरीबी भी है बाल विवाह का कारण

**बांडुंग (इंडोनेशिया)।** बाल विवाह की बुराई पीढ़ियों से चली आ रही है जो हानिकारक है। इस प्रथा से निपटने में गरीबी उन्मूलन के प्रयासों से भी मदद मिल सकती है लेकिन ऐसा बहुत कम होता है। 18 साल की उम्र से पहले शादी करना मानवाधिकार का उल्लंघन है। भले ही इसे रोकने के लिए कानून है, फिर भी कई देशों में यह हानिकारक प्रथा जारी है। बाल विवाह अत्यधिक दीर्घकालिक पीड़ा पैदा कर सकता है। युवा दुल्हनों के लिए अपनी शिक्षा जारी रखने की संभावना कम होती है और घरेलू हिंसा का खतरा अधिक होता है। बीस वर्ष की आयु की लड़कियों की तुलना में किशोर लड़कियों को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जटिलताओं के कारण मृत्यु का अधिक खतरा होता है। उनकी संतानों के मृत पैदा होने या जीवन के पहले महीने के दौरान मरने की संभावना अधिक होती है। यूनिसेफ ने कहा अगले दशक में, इस महामारी के परिणामस्वरूप 11 करोड़ से अधिक लड़कियों के बाल वधू बनने का खतरा होगा।

## जर्मनी के अस्पताल में आग लगने से चार घायल, एक संदिग्ध हिरासत में

भाषा। बर्लिन

**जर्मनी की** राजधानी बर्लिन के एक अस्पताल में आग लग जाने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। अग्निशमन सेवा ने कहा कि आग सोमवार तड़के अस्पताल की तीसरी मंजिल पर लगी जिसे अब बुझा लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में एक नर्स और तीन मरीज गंभीर रूप से घायल हो गए और इमारत में धुआं फैलते ही 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के अनुसार अग्निशमन कर्मियों ने कहा कि ऐसा लगता है कि आग एक बिस्तर से शुरु हुई। पुलिस ने कहा कि एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और आगजनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL4CND0860, | UP32AX5846, | DL8SAK5345, |
| DL8CH9897, | DL4SAZ3651, | DL4SBF2608, |
| GJ10AC5059, | DL4SL1008, | DL6SX8070, |
| DL2CAG8787, | DL4SS3175, | DL6SS3194, |
| DL4CAH4665, | DL4SAX3218, | DL6SD9187, |
| DL7CE2034, | DL4SAB6620, | DL8SAF3993, |
| DL13C0821, | DL1SQ2466, | DL6SY5722, |
| HR46G7575, | DL8SZ6313, | DL9SM5311, |
| DL2CAH1020, | UP70AP1581, | DL4SAQ6341, |
| DL4CAA7623, | DL4SAS1604, | DL8SAF5674, |
| DL8CR0412, | DL8SAJ0647, | DL3SAA2842, |
| DL9CS3082, | DL5SJ7077, | DL2SL4254, |
| DL11CA0420, | DL4SAB0926, | DL1L8619, |
| NOREG78, | DL8SY1954, | DL1LH6880, |
| DL8CV2438, | DL4SAB6360, | DL1LH4488, |
| DL1CL0615, | DL4SAM9071, | DL8SM5094, |
| DL10CF1522, | DL4SAG5981, | DAA2681, |
| DL8CR0338, | UP32AH0804, | DL8SK3790, |
| DL5CH4003, | DNN1725, | DL3SR7989, |
| DL10CF1580, | DL6SR2413, | HP155970, |
| DL2FAH0067, | DL6SQ8162, | DL4SQ9819, |
| DL4CAV1254, | DL7SAJ8509, | DEZ6978, |
| DL9CQ4703, | DL4SNB0571, | DDR8111, |
| HR06W5910, | DL9SL0643, | DL4SAG0797, |
| DL1CJ5542, | DL4SAY8776, | DL8SAJ6156, |
| DL8CZ1373, | DL6SAA5014, | DL8SAL0992, |
| DL1LK0172, | HR26K2842, | UP20Q5739, |
| L4CAB5054, | DL4ST9128, | DL8SAJ6190, |
| DL3CAF2430, | DL4SAM0123, | DL4SAE0738, |
| DL9CD6374, | UP15AE4672, | KA41E3294, |
| DL3CQ0504, | DL1SQ0905, | MP09MH6821, |
| DL2CAJ0687, | DL1SL3256, | DL5SJ2514, |
| DL7SS0002, | DL8SAN1503, | DL8SAJ9266, |
| DL9CK0699, | DL6SR5526, | DL6SAB1442, |
| DL4SAY8530, | DL4SE9018, | DL4SAN2983, |
| DL1SK8690, | DL8SJ0852, | DL8SW9338, |
| DL8SAF4602, | DL8SAJ3101, | DL8SX3266, |
| DL4SBB2129, | DL8SU4962, | DL6SU0659, |
| DL3SE4044, | DL8SN2677, | DL4SAS2401, |
| DL6SS2239, | DL8SC2963, | DHM6287, |
| DL4SAU9843, | DL8SAE8091, | HR06Q3007, |
| DL8SAK6526, | DL8SAE3102, | UP13M7402, |
| DL6SP5698, | DL9SG5589, | RJ2011M7959 |
| DL3SN0004, | DL8ST9584, | DL8SAE1350, |
| DL6SX4926, | DL8SAQ0409, | WB26D0203, |
| DL8SU8237, | DL7SG5893, | DL8SAE6250, |
| DL8SF1483, | DL8SAJ9130, | DL2SC5211, |
| DL8SAE3240, | UA07P8606, | DL4SAD8362, |
| DL8SH8144, | DL7SK9793, | DL9SJ9885, |
| DL8SJ6473, | DL6SY6478, | DL8SY2679, |
| DL8SAF4690, | DL8SAJ7936, | DL4SAG3842, |
| DL9SS2283, | DL8SAE8805, | DL8SX3340, |
| DL6SK8073, | DL8SAK4032, | DL9SD2992, |
| DL4SBE6956, | DL8SAJ3110, | DL4SAN5338, |
| DL8ST4294, | DL1SP8237, | DL8SAJ3484, |
| DL4SAD5800, | DL8SH5688, | DL8SJ2135, |
| DL4SAU0892, | DL4SAK4273, | DL8SS9098, |
| DL6ST0490, | DL7SAX0648, | DL4SQ7903, |
| DL1SL1347, | DL8SU1744, | DL7SAS4831, |
| DL8SAB2019, | DL8SQ4659, | DL7SAB6229, |
| DL3SP9493, | DL7ST4431, | DL8SAJ7291, |
| DL8SAJ8809, | DL4SAY8559, | DL4SAA216, |
| DL6SJ5376, | DL7SAQ6341, | DL4SBF5646, |
| DL6SQ8575, | DL6SX2235, | DL4SBD8577, |
| DL2SA8794, | DL1SM4526, | DL4SBF5839, |
| DL4SBE8035, | DL1SP5474, | DL8SAH4330, |
| DL3SAS4741, | DL8SAK4051, | HR13B3654, |
| DL6ST5354, | DL8SAD5098, | DL8SAJ1192, |
| DL6SAA0591, | RJ14BS9937, | DL8SZ7660, |
| DL7SP0181, | DL8SAG7673, | DL4SZ7308, |
| DL8SAF6427, | DL7SAM4205, | DL8SW9619, |
| JKD7517, | DL2SG0525, | DL8SAJ9154, |
| DL4SAB3175, | DL5SH9452, | DL8SAD9771, |
| DL4SAE7132, | DBZ1019, | DL4SS9127, |
| DL4SAQ8364, | HR2D6055, | AP31AB2070, |
| DL3SAZ8109, | DL8SNB3056, | DL8SB5364, |
| DL8SAG7588, | DL8SZ7877, | DL8SB5365, |
| DL1SQ9439, | DL8SAJ8595, | DL8SAJ4583, |
| DL8SAG7548, | DL4SAN6395, | DL1SN7475, |
| DL8SU6198, | DNF7443, | DL1SG0355, |
| RJ136M1021, | DL8SAJ3149, | DL8SR1082, |
| DL8SU5990, | DL4SBJ7764, | DL4CNE0282, |
| DL85M5539, | DBH4153, | DL8SAF6597, |
| DL8SR2028, | DL8SNB4247, | GJ1JE0141, |
| HR51E9209, | UP65J7344, | DL9SU4082, |
| DNI1271, | DL8SM3810, | DL6SV9336, |
| DL3SBA6928, | DL8SAJ6360, | DL8SAF6766, |
| DL8SAG9866, | DL8SAJ7025, | DL6SAB0233, |
| DL5SS9697, | DL8SAQ1897, | DL8SAE4573, |
| DL3SBE0342, | HR24E8378, | DL8SAB0927, |
| DL3SR2389, | DL8SAJ6356, | DL8SW5443, |
| DL7SAJ0620, | DL9SL0104, | DL8SAL0230, |
| DL7SAM1631, | DL7SAN5128, | DL3SAQ2697, |
| DL1SQ9267, | DL8SU9078, | DL8SAF9808, |
| DL7SAD7279, | DL8SU6620, | DL4SAY2152, |
| DL7SX2963, | DL8SAJ5314, | UP15AD6053, |
| DL5SX3723, | DL8SNA6630, | DL8SZ2497, |
| DL2S8609, | DL8SAJ4668, | WB20Q3952, |
| DL3SAK6041, | UP32AE0902, | DL7SAA6298, |
| DL1SG1430, | DL4SBJ4040, | DL4SBC3054, |
| DL6SD1152, | UP32BK3394, | DL8SAC8865, |
| DL4SAU3060, | DL4SAY7493, | DL4SAW4283, |
| UP13D5669, | DL8SNA4851, | DL4SBJ0810, |
| DL3SF0003, | DL3SAZ3821, | DL3SAQ9807, |
| DL6SY6006, | DL4SBK4003, | DL4SBB1618, |
| DL1SM4341, | HR125019, | DL6SZ8221, |
| DL4SBG2127, | DL8SAH3248, | DL8SAK8236, |
| DL4SAB4745, | DL8SAE5129, | DL7SAS1269, |
| DL6SS7471, | DL8SU8108, | DL6SAC1336, |
| DL4SZ7677, | DL8SAK4221, | DL6SZ5942, |
| DL4SBF3075, | DL8SAM1811, | DL7SAY2270, |
| MP04NS3570, | DL4SBJ7051, | DL5SS8566, |
| DL4SBJ6468, | DL8SW3592, | DL6SAB0515, |
| DL4SBE9744, | DL8SAN1337, | DL3SAY4932, |
| DL4SAN1169, | 25022, | HR51W1231, |
| DL6SAA5331, | DL8SC4208, | DL5SV9727, |
| UP15AE4184, | DL4SBD1056, | DL5SZ2001, |
| DL8SK6104, | DL6SQ2345, | DL8SAQ1541, |
| DL4SBG2801, | DL6SAA3474, | DL6SV8965, |
| DL8SAJ1658, | DL3SAP5235, | DL7SAG7689, |
| DL8SAF7026, | DL4SAG8070, | DL5SU6545, |
| DL5SQ1571, | KA03EN2474, | DL4SBH3087, |
| DL7SAA7817, | DL8SAF0317, | DL4SAW3317, |
| DL3SQ8887, | DL8SAQ0423, | DL4SBK3761, |
| DL8SZ3971, | DL4SBH2995, | DL9SQ9575, |
| DL8SAJ3176, | DL4SAK1850, | DL4SAQ7152, |
| DL6SU3698, | DL6SP4160, | DL4SAY4198, |
| DL8SF8638, | DL8SAH3284, | DL6SX7071, |
| DL6SQ5222, | DL8SAK6087, | DL4SBH2127, |
| DL6SV9796, | DL3SAV9128, | DL8SAQ1004, |
| DL1CE9121, | HR10A0017, | DL9SU1298, |
| DL1LF1491, | DL6SK1711, | DL4SBC0663, |
| DL4SBD1678, | DL8SAF2063, | DL4SAW9428, |
| DL4SBG1676, | DL8SAH5885, | DL4SBG4095, |
| DL4SBG2499, | DL8SP5460, | DL3SAQ0409, |
| DL4SAB8722, | DL8SAE8519, | DL4SAQ3823, |

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Shalu Sharma has acquired the Property No. 504/15. area measuring 82.50 Sq. Mtrs., i.e., 98.67 Sq. Yds., Out of Khasra No. 642, situated at the area of Village Chandrawali Alias Shahdara, in the abadi of main Circular Road, Illaqa Shahdara, Delhi-110032 vide two separate Gift Deeds dated 20.07.2012, Doc no. 11746 and dated 08.02.2016, Doc no. 819 and Now, Mrs. Shalu Sharma is mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**चुनाव सूचना**

**Milestone Welfare & Education Society**

के सभी सदस्यों के सूचित किया जाता है कि संस्था द्वारा संचालित Milestone Institute of Law, Morta Gzb. की प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 15.04.2023 दिन शनिवार महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से होगा।

चुनाव कार्यक्रम महाविद्यालय विद्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है।

सभी सदस्यों को चुनाव कार्यक्रम की सूचना Speed Post/Registered Post द्वारा भेज दी गयी है।

अध्यक्ष / सचिव

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 अप्रैल, 2023



# राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने की वकालत की

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि भारत की भाषाओं को प्रोत्साहित करके विश्व स्तरीय नए ज्ञान एवं विज्ञान का सृजन संभव है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा हासिल की गई प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने डिग्रियां, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा प्राप्त किए हैं, उनमें से 55 प्रतिशत महिलाएं हैं।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि विश्वविद्यालय में डिग्रियां, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा प्राप्त करने वालों में 55 प्रतिशत लड़कियां हैं। आज स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में आधे से अधिक लड़कियां हैं।

मुर्मू ने कहा, उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने में इग्नू की सराहनीय भूमिका रही है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हुई है कि कुल विद्यार्थियों में से करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से हैं, तथा 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की प्रगति को देखकर उन्हें काफी प्रसन्नता हो रही है। सोमवार को इग्नू के 2,79,918 छात्रों ने डिग्रियां, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा प्राप्त किए।

मुर्मू ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन दर 50 प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही भारतीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति में अन्य महत्वपूर्ण सुझावों के साथ साथ भारतीय परंपराओं के प्रति गौरव का अनुभव करने तथा भारतीय भाषाओं को अध्ययन का माध्यम बनाने पर जोर दिया गया है।

## लोस की बैठक दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक दस्तावेज सभापटल पर प्रस्तुत कराए। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य आसन के पास आकर हमें चाहिए जेपीसी के नारे लगाने लगे।

अग्रवाल ने शोर-शराबा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा, कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा हो जाए। कुछ काम हो जाए। इस तरह निरंतर बाधा उत्पन्न करना बिल्कुल उचित नहीं है।

उन्होंने सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलाने में सहयोग देने का आग्रह करते हुए कहा कि सत्र समाप्ति की ओर है और कुछ विधाई कामकाज होने दें।

# हंगामे के बीच राज्यसभा में विधेयक बिना चर्चा के पारित

### संसद में गतिरोध जारी

भाषा। नई दिल्ली

**अडाणी** मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग पर अड़े कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को संसद के दोनों सदनों में गतिरोध जारी रहा तथा लोकसभा एवं राज्यसभा, दोनों सदनों को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब पांच मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में हंगामे के बीच ही प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक को बिना चर्चा के मंजूरी दी गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। दोनों सदनों की अगली बैठक अब बुधवार को होगी क्योंकि मंगलवार को महावीर जयंती के कारण अवकाश है।

लोकसभा की बैठक आज पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर वर्तमान सदस्य गिरीश भालचंद्र बापट और पूर्व सदस्य इनोसेंट को श्रद्धांजलि दी गई जिनका पिछले दिनों निधन हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बापट और इनोसेंट के निधन के बारे में सदस्यों को सूचित किया और दोनों के राजनीतिक जीवन का उल्लेख भी किया। सभा ने कुछ देर मौन रखकर बापट और इनोसेंट को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बैठक दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

दोपहर दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक दस्तावेज सभापटल पर प्रस्तुत कराए। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य आसन के पास आकर हमें चाहिए जेपीसी के नारे लगाने लगे। अग्रवाल ने शोर-शराबा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा, कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा हो जाए। कुछ काम हो जाए। इस तरह निरंतर बाधा उत्पन्न करना बिल्कुल उचित नहीं है। उन्होंने सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलाने में सहयोग देने का आग्रह करते हुए कहा कि सत्र समाप्ति की ओर है और कुछ विधाई कामकाज होने दें। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक करीब पांच मिनट बाद ही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में सुबह सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाना शुरू किया।



### संसद वाद-विवाद का मंच हो, न की व्यवधान का : धनखड़

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को आह्वान किया कि सदन को वाद-विवाद, संवाद और चर्चा का मंच होना चाहिए, न कि व्यवधान का। साथ ही उन्होंने उच्च सदन के सभी सदस्यों से अपील की कि वे सदन की गरिमा की रक्षा करने का संकल्प लें और इस अमृत काल में राष्ट्र की प्रगति के लिए सार्थक विचार-विमर्श में शामिल हों। सभापति धनखड़ ने सदन के सभी सदस्यों को राज्य सभा दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा, वर्ष 1952 में आज ही के दिन राज्यसभा का गठन हुआ था। हमारे संविधान में यथा परिभाषित राज्यों की परिषद राज्य सभा हमारी राजनीति में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की संघीय प्रणाली को ध्यान में रखते हुए, राज्य सभा लोगों के कल्याण के लिए उनसे जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा के लिए एक मंच की भूमिका निभाती है और उनका समाधान सुनिश्चित करती है।

## क्विक न्यूज

### सात आईआईटी, 22 एनआईटी में संचालक मंडल का अध्यक्ष पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और 22 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) मे संचालक मंडल (बीओजी) का अध्यक्ष पद रिक्त है। लोकसभा में विजय बघेल और मोहन मांडवी के प्रश्न के लिखित उत्तर मे शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि आईआईटी और एनआईटी मे अध्यक्ष पद मानद है जिस पर संस्थान के संचालक मंडल की अध्यक्षता की जिम्मेदारी होती है। उन्होने बताया कि वर्तमान मे सात आईआईटी मे संचालक मंडल का अध्यक्ष पद रिक्त है। इसी प्रकार से 22 एनआईटी मे संचालक मंडल का अध्यक्ष पद रिक्त है। प्रधान ने कहा कि जहां तक संचालक मंडल मे अन्य पदो के रिक्त होने का संबंध है, 11 आईआईटी मे विभिन्न क्षेत्रो मे सदस्यो की रिक्तियां है।

### किरण नादर फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** कला संग्रहकर्ता किरण नादर को हाल मे भारत मे फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने शेवेलियर डे ला लेगियन डी होनूर (नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर) से सम्मानित किया। यहां जारी एक बयान के अनुसार, नादर को सर्वोच्च फ्रांसीसी नागरिक पुरस्कार कला के क्षेत्र मे उनके उत्कृष्ट योगदान, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्कृति तक अधिक पहुंच प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता और भारत-फ्रांस सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने मे उनकी अग्रणी भूमिका के लिए दिया गया। वह किरण नादर म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट (केएनएमए) की अध्यक्ष और शिव नादर फाउंडेशन की ट्रस्टी हैं। उन्होंने भारत-फ्रांस सांस्कृतिक संबंधों और कलात्मक सहयोग को आगे बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने एक बयान मे कहा कि उनके लिए फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होना अत्यधिक सौभाग्य की बात है और वह इस महान सम्मान के लिए फ्रांस सरकार की बहुत आभारी हैं। नादर ने एक बयान में कहा, केएनएमए का सांस्कृतिक क्षेत्र में फ्रांस के साथ पुराना संबंध है। फ्रांस के साथ हमारी साझेदारी विभिन्न दृष्टिकोणों को एक साथ लाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में सहायक रही है।

### मुंबई में प्रतिबंधित अपटतीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली नौका घुसी

मुंबई। अरब सागर में ओएनजीसी के निषिद्ध क्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश करने के बाद मछली पकड़ने वाली एक नाव के चालक दल के 15 सदस्यो के खिलाफ मुंबई पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि चालक दल पर सुरक्षा एजेंसियो को नाव मे सवार दो सदस्यों के बारे में गलत जानकारी देने का भी आरोप है। उन्होंने कहा कि यह घटना शनिवार सुबह आठ बजे से 10 बजे के बीच अरब सागर में पश्चिमी तट से 55 समुद्री मील दूर हुई। उन्होंने बताया कि तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के मुख्य तट सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर रविवार को यहां एलो गेट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि मछली पकड़ने वाली नौका जलरानी कथित तौर पर ओएनजीसी के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर गई और बीपीए प्लेटफॉर्म के निकट पहुंच गई। उन्होंने कहा कि नौका पर सवार लोगों ने नौसेना की गश्ती नौका टी-16 के कर्मियों के आदेशों की भी अवहेलना की जो निरीक्षण के लिए जलरानी के पास पहुंची थी। उन्होने कहा कि जैसे ही नौका प्रतिबंधित क्षेत्र मे घुसी, नौसैनिक गश्ती नौका के कर्मियों ने उसे वहां से बाहर निकलने का आदेश दिया। अधिकारी ने बताया कि मछली पकड़ने वाली नाव के चालक दल के सदस्यों ने हालांकि आदेश का पालन नही किया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद नौसेना के जवानो ने मछली पकड़ने वाली नौका पर सवार लोगों से पूछताछ शुरू की लेकिन उन्होंने कथित तौर पर सही जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान नौका के कप्तान ने सुरक्षा एजेंसियों को बताया कि दो नाविक पाकिस्तान से थे, हालांकि वे भारतीय मूल के थे। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी के अधिकारियो ने घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया और नौका के कप्तान तथा 14 अन्य नाविकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि मामले में जांच जारी है।


# कोविड-19: भारत में 3641 नए मामले, 11 की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 3641 नए मरीज़ों की पुष्टि हुई है। इसके बाद संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 20,219 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नए आंकड़ों से सोमवार को यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक, 24 घंटे के दौरान संक्रमण से 11 और मौतें होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,30,892 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, इन 11 मौतों में से तीन मरीज की मौत महाराष्ट्र में गई है जबकि एक-एक मरीज की मृत्यु दिल्ली, केरल, कर्नाटक और राजस्थान में हुई है। इसके अलावा, केरल ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले मरीजों के आंकड़ों का पुनर्मिलान करने के बाद मृतकों की सूची में चार और नाम जोड़े हैं।

आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 6.12 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 2.45 फीसदी दर्ज की गई है। कोविड के कुल मामलों की संख्या 4.47 करोड़ (4,47,26,246) हो गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.05 प्रतिशत है। वहीं, कोविड-19 से स्वस्थ होने वालों की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत दर्ज की गई है। कोविड-19 से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,41,75,135 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं।

### कोरोना वायरस के नए स्वरूप से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 के नए स्वरूप से खतरा कम है और इसके कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना भी कम है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा, कोरोना वायरस में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) के कारण इसके नए-नए स्वरूप सामने आ रहे हैं। अब यह एक नया स्वरूप सामने आया है...। इससे अस्पताल में मरीजों की संख्या नहीं बढ़ेगी क्योंकि इससे जुड़ा खतरा बहुत कम है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप को प्रयोगशाला में पृथक किया गया है और इसका अध्ययन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नए स्वरूप से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 के नए मामलों के बढ़ने का कारण वायरस के एक्सबीबी 1.16 स्वरूप का प्रसार भी हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को अद्तन किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 के 3,641 नए मामले सामने आए हैं और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 20,219 हो गई है। कोविड-19 संक्रमण से महाराष्ट्र में तीन और चार राज्यों- दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और केरल- में एक-एक मरीजों की मौत हो जाने के कारण देश में इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,892 हो गई है। मृतकों में वे चार मरीज भी शामिल हैं, जिनके बारे में आंकड़ा केरल सरकार ने मिलान के बाद जारी किया है। देश में दैनिक संक्रमण दर 6.12 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.45 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 के कारण अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 4.47 करोड़ है।

# सरकार ने 14 देशों में छिपे 28 अति वांछित अपराधियों की सूची तैयार की

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने 28 अति वांछित अपराधियों (गैंगस्टर) की एक सूची तैयार की है जो 14 देशों से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इनमें नौ कनाडा में और पांच अमेरिका में छिपे हुए हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पिछले साल पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के पीछे षडयंत्रकर्ता होने के संदेह में सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई सहित इन गैंगस्टर के खिलाफ हत्या, जबरन वसूली और अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि माना जाता है कि एक अन्य वांछित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई उर्फ भानु ने अमेरिका में शरण ली हुई है। उस पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देने और फिल्म तथा व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों की चुनिंदा हत्याओं का आरोप है।

सूत्रों ने बताया कि कनाडा में रह रहे नौ आरोपियों में सुखदूल सिंह उर्फ सुखा दुनेके, गुरपिंदर सिंह उर्फ बाबा दल्ला, सतवीर सिंह वारिंग उर्फ सैम, स्नोवर ढिल्लों, लखबीर सिंह, अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला, चरणजीत सिंह उर्फ रिंकू बिहला, रमनदीप सिंह उर्फ रमन जज और गगनदीप सिंह उर्फ गगना हथुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में रह रहे पांच गैंगस्टर में सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, अनमोल बिश्नोई, हरजोत सिंह गिल, दरमनजीत सिंह उर्फ दरमन काहलों और अमृत बल शामिल हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सक्रिय गैंगस्टर विक्रमजीत सिंह बराड़ उर्फ विक्की और कुलदीप सिंह उर्फ नवांशहरिया हैं।

रोहित गोदारा यूरोप में, गौरव पटियाल उर्फ लकी पट्याल आर्मेनिया में, सचिन थापन उर्फ सचिन बिश्नोई अजरबैजान में, जगजीत सिंह उर्फ गांधी और जैकपाल सिंह उर्फ लाली धालीवाल मलेशिया में हैं।



महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर भगवान महावीर की मंदिर में मूर्तियों को सफाई करते पुजारी

# शासन करने की इच्छा खो चुके हैं नीतीश : भाजपा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार में सांप्रदायिक हिंसा के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि वह शासन करने की अपनी इच्छा खो चुके हैं। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने की बजाय उन्हें राज्य का खयाल करना चाहिए।



पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने स्थिति से निपटने की नीतीश की इच्छा पर सवाल उठाया, तो बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सांसद सुशील कुमार मोदी ने हिंसा के लिए भाजपा और दक्षिणपंथी संगठनों को जिम्मेदार ठहराने के लिए राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं पर निशाना साधा और आश्चर्य जताया कि सरकार ने इस तरह की साजिश का पर्दाफाश क्यों नहीं किया।

उन्होंने कहा, अगर यह भाजपा की साजिश है, तो आपने इसका पर्दाफाश क्यों नहीं किया? राज्य भर में रामनवमी जुलूस में भाग लेने वाले लाखों लोग भाजपा के सदस्य नहीं हैं, लेकिन हिंदू समाज से संबंधित हैं। वे किसी भी पार्टी से हो सकते हैं। मुख्यमंत्री के रूप में अपने 17 साल के कार्यकाल में पहली बार नीतीश कुमार ऐसी स्थिति को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि पिछले साल ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी, क्योंकि पर्याप्त सुरक्षा तैनाती की गई थी। उन्होंने सवाल किया कि इस साल सख्त कदम क्यों नहीं उठाए गए। दोनों नेताओं ने कहा कि हिंसा की खबरें उन स्थानों से मिली हैं, जो ज्ञात संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं, लेकिन फिर भी रोकने के उपाय नहीं किए गए।

प्रसाद ने पीटीआई-भाषा से कहा, निर्दोष लोग मारे गए हैं। ऐसा लगता है कि नीतीश कुमार ने शासन करने की अपनी इच्छा खो दी है। नीतीश जी प्रधानमंत्री बनने का सपना देखना बंद करें और इसके बजाय राज्य की देखभाल करें।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक और प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि राजनीतिक लाभ के लिए दंगे हों। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने अपने नेता और गृह मंत्री अमित शाह के शनिवार और रविवार को राज्य के दौरे के कारण माहौल खराब किया। शाह ने रविवार को एक रैली को संबोधित किया था और हिंसा के लिए सत्तारूढ़ राजद-जद (यू)-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधा था।

रविवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख ने जोर देकर कहा था कि रामनवमी उत्सव के दौरान हुई सांप्रदायिक अशांति को पूरी तरह से नियंत्रण में कर लिया गया है और दंगा प्रभावित दो शहरों सासाराम और बिहारशरीफ से 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# ममता ने हनुमान जयंती पर हिंसा की आशंका जताई, हिंदुओं से मुस्लिमों की रक्षा करने को कहा

**खेजुरी (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंदू भाइयों से अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का आह्वान करते हुए दावा किया कि बृहस्पतिवार को जब देश हनुमान जयंती मना रहा होगा तो राज्य में एक और दौर की हिंसा का षड्यंत्र है। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि हिंसा भड़काने के लिए त्योहार खत्म होने के पांच दिन बाद भी हथियार और बम रखने वाले राजनीतिक कार्यकर्ता अल्पसंख्यक क्षेत्रों में जानबूझकर रामनवमी की शोभायात्रा निकाल रहे हैं। बनर्जी की यह टिप्पणी हुगली जिले के रिसड़ा और श्रीरामपुर में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान लोगों के दो समूहों के बीच झड़प के एक दिन बाद आई है। इन घटनाओं से पहले त्योहार के दिन 30 मार्च को हावड़ा के काज़ीपाड़ा में एक और झड़प हुई थी। बनर्जी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं अपने हिंदू भाइयों को यह देखने की जिम्मेदारी सौंपूंगी कि छह अप्रैल हनुमान जयंती पर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार न हो। हिंदुओं से बनर्जी की यह अपील बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की रुखे डराव आह्वान की याद दिलाती है, जो उन्होंने 1964 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में तब किया था जब वहां सांप्रदायिक अशांति थी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने हिंदुओं से अनुसूचित जाति और आदिवासी समुदायों को सुरक्षा देने का भी आग्रह किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने ए बयान सागरदिघी उपचुनाव में उनकी पार्टी की हार के बाद दिया है।

# राहुल ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वह और उनका परिवार कानून से ऊपर हैं : पात्रा

भाषा। कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह इस तरह का आचरण कर रहे हैं मानों वह (गांधी) और उनका परिवार देश के कानून से ऊपर हैं। पात्रा ने आरोप लगाया कि गांधी मुश्किलें बढ़ाने के लिए सूरत का दौरा कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई एक टिप्पणी के खिलाफ दाखिल आपराधिक मानहानि के एक मामले में सूरत की अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई थी। राहुल गांधी अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ सोमवार को गुजरात के सूरत की एक अदालत में अपील दायर करने के लिए वहां पहुंचे हैं।



पात्रा ने यहां भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राहुल को यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भारत हैं और भारत राहुल है। उन्होंने गांधी पर आरोप लगाया कि वह ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानों वह और उनका परिवार देश के कानून से ऊपर हैं। उन्होंने कहा, आपको अदालत ने दोषी ठहराया था क्योंकि आपने ओबीसी समुदायों पर एक टिप्पणी की थी, आप ओबीसी को हल्के में नहीं ले सकते, आप उनका अपमान नहीं कर सकते...मत भूलिए जनजातीय समुदाय से आने वाली एक महिला देश की पहली राष्ट्रपति बनी हैं, भारत में ओबीसी समुदाय से प्रधानमंत्री हैं, हमारे मंत्रिमंडल में कई मंत्री उसी समुदाय से हैं। भारतीय न्यायपालिका में राहुल गांधी का भरोसा नहीं होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा, 2019 में सूरत में एक सार्वजनिक रैली में अपनी जातिवादी टिप्पणियों द्वारा ओबीसी समुदाय का अपमान करने के बाद, राहुल वहां जख्मों पर नमक छिड़कने जा रहे हैं। आप न्यायपालिका पर दबाव बना रहे हैं, आपको ओबीसी समुदाय के सदस्यों के खिलाफ अपशब्दों के लिए माफी मांगने का मौका दिया गया था। लेकिन इसके बजाय आप ओबीसी के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले शब्दों को बढ़ावा देने जा रहे हैं।

## कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज

**मांड्या (कर्नाटक)।** चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर नकदी बांटने के आरोप में कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख डी. के. शिवकुमार के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज किया। मांड्या तालुक के बेविनाहल्ली गांव में 28 मार्च को बस से भीड़ पर नोट बरसाने का आरोप लगाने संबंधी शिकायत के बाद पुलिस ने शिवकुमार के खिलाफ गैर-संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया था। मामले को एक स्थानीय अदालत के समक्ष रखा गया, जिसने पुलिस को कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। शिकायत दर्ज होने के बाद, मांड्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिवकुमार उन कलाकारों को पैसे दे रहे थे, जिन्होंने पार्टी अभियान के दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

# ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने के लिए काम कर रही है ईडी : कांग्रेस

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़** में सत्ताधारी दल कांग्रेस के नेताओं ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय पर राज्य में ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने के लिए काम करने का आरोप लगाया। इन नेताओं के परिसरों में हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की थी। इन नेताओं ने उनके परिसरों से जो भी जब्त किया गया है, एजेंसी से उसका खुलासा करने की मांग की।

पार्टी के राज्य मुख्यालय राजीव भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर भी निशाना साधा और कहा कि राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग कर डर का माहौल पैदा किया जा रहा है।

संवाददाता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, रायपुर के महापौर एजाज ढेबर और छत्तीसगढ़ राज्य भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल मौजूद थे। ईडी ने हाल के दिनों में इन नेताओं के परिसरों में छापे मारी की थी।

देवांगन ने आरोप लगाया कि जिस तरह से ईडी छत्तीसगढ़ में कार्वाई कर रही है, उससे लगता है कि एजेंसी छत्तीसगढ़ में ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा हमने सुना है कि छापे कुछ कोयले के मुद्दे से जुड़े हैं। न मैं कोयले के धंधे से जुड़ा हूं, न मेरे परिवार के लोग। मैं खनिज विकास निगम का अध्यक्ष हूं लेकिन कोयला इसके दायरे में नहीं है। मुझे नहीं पता कि मेरे परिसरों पर छापे क्यों मारे गए।

देवांगन ने कहा, मुझे रायपुर में फरवरी में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई थी। यह छापा राजनीति से प्रेरित था। इसका उद्देश्य आयोजन में खलल डालना था। भाजपा और मोदी सरकार ने ईडी का इस्तेमाल कर अधिवेशन में खलल डालने की कोशिश की।

देवांगन और ढेबर ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसी सिर्फ परेशान करने के लिए उनके तथा अन्य लोगों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। उन्होंने मांग की कि ईडी बताए कि उसने कौन सी बेनामी संपत्ति या नकदी के दस्तावेज बरामद किए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा और मोदी सरकार डर का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी ने कहा है कि डरो मत। हम डरने वाले नहीं हैं।

एक स्थानीय व्यवसाई अचल भाटिया, जिनके परिसर में भी ईडी ने छापा मारा था, वहां मौजूद थे। उन्होंने भी एजेंसी पर परेशान करने का आरोप लगाया।

ईडी छत्तीसगढ़ में एक कथित अवैध कोयला लेवी मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने पिछले छह महीनों में राज्य सरकार के कई अधिकारियों, व्यापारियों और कांग्रेस नेताओं से जुड़े परिसरों पर छापा मारा है।

एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक जांच एक बड़े घोटाले से संबंधित है, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों से जुड़े कार्टेल द्वारा छत्तीसगढ़ में परिवहन किए गए प्रत्एक टन कोयले के लिए 25 रुपए प्रति टन की अवैध उगाही की जा रही थी। ईडी ने इस मामले में छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

# चेन्नई की चेपक पर शानदार वापसी

● गायकवाड़ और अली ने सुपर किंग्स को दिलाई उम्दा जीत

● लखनऊसुपर जाइंट्स को 12 रन से हराया

भाषा। चेन्नई




**रूतुराज गायकवाड़** और डेवोन कोंवे की शतकीय साझेदारी के बाद मोईन अली की जबर्दस्त गेंदबाजी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 12 रन से हराकर अपने गढ चेपॉक पर चार साल बाद शानदार वापसी की।

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन बनाए। जवाब में लखनऊकी टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी। चेन्नई के लिए अली ने चार ओवर में 26 रन देकर चार विकेट लिए और लखनऊ के शीर्षक्रम को तहस नहस कर दिया। तुषार देशपांडे ने भी दो विकेट चटकाए। लखनऊ के लिए काइल मायर्स ने लगाकार दूसरे मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाए जबकि निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 28 गेंद में 32 रन की पारी खेली। इनके अलावा कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। कप्तान केएल राहुल 20 रन बनाकर आउट हो गए थे। इससे पहले चेन्नई के लिए गायकवाड़ ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई तो कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 89 मीटर का छक्का जड़कर टीम के गढ चेपॉक स्टेडियम पर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। थाला धोनी ने दो छक्के जड़े लेकिन मार्क वुड को तीसरा छक्का जड़ने के प्रयास में तीन गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हो गए। गायकवाड़ ने 37 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाए जबकि डेवोन कोंवे ने 29 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। शिवम दुबे ने 16 गेंद में 27 रन बनाए जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को पांच विकेट लेने वाले वुड ने चार ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लखनऊ के लिए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर गायकवाड़ और कोंवे ने पहले छह ओवर में 79 रन बनाए। पहले मैच में 92 रन बनाने वाले गायकवाड़ ने उस लय को कायम रखा और न्यूजीलैंड के कोंवे ने उनका पूरा साथ दिया। चेन्नई के 100 रन आठवें ओवर में बने। गायकवाड़ ने के गौतम के पहले ओवर में तीन छक्के लगाए। तेज गेंदबाज आवेश खान ने दूसरे ओवर की पहली चार गेंद में ही 16 रन दे डाले। उन्होंने तीन ओवर मे 39 रन देकर बेन स्टोक्स का विकेट लिया। इससे पहले मैदान पर कुत्ता आने के कारण मैच कुछ मिनट विलंब से शुरू हुआ।

## स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी** : गायकवाड़ का वुड बो बिश्नोई 57,कोंवे का पंड्या बो वुड 47,दुबे का वुड बो बिश्नोई 27,अली स्टं पूरन बो बिश्नोई 19,स्टोक्स का ठाकुर बो आवेश 8, रायुडू रन आउट 27,जडेजा का बिश्नोई बो वुड 3, धोनी का बिश्नोई बो वुड 12, सेंटनेर नाबाद।, **अतिरिक्त** : 16 रन, कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 217 रन, **विकेट पतन** :।-110, 2-118, 3-150, 4-166, 5-178, 6 . 203, 7- 215, **गेंदबाजी** : मायर्स 2-0 -16- 0, आवेश 3- 0-39 - ।, पंड्या 2- 0-21- 0,गौतम।- 0 -20-0, वुड 4-0-49 - 3, ठाकुर 4-0 -36 -0, बिश्नोई 4- 0-28-3

**लखनऊसुपर जाइंट्स पारी** : राहुल का गायकवाड़ बो अली 20, मायर्स का कोंवे बो अली 53,हुड्डा का स्टोक्स बो सेंटनेर 2,पंड्या का जडेजा बो अली 9, स्टोइनिस बो अली 21,पूरन का स्टोक्स बो देशपांडे 32,बडोनी का धोनी बो देशपांडे 23, के गौतम नाबाद 17, वुड नाबाद 10, **अतिरिक्त** : 18 रन, **कुल योग** : 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन, **विकेट पतन** :।-79, 2-82, 3 -82, 4-105, 5-130, 6 -156, 7-195, **गेंदबाजी** : चाहर 4- 0 - 55-0, स्टोक्स ।-0-18-0, देशपांडे 4-0-45-2, अली 4-0-26-4, सेंटनेर 4-0-21-।, हंगरगेकर 2-0-24-0, जडेजा ।-0-14-0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### शुरूआती मैचों में लगातार हार मायूस करने वाला: शेन बांड



**बेंगलुरू।** मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने स्वीकार किया है कि पूर्व चैंपियन का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का सत्र का शुरूआती मैच जीतने में लगातार नाकाम रहना बेहद निराशाजनक है। पांच बार की चैंपियन टीम को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से आठ विकेट की हार का सामना करना पड़ा। यह लगातार 11वां मौका है जब मुंबई ने सत्र का पहला मैच गंवा दिया। टीम ने आखिरी बार सत्र के शुरूआती मुकाबले को 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीता था। बांड ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, टीम के साथ यह मेरा नौवां सत्र है और हमने अब तक अपना पहला मैच नही जीता है। इसलिए मायूसी हो रही है। यहां मुकाबला काफी कठिन है और हार से ज्यादा जीत होना हमेशा बेहतर होता है। यह सत्र शुरू करने का परेशान करने वाला तरीका है। बांड ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सराहना की, जिन्होंने इशान किशन का विकेट झटकते हुए चार ओवर में सिर्फ 21 रन दिए। सिराज आज हमारे खिलाफ बहुत अच्छा था। सिराज के पहले तीन ओवरों (सिर्फ पांच रन) में कोई मौका नही दिया। उसने अपने बाउंसरों का बेहतरीन इस्तेमाल किया। उसने हमें कुछ शॉट खेलने के लिए मजबूर किया और इससे विकेट हासिल किए। बांड ने कहा, हम बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट पर पावर प्ले में सिर्फ 29 रन बना सके लेकिन हमारा बल्लेबाजी क्रम लंबा है।

### मुंबई के खिलाफ मैच में आरसीबी के तेज गेंदबाज टॉप्ले का कंधा चोटिल हुआ

**बेंगलुरू।** खिलाडियो के चोटिल होने की समस्या का सामना कर ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले के दाहिना कंधे में चोट से रविवार को एक और झटका लगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच मे क्षेत्ररक्षण के दौरान टॉप्ले का कंधा खिसक (डिसलोकेट) गया। आरसीबी के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि इंग्लैड के इस खिलाड़ी की चोट की गंभीरता का पता स्कैन के नतीजे आने के बाद चलेगा। हेसन ने रविवार को टीम की जीत के बाद आरसीबी के यूट्यूब चैनल को बताया, दुर्भाग्य से उसका घुटना जमीन में फंस गया और वह अपने कंधे के बल गिर गया, जिससे उसका कंधा खिसक गया। टीम के चिकित्सक ने हालांकि उसी समय उपचार कर कंधे को उसकी जगह पर कर दिया। वह फिलहाल स्कैन कराने के लिए गए हुए है। हमें उम्मीद है कि शुरूआती रिपोर्ट चिंताजनक नही होगी और वह हमारे साथ बना रहेगा। अगर ऐसा नही हुआ तो हमे फिर कुछ और योजना बनानी होगी। उम्मीद है कि वह ठीक होगा। आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर रविवार को मुंबई इंडियंस पर आठ विकेट की जीत के साथ सत्र का शानदार आगाज किया। टॉप्ले अगर लंबी अवधि के लिए टीम से बाहर होते है तो वह दाएं हाथ के बल्लेबाज रजत पाटीदार और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तरह चोटिल खिलाड़ियों की सूची मे शामिल हो जाएंगे। पाटीदार एड़ी की चोट से जूझ रहे है और आईपीएल के कम से कम पहले भाग में नही खेल पाएंगे, हेजलवुड के पहले सात मैचों में खेलने की संभावना नही है।

### नटराजन से काफी प्रभावित हूं: लारा



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा तेज गेंदबाज टी नटराजन से बहुत प्रभावित हैं जिन्होंने चोट से वापसी पर इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में टीम के शुरूआती मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। राजस्थान की टीम ने इस मैच को 72 रन से जीता। नटराजन ने अपने शुरूआती ओवर में ही 17 रन लुटा दिए थे। उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी की और अगले दो ओवर में सिर्फ छह रन खर्च किए। वह चोट से वापस आ रहा है और वह अब अनुभवी गेंदबाज है। अपने शुरूआती ओवर के बाद उसने जिस तरह से वापसी की काफी प्रभावशाली था। हमारे गेंदबाजो ने आखिरी आठ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। एक समय ऐसा लग रहा था कि हम 225 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करेंगे लेकिन हम उन्हें (राजस्थान रॉयल्स) 200 रन के आसपास रोकने मे सफल रहे। इस मैच मे कुछ सकारात्मक चीजे थी। खिलाड़ी यहां से सुधार कर सकते है। लारा ने इस मौके पर पहले गेंदबाजी करने के फैसले का बचाव किया। हमने अभ्यास पिचों पर अभ्यास के बाद यह महसूस किया था कि यहां गेंद को अधिक उछाल मिल रहा है। यह सत्र का पहला मुकाबला था। टीम शिविर मे हमने महसूस किया था कि हमारी गेंदबाजी हमारा मजबूत पक्ष है , ऐसे मे हम उन पर शुरू मे दबाव बनाना चाहते थे।

### भुवनेश्वर और कटक में टेबल टेनिस अकादमी खोलेगा ओडिशा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर और कटक में टेबल टेनिस अकादमियो के अलावा राज्य भर मे टेबल टेनिस केंद्रों की स्थापना की घोषणा की है। पटनायक ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) और अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल से रविवार को मुलाकात के दौरान यह बात नही। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भुवनेश्वर और कटक में टेबल टेनिस अकादमी स्थापित करने के राज्य सरकार के फैसले की सूचना दी। साथ ही राज्य के सभी इंडोर हॉल में टेबल टेनिस ट्रेनिंग केंद्रों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने इस दौरान कोचिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम और ओडिशा में अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए मदद भी मांगी। प्रतिनिधिमंडल में आईटीटीएफ और आईटीटीएफ फाउंडेशन के अध्यक्ष पेत्रा सोर्लिंग, आईटीटीएफ फाउंडेशन के निदेशक लिएंड्रो ओलवेच, आईटीटीएफ फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक सौरभ मिश्रा और आईटीटीएफ फाउंडेशन की कार्यक्रम समन्वयक यूलिया टेपेनडोर्फ शामिल थे। सोर्लिंग ने इस दौरान मुख्यमंत्री को टेबल टेनिस फोर डेवलपमेंट हैंडबुक दी।

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियन नीतू के घर पहुंचे मुख्यमंत्री

**भिवानी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सोमवार को इस शहर के दौर पर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नीतू गंघास (48 किग्रा) के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नीतू से बातचीत की और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नीतू ने मुख्यमंत्री से घर के पास की गली बनाने का अनुरोध किया था। जिस पर खट्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियो को इसके नवीनीकरण करने के निर्देश दिए।

### न्यूकासल से हारा मैनचेस्टर ईपीएल में शीर्ष चार में जगह अनिश्चित

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मे न्यूकासल यूनाईटेड के खिलाफ 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ईपीएल मे शीर्ष चार पर रहने की टीम की उम्मीदों को झटका लगा है। ईपीएल मे शीर्ष चार मे रहने वाली टीमें यूरोप की शीर्ष क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करेंगी। आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी का पहले दो स्थान पर रहना लगभग तय है लेकिन मैनचेस्टर यूनाईटेड की हार के साथ बाकी दो स्थान के लिए दौड़ रोमांचक हो गई है। रविवार को न्यूकासल की ओर से जो विलोक और कैलम विल्सन ने दूसरे हाफ मे गोल दागे। इस जीत से न्यूकासल की टीम अंक तालिका मे तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मैनचेस्टर यूनाईटेड की टीम के भी न्यूकासल के समान अंक है लेकिन खराब गोल अंतर के कारण वह चौथे स्थान पर है। इन दोनों टीम से एक अंक पीछे टोटेनहैम दूसरे स्थान पर है लेकिन उसे सोमवार को एवर्टन से भिड़ना है।

### आईपीएल से हटे शाकिब, केकेआर करेगा विकल्प की मांग

**मुंबई।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने रविवार को आईपीएल की अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को बताया कि अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं और निजी कारणों से वह इस सत्र मे नही खेलेंगे। केकेआर अब उनके विकल्प की मांग करने की प्रक्रिया में है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार शाकिब ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और निजी कारणो से आईपीएल से बाहर रहने का फैसला किया है। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ पहला मैच भी नही खेले थे। केकेआर के नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोट के कारण आईपीएल से पहले ही बाहर है।

# दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों को करना होगा वार

● गुजरात के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन से ही लाभ

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली कैपिटल्स** की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब अपने घरेलू मैदान पर गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

दूसरी ओर, शुरुआती मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात देने के बाद गुजरात के हौसले बुलंद है। घुटने की गंभीर चोट के कारण केन विलियमसन के टूर्नामेंट से बाहर होने के बावजूद कागजों पर गुजरात टाइटन्स मजबूत है। दिल्ली कैपिटल्स को सत्र के शुरुआती मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 50 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में टीम को सबसे ज्यादा निराशा भारतीय तेज गेंदबाजों से हुई थी जो लखनऊ के बल्लेबाजों को परेशान करने में विफल रहे थे। चेतन सकारिया और मुकेश कुमार सटीक लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं लेकिन लखनऊ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को परेशान करने के लिए जरूरी गति और विविधता के मामले में दोनों काफी असरहीन थे। ऐसे में शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या को उनके खिलाफ रन बनाने में कोई परेशानी नहीं होगी। खलील अहमद ने शुरुआती मैच में गेंद से कुछ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन क्षेत्ररक्षण के मामले में वह फिसड्डी रहे है। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ कायल मायर्स का कैच टपकाया था जो टीम को काफी महंगा पड़ा था। दिल्ली के पास इशांत शर्मा जैसा अनुभवी गेंदबाज है लेकिन यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन ने 100 टेस्ट खेल चुके इस खिलाड़ी को सम्मान दिखाने के लिए आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ा। इशांत का इस्तेमाल इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर हो सकता है। दिल्ली के अभ्यास सत्र पर नजर रखने वालों का हालांकि मानना है कि उनकी गति और पैनापन में काफी गिरावट आई है। टीम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नोर्किया और लुंगी एंगिडी भारत पहुंच चुके है ओर मंगलवार के मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। ऐसे में कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली को चार विदेशी खिलाडियों के साथ टीम संयोजन बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। टीम तेज गेंदबाजी में पैनापन के लिए बाए हाथ के गेंदबाज सकारिया की जगह मुस्ताफिजूर रहमान को एकादश में मौका दे सकती है लेकिन इसके लिए रिले रोसो को बाहर बैठना पड़ेगा। बल्लेबाजी विभाग में कप्तान डेविड वार्नर चाहेंगे कि पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे भारतीय बल्लेबाज तेज गेंदबाजों का बेहतर तरीके से सामना करें। उन दोनों को मार्क वुड ने अपनी गति से परेशान किया था। टीम को मोहम्मद शमी और पंड्या के अलावा अल्जारी जोसेफ, यश दयाल और राशिद खान के खिलाफ तेजी से रन बनाने का तरीका खोजना होगा। रिपल पटेल, ललित यादव और अमन हकीम खान जैसे भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट का काफी अनुभव है लेकिन उन्होंने आईपीएल में मैच का रुख पलटने की क्षमता नहीं दिखाई है।



अभ्यास करती केकेआर की टीम

### गिल को कड़ी मेहनत से मुश्किल हालात में मदद मिलती है: विजय शंकर

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर विजय शंकर ने सोमवार को कहा कि शुभमन गिल को उनकी कड़ी मेहनत के करण अतीत में मुश्किल हालात से उबरने में मदद मिली है। भारतीय टीम की ओर से पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करने वाले गिल ने शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच विजई पारी खेली थी। विजय ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के आईपीएल मैच की पूर्व संध्या पर कहा, गिल प्रेरणादाई है और उसके साथ गुजरात तथा इससे पहले भारत ए में ड्रेसिंग रूम साझा करना सम्मान की बात है। वह शानदार खिलाड़ी है। वह कड़ी मेहनत करता है और इससे आपको मुश्किल हालात से निकलने में मदद मिलती है। कई लोगों का मानना है कि इंपेक्ट प्लेयर के नियम से ऑलराउंडरों की भूमिका पर असर पड़ेगा लेकिन विजय का मानना है कि उनके पास पर्याप्त कौशल है कि उन्हें टीम में चुना जाए। मैं बल्लेबाजी और गेंदबाजी का लुत्फ उठाता हूं ।

# अक्षर ऊपरी क्रम पर उतर सकता है

● पृथ्वी और सरफराज की समीक्षा एक मैच से नहीं होगी : गांगुली



भाषा। नई दिल्ली

**गुजरात टाइटंस** के खिलाफ आईपीएल मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि टीम प्रबंधन अक्षर पटेल को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। गांगुली ने कहा , उसकी बल्लेबाजी में सुधार आया है तो वह ऊपरी क्रम पर आएगा। उसने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अलग अलग पिचों पर शानदार बल्लेबाजी की। उम्मीद है कि वह हमारे लिए रन बना सकेगा। उन्होंने सपाट पिचों पर स्पिनरों की धुनाई को लेकर सहानुभूति जताई। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जब आकर उनकी गेंदों को पीटते हैं तो उनके लिए आसान नहीं होता। मायर्स, पूरन, रसेल और पावेल सभी टी20 क्रिकेट में काफी आक्रामक खेलते हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ पृथ्वी साव को परेशानी हो रही है लेकिन गांगुली ने कहा कि एक मैच के आधार पर आकलन नहीं होना चाहिए। हर किसी को तेज गेंदबाजों का सामना करना सीखना होगा। पृथ्वी ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाए हैं। एक अच्छी गेंद पर वह आउट हो गया। मिशेल मार्श भी जल्दी आउट हो गया जिसने पूरे जीवन तेज गेंदबाजी का सामना किया है। खेल में ऐसा होता है। यह पूछने पर कि क्या सरफराज खान पूरे सत्र खेल सकेंगे, गांगुली ने कहा , यह अच्छा सवाल है और आप कल देखोगे। अधिकांश टीमों को ऐसे विकेटकीपर चाहिए जो बल्लेबाजी कर सकें। सरफराज ने हजारे ट्रॉफी में विकेटकीपिंग की थी। उसने 20 ओवर ही विकेटकीपिंग की और इतनी जल्दी उसे लेकर कोई निर्णय नहीं देना चाहिए। हमारे पास ऋषभ पंत भी नहीं है।

# आईपीएल में कोचिंग करने की चुनौती का लुत्फ उठा रहे हैं गोंजाल्वेस

भाषा। नई दिल्ली



**ट्रेवर गोंजाल्वेस** पंजाब किंग्स के लिए चार साल तक उभरते हुए खिलाड़ियों को खोजने के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं और इस भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं। गोंजाल्वेस को कोचिंग का काफी अनुभव है। वह विदर्भ के मुख्य कोच की भूमिका निभाने के बाद पिछले साल असम के साथ जुड़े और टीम को विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिलाई। पंजाब में उन्हें दिग्गज जोंटी रोड्स की जगह लेनी होगी जो पिछले सत्र तक टीम के क्षेत्ररक्षक कोच थे। पचास साल के गोंजाल्वेस ने देश के संभवत: सबसे शानदार कोच में से एक के संदर्भ में कहा, मुझे हमेशा बड़े लोगों की जगह ही लेनी पड़ी है। विदर्भ में भी मैंने दिग्गज चंद्रकांत पंडित (अब कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच) की जगह ली थी। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारत अंडर-19 टीम के सदस्य रहे गोंजाल्वेस ने जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों की खोजा की जिन्होंने आईपीएल में छाप छोड़ी। उन्होंने इसके अलावा अब गुजरात टाइटंस से जुड़ चुके विदर्भ के दर्शन नालकंडेय और अर्थव ताइडे को भी पंत जीत के साथ जोड़ा। गोंजाल्वेस ने कहा, असम से जुड़ने से पहले मैंने विदर्भ टीम के कई खिलाड़ियों को चुना। मैंने आयु वर्ग के स्तर से जितेश और ताइडे की प्रगति पर नजर रखी। उन्हें प्रगति करते हुए देखना अच्छा है। उनका मानना है कि पिछले साल असम के साथ मिली सफलता से उनके आईपीएल में कोचिंग करने का रास्ता खोला। असम ने पिछले साल 50 ओवर के टूर्नामेंट में घरेलू क्रिकेट की कई बड़ी टीमों को हराया था जिसमें कर्नाटक भी शामिल है।

# बेंजेमा की हैट्रिक से मैड्रिड ने वलाडोलिड को 6-0 से हराया




भाषा। मैड्रिड

**करीम बेंजेमा** ने सात मिनट के अंदर तीन गोल कर के सत्र के आखिरी अल क्लासिको से पहले रियल मैड्रिड का बड़ी जीत दिलाई। रीयाल मैड्रिड ने रविवार को ला लीगा (स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग) में वलाडोलिड को 6-0 से करारी शिकस्त दी, जिससे कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में बार्सीलोना का सामना करने से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। रियाल मैड्रिड और बार्सीलोना के मुकाबले को अल क्लासिको के नाम से जाना जाता है। रीयाल मैड्रिड की टीम बुधवार को दूसरे चरण के मुकाबले (कोपा डेल रे ) के लिए बार्सीलोना की यात्रा करेगी। टीम को पहले चरण में 0-। से हार का सामना करना पड़ा था। फ्रांस के बेंजेमा ने रविवार को खेले गए मैच के 29वें, 32वें और 36वें मिनट में गोल कर के हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए अन्य गोल रोड्रिगो (22वां मिनट) , मार्को असेनिसो (73वां मिनट) और लुकास वाजकेज (90। मिनट) ने किए। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको ने एंजल कुर्रे के 86वें मिनट में किए गए गोल से रीयाल बेटिस को।-0 से हराया। विलारीयाल ने सोसिडाड को 2-0 से शिकस्त दी जबकि सेल्टा विगो को अल्मेरिया ने 2-2 की बराबरी पर रोका।

### लियोन ने पीएसजी, मोनाको ने स्ट्रासबर्ग को हराया

**पेरिस।** लियोन ने फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग (लीग वन) में तालिका में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को रविवार को यहां।-0 से हराकर उलटफेर किया। मैच का इकलौता गोल ब्रेडली बारकोला ने 56वे मिनट मे किया। पीएसजी की यह लगातार दूसरी और चैम्पियनशिप मे कुल पांचवी हार है। इससे अन्य टीमो को खिताबी मुकाबले मे अपनी स्थिति बेहतर करने का मौका मिल गया। इस हार के बाद पीएसजी की टीम दूसरे स्थान पर काबिज लेंस और मार्सीले से छह अंक आगे है और अभी नौ दौर के मैच बचे हुए है। एक अन्य रोमांचक मुकाबले मे मोनाको ने स्ट्रासबर्ग को 4-3 से हराया। टीम इस जीत के बाद तालिका मे चौथे स्थान पर पहुंच गई।

# मेदवेदेव मियामी ओपन चैंपियन बनें,सिनर हारे



भाषा। मियामी गार्डन्स

**डेनियल** मेदवेदेव ने मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में इटली यानिक सिनर को 7-5, 6-3 से हराकर साल का अपना चौथा एटीपी खिताब जीता। मेदवेदेव की सिनर के खिलाफ छह मैचों में यह छठी जीत है और इस साल अब तक खेले गए अपने 25 मुकाबलों में से उन्होंने 24 में जीत दर्ज की है। इस दौरान उनकी एकमात्र हार का सामना इंडियन वेल्स फाइनल में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज के खिलाफ करना पड़ा था। सिनर ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले के शुरुआती सेट में मेदवेदेव को कड़ी टक्कर दी लेकिन रूस के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में उन्हें कोई मौका नहीं दिया। इस साल का पांचवां खिताबी मुकाबला खेलने वाले मेदवेदेव इससे पहले रॉटरडैम, दोहा और दुबई में चैम्पियन बनें है। महिला युगल के फाइनल में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की जोड़ी ने लेयला फर्नांडीज और टेलर टाउनसेंड को 7-6, 6-2 से हराया।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के वेतन में होगा इजाफा

**मेलबर्न।** खिलाड़ी यूनियन के साथ पांच साल के समझौते के तहत क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपनी घरेलू टी20 लीग के लिए वेतन सीमा में 50 प्रतिशत और महिला राष्ट्रीय टीम के न्यूनतम और औसत वेतन में 25 प्रतिशत का इजाफा करने की तैयारी में है। पुरुष बिग बैश लीग (बीबीएल) में प्रत्एक टीम के लिए वेतन सीमा बढ़कर 30 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (20 लाख अमेरिकी डॉलर) हो जाएगी क्योंकि खेल के ऑस्ट्रेलियाई प्रशासक सर्वश्रेष्ठ स्थानीय प्रतिभा को अपने साथ जोड़े रखने का प्रयास करने के अलावा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी अपने यहां लाना चाहते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा, हमें पता है कि वैश्विक क्रिकेट के बदलते हुए परिवेश में बीबीएल को बेहद प्रतिस्पर्धी बनाए रखना सुनिश्चित करने की जरूरत है। को भुगतान में 66 प्रतिशत इजाफा करने की घोषणा करते हुए कहा कि विश्व चैंपियन टीम में शामिल शीर्ष अनुबंध धारक में राष्ट्रीय और महिला बीबीएल करार तथा भारत और इंग्लैंड में करार सहित सालाना 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कमाने की क्षमता है।